आज का मौसम
23.0⁰ अधिकतम तापमान
11.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 07.00
सूर्यास्त 05.19

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

पौष कृष्ण पक्ष दशमी, 06:50 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2082

रविवार, 14 दिसंबर 2025, वर्ष 6, अंक 257, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बोले- नक्सलवाद से किसी को फायदा नहीं होता - 12



शुल्क वृद्धि पर मेक्सिको के संपर्क में भारत, विशेष रियायतों की मांग की थी - 12




अमेरिकी सांसदों ने कहा कि भारत पर लागू 50 प्रतिशत शुल्क समाप्त करें ट्रंप - 13



दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी-20 में गिल की बल्लेबाजी पर होंगी नजरें - 14

## जोश-साहस-उमंग



देहरादून में शनिवार को भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में 157वीं पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय सेना के अभिन्न अंग बने 525 अधिकारियों ने हिस्सा लिया। समारोह में नव नियुक्त अधिकारियों में जोश, साहस और उमंग नजर आया। ● अमृत विचार

### सुप्रीम कोर्ट ने बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन मामले के आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई से इनकार कर की टिप्पणी

# ऐसे लड़कों को सबक जरूरी...कुछ समय जेल में रहने दो

नई दिल्ली, एजेंसी

● मुंबई में बीएमडब्ल्यू से महिला को डेढ़ किमी तक घसीटने का मामला



सुप्रीम कोर्ट ने 2024 में मुंबई में बीएमडब्ल्यू कार से टक्कर मारकर फरार होने के मामले में शिवसेना के पूर्व नेता के बेटे मिहिर शाह की जमानत याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया और कहा कि इन लड़कों को सबक सिखाने की जरूरत है। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने इस बात पर गौर किया कि आरोपी एक अमीर परिवार से ताल्लुक रखता है और उसके पिता राजेश शाह उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना के गुट से जुड़े रहे हैं।

पीठ ने शुक्रवार को जमानत याचिका पर सुनवाई से इनकार करते हुए कहा, उसने अपनी मर्सिडीज कार खड़ी की, बीएमडब्ल्यू कार निकाली, टक्कर मारी और फरार हो गया। उसे कुछ समय अंदर (जेल के) रहने दें। इन लड़कों को सबक सिखाने की जरूरत है। शाह की ओर से पेश वरिष्ठ वकील रेबेका जॉन ने कहा कि उच्च न्यायालय ने उन्हें मामले में मुख्य गवाहों के बयान दर्ज होने के बाद जमानत याचिका दायर करने की अनुमति दी थी। हालांकि, न्यायालय का रुख भांपते हुए उन्होंने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी, जिसके बाद उन्हें अनुमति दे दी गई। शाह (24) ने पिछले साल सात जुलाई को मुंबई के वर्ली इलाके में अपनी बीएमडब्ल्यू कार से एक दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी थी, जिसकी वजह से कावेरी नखवा (45) की मौत हो गई थी और उनके पति प्रदीप नखवा घायल हो गए थे। शाह को दो दिन बाद नौ जुलाई को गिरफ्तार कर लिया गया था।

### हाईकोर्ट ने कहा था- हादसे के समय आरोपी नशे में था

शाह ने बॉम्बे हाईकोर्ट के 21 नवंबर के जमानत देने से इनकार करने वाले आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने माना था कि हादसे के समय शाह बहुत ज्यादा नशे में था। उसने स्कूटर को टक्कर मारने के बाद भी कार नहीं रोकी और पीड़ित को अपनी गाड़ी के नीचे घसीटता हुआ ले गया। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि घटना के समय और उसके बाद आरोपी का व्यवहार ऐसा नहीं है, जिससे उसे जमानत देने का भरोसा किया जा सके। टक्कर भले ही गलती से हुई हो लेकिन इसके बाद आरोपी तेज रफ्तार में भाग गया। आरोपी की आगे की हरकतें साफ दिखाती हैं कि वह गिरफ्तारी और कानूनी नतीजों से बचना चाहता था। ड्राइवर के साथ सीट बदलना, अपने पिता को फोन करना, सबूतों से छेड़छाड़ करने या गवाहों को प्रभावित करने की मंशा को दर्शाता है।




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, मजदूरों का भविष्य और नए श्रम कानून व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### आतंकी संगठनों के 200 से अधिक मददगार हिरासत में

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को घाटी में चलाए गए एक व्यापक अभियान के तहत आतंकी संगठनों के लगभग 200 संदिग्ध मददगारों को हिरासत में लिया। पुलिस ने अन्य सुरक्षा बलों के साथ मिलकर श्रीनगर शहर सहित कश्मीर घाटी के कई इलाकों में आतंकियों के मददगारों के खिलाफ अभियान चलाया और कई स्थानों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान आतंकियों के लगभग 200 संदिग्ध मददगारों को हिरासत में लिया गया। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, ये मददगार आतंकवादियों को नकदी, आश्रय और अन्य बुनियादी ढांचा जैसी सहायता प्रदान करते थे।

# पंकज यूपी भाजपा के नए चौधरी

## सीएम समेत दोनों उप मुख्यमंत्री भी बने प्रस्तावक, आज समारोह में सौंपी जाएगी कमान

● पीडीए की काट में गैर-यादव पिछड़ा वर्ग को संदेश, कुर्मी समाज में मजबूत पकड़
7 बार सांसद, केंद्रीय मंत्री का अनुभव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** यूपी भाजपा को नया अध्यक्ष मिल गया है। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी की ताजपोशी तय हो गई है। शनिवार को उन्होंने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में अध्यक्ष पद के लिए चार सेट में नामांकन दाखिल किया। उनके खिलाफ किसी अन्य नेता ने नामांकन नहीं किया, जिससे उनका निर्विरोध निर्वाचन सुनिश्चित हो गया। औपचारिक घोषणा रविवार को डॉ. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विवि विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में केंद्रीय चुनाव अधिकारी और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल द्वारा की जाएगी। वह शनिवार रात लखनऊ पहुंच गए हैं।

नामांकन के दौरान मुख्यमंत्री योगी स्वयं पंकज चौधरी के प्रस्तावक बने। खास बात यह रही कि दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक भी प्रस्तावकों में शामिल रहे। इससे साफ संदेश गया कि संगठन और सरकार, दोनों स्तर पर पंकज चौधरी को पूर्ण समर्थन हासिल है। मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ महेंद्र नाथ पांडेय के अनुसार शनिवार तय समय में अध्यक्ष पद के लिए पंकज चौधरी का केवल एक नामांकन पत्र दाखिल हुआ। चार सेट में दाखिल नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी की समय सीमा पूरी हो गई, जिसके बाद निर्विरोध निर्वाचन की स्थिति साफ हो गई। उन्होंने बताया कि 80 सीटों पर राष्ट्रीय सदस्य पद के लिए भी नामांकन हुए हैं। कहीं चुनाव की नौबत नहीं आई है। सभी के चयन की घोषणाएं रविवार को होगी। महाराजगंज लोकसभा सीट से सात बार सांसद रहे पंकज चौधरी ने पार्षद के रूप में राजनीति की शुरुआत की थी। संगठन और चुनावी राजनीति में उनकी रणनीतिक समझ को लेकर उन्हें 'पूर्वांचल का चाणक्य' भी कहा जाता है। भाजपा नेतृत्व का मानना है कि पंकज चौधरी के नेतृत्व में संगठन को नई धार मिलेगी और वर्ष 2025 के पंचायत चुनावों से लेकर वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव तक पार्टी को मजबूती मिलेगी।



**लखनऊ :** भाजपा राज्य मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष के लिए नामांकन दाखिल करते पंकज चौधरी (**सबसे दाएं**)। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी और दोनों उप मुख्यमंत्री भी उपस्थित रहे।

### अनुशासन व समर्पण से निभाएंगे जिम्मेदारी : पंकज

पंकज चौधरी ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव संगठनात्मक लोकतंत्र की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व, प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वह पूरी निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ निभाएंगे।

### भाजपा के चौथे प्रदेश अध्यक्ष जो कुर्मी समाज से

पंकज चौधरी उत्तर प्रदेश भाजपा के ऐसे चौथे प्रदेश अध्यक्ष होंगे, जो कुर्मी समाज से आते हैं। इससे पहले विनय कटियार, ओम प्रकाश सिंह और स्वतंत्र देव सिंह इस समुदाय से अध्यक्ष रह चुके हैं। प्रस्तावकों की सूची भी स्मृति ईरानी, स्वतंत्र देव सिंह, सूर्य प्रताप शाही, एके शर्मा, दारा सिंह चौहान, कमलेश पासवान और असीम अरुण शामिल हैं। माना जा रहा है कि यह चयन समाजवादी पार्टी के पीडीए (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) समीकरण की काट के रूप में गैर-यादव पिछड़ा वर्ग को मजबूत संदेश देता है।

### राष्ट्रीय परिषद सदस्य के लिए भी निर्विरोध चुनाव

शनिवार को राष्ट्रीय परिषद के 80 सदस्यों के लिए भी नामांकन हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा स्मृति ईरानी, दारा सिंह चौहान, साध्वी निरंजन ज्योति, अजय मिश्रा टेनी समेत सभी प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए। ये सभी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में मतदाता होंगे। केंद्रीय पर्यवेक्षक विनोद तावड़े की मौजूदगी और केंद्रीय नेतृत्व की सक्रियता से स्पष्ट है कि प्रदेश संगठन को नया अध्यक्ष सर्वसम्मति और पूरी केंद्रीय मोहर के साथ मिला है।

# कोलकाता में मेसी के कार्यक्रम में तोड़फोड़, आयोजक हिरासत में



कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में तोड़फोड़ करते दर्शक। ● एजेंसी

कोलकाता, एजेंसी

● मुख्यमंत्री ने माफी मांग दिए जांच के आदेश
फुटबॉल खिलाड़ी मेसी पहुंचे थे एक इवेंट में
आयोजकों को वापस करने होंगे टिकट के पैसे

महान फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी के कार्यक्रम के दौरान शनिवार को यहां साल्ट लेक स्टेडियम में मची अफरा-तफरी कानून-व्यवस्था के बड़े मामले में तब्दील हो गई, जिसमें पुलिस ने कुप्रबंधन के आरोप में मुख्य आयोजक सताद्रु दत्ता को हिरासत में ले लिया, वहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए और फुटबॉल के इस दिग्गज खिलाड़ी को देखने से वंचित रह गए प्रशंसकों से माफी मांगी।

मेसी का विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन का बहुप्रचारित दौरा 2011 के बाद इस मैदान पर उनकी यह पहली उपस्थिति थी लेकिन यह एक अव्यवस्थित घटना बन गई। प्रशंसकों की भीड़ द्वारा सुरक्षा घेरा तोड़ने, तोड़-फोड़ और पुलिस के हस्तक्षेप से यह आयोजन फीका पड़ गया। इस कार्यक्रम को फुटबॉल के महानतम वैश्विक सितारों में से एक के उत्सव के रूप में प्रचारित किया गया था। मेसी तीन दिनों के भारत दौरे पर है जिसकी शुरुआत कोलकाता से हुई। घटना के बाद राज्य पुलिस के डीजी ने कहा कि सरकार ने जांच के लिए एक कमेटी बनाई है। जो टिकट बिके थे, आयोजकों को वापस करने होंगे।

### 50,000 दर्शक थे मैदान में

विश्व कप विजेता कप्तान मेसी अपने लंबे समय के साथी लुई सुआरेज और अर्जेंटीना के टीम के साथी रोड्रिगो डी पॉल के साथ सुबह करीब 11.30 बजे स्टेडियम पहुंचे। यहां 50,000 दर्शक मौजूद थे। वह आयोजकों, मशहूर हस्तियों और सुरक्षा कर्मियों की भीड़ में घिर गए, जिससे गैलरी में बैठे सामान्य दर्शक एक झलक देखने के लिए तरसते रह गए। कई ने शिकायत की कि वह विशाल स्क्रीनों पर भी साफ दिखाई नहीं दे रहे थे।

# वोट चोरी मामले में भाजपा के पूर्व विधायक समेत सात पर आरोप पत्र दायर

बेंगलुरु, एजेंसी

● आलंद विस सीट पर चुनाव में हुई गड़बड़ी में एसआईटी ने 22000 पन्नों की चार्जशीट तैयार की

कर्नाटक में 2023 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान आलंद निर्वाचन क्षेत्र में वोट चोरी की जांच कर रही एसआईटी ने सात लोगों को नामजद करते हुए आरोप पत्र दायर किया है, जिनमें भाजपा के एक पूर्व विधायक, उनका बेटा और करीबी सहयोगी शामिल हैं। एसआईटी ने बेंगलुरु में प्रथम अतिरिक्त मुख्य महानगरीय मजिस्ट्रेट के समक्ष यह आरोप पत्र दायर किया। आरोप पत्र कथित रूप से 5,994 मतदाताओं के नाम हटाने के प्रयासों से संबंधित है।

सीआईडी के सूत्रों के अनुसार, 22 हजार से अधिक पन्नों के आरोप पत्र में मतदाताओं के नाम हटाने के लिए कथित तौर पर अपनाई गई कार्यप्रणाली का विस्तृत विवरण दिया गया है। आरोप पत्र में आलंद से चार बार विधायक रहे सुभाष गुट्टेदार, उनके बेटे हर्षानंद गुट्टेदार, निजी सचिव टिप्पेरुद्रा, कलबुर्गी में स्थित डेटा सेंटर के तीन ऑपरेटर अकरम पाशा, मुकर्रम पाशा और मोहम्मद अश्फाक तथा पश्चिम बंगाल के बापी आद्या नामक व्यक्तियों के नाम शामिल हैं। इस मामले में बापी आद्या को गिरफ्तार किया गया था। उस पर अमेरिका के एक प्लेटफॉर्म से जुड़ी वेबसाइट ओटीपी बाजार संचालित करने का आरोप है, जो ओटीपी बाईपास सुविधा प्रदान करती थी। बाद में आद्या को जमानत पर रिहा कर दिया गया।

### पूर्व विधायक का बेटा बोला- उनके पिता व उन्हें फंसाया जा रहा

शनिवार को हर्षानंद ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उन्हें और उनके पिता को झूठे मामले में फंसाया गया है। इस बीच, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बेंगलुरु में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि ब है। उन्होंने बताया कि रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में वोट चोरी के खिलाफ बड़ी रैली का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों लोग हिस्सा लेंगे।

# मां के पास सो रही बच्ची को उठा ले गया भेड़िया

संवाददाता, बहराइच (कैसरगंज)





बच्ची की फाइल फोटो

● बहराइच के गोड़हिया मजरे जरूआ की घटना
● 13 घंटे बाद ही शूटरों ने भेड़िया को मार गिराया

**अमृत विचार :** बहराइच में भेड़ियों के आतंक ने जनजीवन प्रभावित सा कर दिया है। एक घटना से निजात मिलती नहीं कि दूसरी आतंकित कर दे रही है। नया मामला स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोड़हिया नंबर चार के मजरे जरूवा का है।

जहां शनिवार को तड़के घर के बरामदे में मां के बगल में सो रही एक साल की बच्ची को भेड़िया उठा ले गया। बच्ची के चीखने पर मां की नींद खुल गई और उसने शोर मचाया। इस पर लाठी-डंडे लेकर परिजन और ग्रामीणों ने उसका पीछा किया। भेड़िया गन्ने के खेत में छिप गया। तभी वन विभाग के शूटरों ने घटना के करीब 13 घंटे बाद भेड़िया को मार गिराया। बच्ची की तलाश के दौरान घटनास्थल से करीब डेढ़ किमी दूर गन्ने के खेत के किनारे मानव शरीर के अवशेष मिले। शनिवार की सुबह करीब चार बजे मां के पास सो रही एक वर्षीय बच्ची को भेड़िया जबड़े में दबाकर ले गया था। सूचना मिलने पर पुलिस व कैसरगंज रेंजर ओंकारनाथ यादव भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। शाम करीब पांच बजे वन विभाग के शूटरों ने उसे ट्रैक किया और गोदहिया नंबर चार में नदी के किनारे रेस्क्यू ऑपरेशन में भेड़िया मारा गया। प्रभागीय वनाधिकारी राम सिंह ने बताया कि कुछ हड्डियां मिली हैं।

# दिल्ली-एनसीआर में विकराल हुआ प्रदूषण, ग्रैप-तीन किया गया लागू

● वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने सख्ती बरतने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दिल्ली-एनसीआर में तीसरे चरण के तहत सख्त प्रतिबंध शनिवार को लागू किए। जिनमें पांचवी कक्षा तक के विद्यालयों में पढ़ाई हाइब्रिड मोड में कराया जाना और निर्माण एवं विध्वंस कार्यों पर प्रतिबंध लगाया जाना शामिल हैं।

सीएक्यूएम ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी का 24 घंटे का एक्यूआई 349 था, लेकिन हवा की धीमी गति, स्थिर वातावरण, मौसम संबंधी प्रतिकूल स्थितियों और प्रदूषकों के फैलाव की कमी के कारण यह शनिवार सुबह 10 बजे तक बढ़कर 401 हो गया। क्षेत्र में स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए सीएक्यूएम ग्रैप उप-समिति ने फैसला किया है। निर्माण कार्यों पर भी रोक रहेगी।

# ईरान ने नोबेल विजेता को किया गिरफ्तार



दुबई। ईरान ने नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी को गिरफ्तार कर लिया है। उनके समर्थकों ने यह जानकारी दी है। मोहम्मदी के नाम पर स्थापित एक संस्था ने कहा कि उन्हें राजधानी तेहरान से लगभग 680 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित मशहद में उस समय हिरासत में लिया गया था जब वह एक मानवाधिकार वकील की शोकसभा में भाग लेने गई थीं। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि अधिकारी मोहम्मदी को तुरंत जेल वापस भेजेंगे या नहीं, जहां वह सजा काट रही थीं।

## बदलाव

### 19 से संभावित सक्रिय विक्षोभ उत्तर भारत के मैदानी भागों में धुंध हटाएंगे, हिमालयी राज्यों में हिमपात की आस भी जगाएंगे

# अब एक के बाद एक एक्टिव होने जा रहे पश्चिमी विक्षोभ

संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचार:** सर्द होते मौसम के बीच पश्चिमी विक्षोभ एक के बाद एक सक्रिय होने जा रहे हैं। हालांकि अभी पहाड़ों पर हिमपात की संभावना नहीं है, अलबत्ता उच्च हिमालयी चोटियों पर हिमपात होगा। 19 दिसंबर को सक्रिय होने जा रहा विक्षोभ उत्तर भारत के मैदानी भागों में छाई धुंध हटाने समेत हिमालयी राज्यों में खासा असर डालेगा।

पश्चिमी विक्षोभ को लेकर इस बार दो बड़ी वजह हैं, जिनमें एक पर्वतीय क्षेत्रों में हिमपात है तो दूसरी, देश की राजधानी दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई महानगरों में छाया वायु प्रदूषण है, जो बारिश के धोए बिना छट नहीं सकता। इधर, दो दिन पहले सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ का असर प्रदेश के अधिकांश जिलों में बादलों के रूप में देखने को मिल रहा है, जबकि उत्तरकाशी, चमोली और बागेश्वर में हल्की बारिश की संभावना रविवार तक बने रहने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। मगर इसके बाद 18 व 19 दिसंबर आने वाले पश्चिमी विक्षोभों से मौसम में फेरबदल होने की बड़ी संभावना है। इसका असर 20 दिसंबर के बाद प्रदेश में नजर आएगा।

यह विक्षोभ बारिश व हिमपात भले ही कम करेगा, लेकिन ठंड में अधिक इजाफा कर जाएगा, ऐसा मौसम विभाग का मानना है। दिसंबर के अंत तक आने वाले पश्चिमी विक्षोभों को प्रभावित करने में मददगार साबित हो सकते हैं क्योंकि तब तक तापमान इतने गिर चुके होंगे, जो हिमपात के लिए अनुकूल वातावरण बना जाएंगे। मगर, हिमपात के लिए प्रभावशाली विक्षोभ का होना बेहद जरूरी है। मौसम के जानकारों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभों का बेसब्री से इंतजार है, जो पहाड़ों में हिमपात करे या न करे, लेकिन मैदानी भागों की वायु गुणवत्ता में सुधार लाने में सहयोग दे जाएगा।

### आने वाले विक्षोभों पर रहेगी पैनी नजर

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल के वरिष्ठ पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह के अनुसार, इस बार पश्चिमी विक्षोभ पर पैनी नजर है, जो कम से कम मैदानी भागों में छाए वायु प्रदूषण को हटाने में मददगार साबित हो सकते हैं। अब तापमान निरंतर गिर रहा है तो पहाड़ों पर दिसंबर के अंत तक बर्फबारी की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### शादी हाल से सामान चोरी करते दो को पकड़ा

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** बैंक्वेट हॉल से सामान चोरी करते हुए दो चोरों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। दोनों को जेल भेज दिया है। शुक्रवार की रात को गिरजाघर रोड पर स्थित बैंक्वेट हॉल में दो लोग घुस आए और उसके बाद वह वहां से तीन फायर सिलेंडर, एक चूल्हा स्टैंड लोहा, एक टेबल पंखा छोटा, तीन एलईडी लाइट खराबशुदा लेकर जा रहे थे। तभी दोनों पर को सामान ले जाते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। उसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मोहम्मद जकी पुत्र मीरा हुसैन निवासी हाशमपुर गोपाल की ओर से मुकदमा पंजीकृत कराया गया। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दोनों को कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया है।

### एसआईआर फार्मों की जांच में जुटे बसपाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मतदान बूथ पर बीएलओ की मौजूदगी में बहुजन समाज पार्टी द्वारा नियुक्त बीएलए ने एसआईआर फार्मों की जांच की। कांठ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पल्लूपुरा घोसी में बसपा जिला अध्यक्ष निर्मल सिंह सागर एडवोकेट, जिला सचिव करतार सिंह, जिला महासचिव राधेश्याम पाल, सेक्टर अध्यक्ष सतवीर सिंह सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जांच की। बसपा जिला अध्यक्ष निर्मल सिंह सागर एडवोकेट ने बताया कि जनपद मुरादाबाद के प्रत्येक बूथ पर पार्टी के बीएलए नियुक्त किए जा चुके हैं, जो सक्रियता से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिले की सभी विधानसभाओं में पार्टी पदाधिकारी बीएलओ से समन्वय कर फार्मों की जांच कर रहे हैं। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी व्यक्ति एक से अधिक फॉर्म न भरे और फॉर्म में माता-पिता से संबंधित सही व पूर्ण जानकारी अंकित हो।

### बैंक खाते पर लगी रोक हटवाने की मांग

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के वार्ड 22 निवासी निशा पत्नी शैलेंद्र कुमार ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि उसके बेटे पर एक मुकदमा दर्ज हुआ था । बैंक में संयुक्त रूप से बेटे के साथ उसका खाता है। खाते पर बिना उसकी जानकारी के रोक लगा दी गई है, जिससे उसे आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि हाई कोर्ट से समस्त कार्यवाही समाप्त कर दी गई है । कई बार बैंक में संपर्क कर स्थिति स्पष्ट की, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। उसने खाते से रोक हटवाने और मामले की जांच कराने की मांग की है।

# सैफनी नगर पंचायत चेयरमैन सहित 16 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, सैफनी

- दूसरे पक्ष ने भी दर्ज कराई रिपोर्ट पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार:** नगर पंचायत कार्यालय के पास शुक्रवार शाम जांच करने आई टीम के सामने ही सभासद पति व चेयरमैन पक्ष के बीच कहासुनी के बाद अचानक से धक्का-मुक्की हो गई थी। तहरीर के आधार पर दोनों पक्षों की ओर से 16 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें सैफनी चेयरमैन फैजान खान का नाम भी शामिल है।

लोगों ने बताया कि जांच के दौरान सभासद पति पंकज शर्मा अन्य सभासदों के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान चेयरमैन पक्ष के लोगों से कहासुनी होने लगी, जो बाद में धक्का-मुक्की में बदल गई। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने पंकज शर्मा की तहरीर के पर नगर पंचायत चेयरमैन फैजान खान, शाकिर, मुअज्जम, शाजेब, गोरे सहित तीन अज्ञात समेत आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। दूसरे पक्ष के राजीव ठाकुर की तहरीर पर पंकज शर्मा, हाजी शानू, अजीम, शब्बू, हाजी खुर्शीद व तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। दोनों पक्षों पर मुकदमा दर्ज होने के बाद भी मामला शांत नहीं हुआ। बताया रात में जांच स्थल के पास धार्मिक पुस्तक फटी पड़ी हुई पाई गई। जिसके बाद दोनों पक्ष शनिवार को थाने पहुंचे, लेकिन शाम तक इस मामले में अलग से कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी।

> मामला इतना बड़ा नहीं था, जितना इतूल दिया गया है। मात्र जांच के दौरान वहां लोगों के साथ खड़े थे। इसमें विवाद की कोई बात नहीं थी। मामले में मुकदमा दर्ज जरूर हुआ है, लेकिन मामले को सुलझा लिया जाएगा। – फैजान खान, चेयरमैन

### एसआईआर: बीएलओ के साथ मिलकर बीएलए करा रहे अनुपस्थित, शिफ्टेड मतदाताओं का सत्यापन

# बीएलओ व बीएलए के सत्यापन में चिह्नित होंगे घुसपैठिया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- किन्हीं कारणों से अब तक रह गए लोगों ने भी जमा किए फार्म

**अमृत विचार :** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में शनिवार को बूथों पर प्रशासन की ओर से ड्यूटी पर लगाए गए बीएलओ (बूथ लेवल आफिसर) और राजनीतिक दलों के द्वारा नामित बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) ने मिलकर सूची में से अनुपस्थित, शिफ्टेड और डुप्लीकेट मतदाताओं का सत्यापन किया। इसका उद्देश्य घुसपैठियों की पहचान करना रहा। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर बूथों पर दोनों की उपस्थिति में उन मतदाताओं ने भी अपना फार्म भरा जो किन्हीं कारणों से अब तक नहीं कर पाए थे।

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में हालांकि प्रशासन की ओर से 97 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा करने का दावा किया जा रहा है। लेकिन अभी भी बहुत से मतदाताओं का नाम सूची में न मिलने से वह परेशान रहे। निर्वाचन आयोग के द्वारा समय सीमा बढ़ाकर 26 दिसंबर तक करने के बाद ऐसे मतदाता भी शनिवार को बूथों पर अपना नाम सूची में तलाश कराने पहुंचे। वहीं बीएलओ ने भी मतदाताओं का सहयोग कर नाम तलाश कराने में जुटे। अपर जिलाधिकारी प्रशासन-उप जिला निर्वाचन अधिकारी संगीता गौतम ने बताया कि बूथों पर मतदाताओं के सत्यापन में बीएलओ लगाए गए हैं, जिस मतदाता ने गणना प्रपत्र नहीं जमा किया है वह भरकर बीएलओ को दे सकते हैं। राजनीतिक दलों के द्वारा नामित बीएलए भी बूथों पर बीएलओ के साथ मौजूद रहकर प्रक्रिया में सहयोग कर रहे हैं।



बूथों पर निरीक्षण करते भाजपा महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला। ● अमृत विचार

### बूथों पर पहुंचे भाजपा नेता, एसआईआर की जानकारी ली

मुरादाबाद, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी महानगर संगठन के प्रभारी व जिला सहकारी बैंक रामपुर के अध्यक्ष मोहनलाल सैनी व भाजपा महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला शनिवार को विशेष मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआइआर) को लेकर कटघर मंडल, दससराय मंडल, रामगंगा विहार, लाइनपार मंडल में बूथों पर पहुंचे। उन्होंने एसआईआर अभियान के बारे में जानकारी ली। नगर विधायक रितेश गुप्ता व भाजपा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की महानगर संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता ने भी मतदान केंद्रों पर जाकर एसआईआर अभियान के बारे में जानकारी ली। मोहनलाल सैनी ने कहा कि एसआइआर अभियान को लेकर विपक्ष अफवाह और झूठ फैला रहा है जबकि जागरूक मतदाता अपना गणना पत्र जमा करने में पीछे नहीं है। भाजपा प्रांतीय परिषद के नवनिर्वाचित सदस्य निमित जायसवाल ने कहा कि एसआईआर के दौरान अपात्र और फर्जी मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से बाहर कराए जाएं। इस दौरान नवदीप टंडन, शमी भटनागर, विशाल त्यागी, राजीव शर्मा, राहुल शर्मा, राजीव गुप्ता, राकेश शर्मा, देवेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# कोहरे में 14 वाहन टकराए, युवक की मौत, 10 लोग गंभीर घायल

### ईंटों से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली का टायर फटा, पीछे से आ रहे वाहन आपस में टकराए

संवाददाता, गजरौला

- हादसे के बाद हाईवे पर घंटों लगा रहा जाम
- पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर जाम खुलवाया

**अमृत विचारः** दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर शनिवार की सुबह घने कोहरे में शहवाजपुर डोर के निकट 14 वाहन आपस में टकरा गए। इन वाहनों में शामिल ट्रैक्टर की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। जबकि 10 लोग घायल हो गए। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। हादसे के बाद घंटों तक जाम लगा रहा। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारू कराया।

यह हादसा गजरौला थाना क्षेत्र में सुबह 8 बजे होना बताया जा रहा है। शहवाजपुर डोर से दिल्ली की तरफ ईंटें लेकर जा रहे ट्रैक्टर का पिछला पहिया फट गया जिससे उसने अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े युवक को रौंद दिया।



हादसे में क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

बताया जा रहा है कि जहां ट्रैक्टर का टायर फटा, वहां सड़क पर मैली पड़ी थी। ट्रैक्टर के पीछे से एक के बाद एक 14 वाहन टकरा गए। वाहनों में सवार इकरार, नईम, आदिल, अजीम समेत 10 लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे के बाद मौके पर लंबा जाम लग गया। जिसके चलते वाहन सवार लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जाम में फंसे रहे सैकड़ों वाहन

नेशनल हाईवे पर सड़क हादसे के बाद कई किलोमीटर दूर तक सैकड़ों वाहन जाम में फंस गए। हाईवे पर जाम लगने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन के माध्यम से क्षतिग्रस्त वाहनों को किसी तरह हाईवे से हटवाकर जाम सुचारू कराया। जब जाकर वाहन चालकों ने राहत की सांस ली।

## आज से चलेगी परीक्षार्थियों के लिए स्पेशल ट्रेन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रेलवे भर्ती परीक्षा 14 दिसंबर से 9 जनवरी तक कराई जाएगी। अभ्यर्थियों की सहूलियत के लिए रेल प्रशासन ने परीक्षा स्पेशल ट्रेन 14 दिसंबर से चलाने का निर्णय लिया है।

मुरादाबाद रेल मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि मुरादाबाद से देहरादून के लिए परीक्षा स्पेशल गाड़ी 04301 और 04302 चलाई जाएगी। जो मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला, बिजनौर, लक्सर, ज्वालापुर, हरिद्वार होते हुए देहरादून परीक्षा तिथियों के अनुसार जाएगी और वापसी में इन्हीं स्टेशनों से होते हुए लौटेगी। परीक्षा स्पेशल गाड़ी 04301 मुरादाबाद से 14 से 16 दिसंबर, 18 दिसंबर, 25 व 26 दिसंबर, 28 व 29 दिसंबर, 7 व 8 जनवरी को चलेगी। इसके अलावा देहरादून गाड़ी संख्या 04302 को 15 से 17 दिसंबर तक, 19 दिसंबर, 26 से 27 दिसंबर, 29 व 30 दिसंबर और 8 से 9 जनवरी तक निर्धारित समय सारिणी के अनुसार संचालित की जाएगी। इसका उद्देश्य परीक्षार्थियों को सहूलियत दिलाना है।

# एनआईए अधिकारी की हत्या के मामले में कोर्ट का खंडित फैसला

प्रयागराज,एजेंसी

- बिजनौर में एनआईए अधिकारी तंजील अहमद और उनकी पत्नी की गोली मार कर दी गई थी हत्या

इलाहाबाद उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के पुलिस उपाधीक्षक तंजील अहमद और उनकी पत्नी की बिजनौर में उनकी कार में गोली मारकर हत्या किए जाने के नौ साल पुराने मामले में खंडित फैसला दिया है। वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता ने आरोपी रैयान को बरी किए जाने के पक्ष में निर्णय दिया, जबकि इस पीठ के अन्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति हरवीर सिंह ने बिजनौर की अदालत के मई, 2022 के निर्णय को आंशिक रूप से बरकरार रखते हुए आरोपी की मृत्युदंड की सजा आजीवन कारावास में बदल दी। न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता ने कहा कि आरोपी के वकील ने गवाहों के बयान में महत्वपूर्ण चूक और विरोधाभास उजागर किया तथा आरोपी को बरी करने का निर्णय पारित किया।

उदाहरण के रूप में दिवंगत अधिकारी के भाई और बेटी ने प्राथमिकी दर्ज कराते समय हमलावरों के नाम उजागर नहीं किए थे। अलग अलग विचारों को देखते हुए इस मामले पर फिर से सुनवाई के लिए एक वृहद पीठ गठित करने के उद्देश्य से इसे मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली के पास भेज दिया गया है। इस मामले के दूसरे आरोपी मुनीर की मृत्यु हो चुकी है। तथ्यों के मुताबिक, अप्रैल, 2016 में एनआईए अधिकारी तंजील अहमद और उनकी पत्नी फरजाना, बिजनौर जिले के कस्बा सेवहरा में एक शादी में शामिल होने कार से गए थे। इसके अनुसार जब वे कार चला रहे थे तभी मोटरसाइकिल सवार दो हमलावरों रैयान और मुनीर ने कथित तौर पर उनकी कार ओवरटेक की और उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। इस घटना में तंजील की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि फरजाना ने 10 दिन बाद दम तोड़ दिया। निचली अदालत में तंजील के भाई रागिब मसूद, प्रत्यक्षदर्शी हसीब और तंजील की बेटी समेत कुल 19 गवाहों की गवाही हुई। 2022 में सत्र अदालत ने रैयान और मुनीर को मृत्यु दंड की सजा सुनाई थी।

# लोक अदालत में किया सुलह समझौते से वादों का निपटारा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- न्यायिक अधिकारियों के अलावा बैंक अधिकारी व बार पदाधिकारी मौजूद रहे

**अमृत विचार :** मंडल के सभी जिलों में शनिवार को लोक अदालतों में सुलह-समझौतों से वादों का निस्तारण किया गया। जनपद न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आरम्भ जनपद न्यायाधीश सैयद माऊज़ बिन आसिम ने किया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सुनित चन्द्रा, पीठासीन अधिकारी एमएसीटी संजय कुमार, पीठासीन अधिकारी लारा जैगम उददीन, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत निरंजन कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्वेता चौधरी सहित अन्य न्यायिक अधिकारी, बैंक अधिकारी और बार एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

जनपद न्यायाधीश ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मंच न्याय को आम जनता तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाता है। लोक अदालत में आपसी सुलह-समझौते के आधार पर मामलों का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। लोक अदालत में सुबह से ही जिला न्यायालय परिसर में वादकारियों की लंबी कतारें लगी रहीं। बैंक ऋण से जुड़े मामलों, यातायात चालान और बिजली बिल बकाया के मामलों में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। अपर जिला जज/सचिव मो. फिरोज ने बताया कि विभिन्न प्रकृति के 21 हजार 727 शमन योग्य वादों का निस्तारण किया गया। आरोपितों पर 7 लाख 86 हजार 910 रुपये अर्थदंड आरोपित किया गया। वैवाहिक एवं भरण पोषण संबंधी 25 मामलों का निस्तारण परिवार न्यायालय व अपर परिवार न्यायालय द्वारा आपसी सुलह समझौते के आधार पर कराया गया। उत्तराधिकार के कुल 5 मामले निस्तारित कर 50 लाख 31 हजार 963 रुपये के प्रमाण-पत्र जारी किए गए। लघु प्रकृति के मामले जैसे लेबर एक्ट, मोटर वाहन अधिनियम आदि से संबंधित मामलों का भी निस्तारण किया गया। मोटर वाहन दुर्घटना प्रतिकर से संबंधित कुल 101 मामलों का निस्तारण करते हुए पीड़ितों व उनके स्वजन को 9 करोड़ 27 लाख 30 हजार रुपये देने के आदेश दिए गए। विभिन्न बैंकों के ऋण संबंधी कुल 1235 मामलों का निस्तारण कर 2 करोड़ 49 लाख 40 हजार 98 की वसूली की गयी।

## कामरेड नफीसुद्दीन अहमद को दी श्रद्धांजलि

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने मार्क्सवादी चिंतक कामरेड नफीसुद्दीन अहमद की स्मृति में शनिवार को बुद्धि विहार में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की । अध्यक्षता कामरेड कमलेश चौहान ने की, जबकि संचालन जिला सचिव कामरेड थान सिंह ने किया।

प्रदेश सचिव कामरेड रविशंकर मिश्रा ने कहा कि कामरेड नफीसुद्दीन अहमद सर्वहारा समाज की खुशहाली के लिए जीवन भर संघर्ष करने वाले योद्धा थे। सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब सभी साथी वैज्ञानिक समाजवाद के निर्माण और पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए सक्रिय योगदान देंगे। कामरेड विक्रम सिंह ने कहा कि जमींदार परिवार में जन्म लेने के बावजूद उन्होंने शोषित और वंचित वर्ग के अधिकारों की रक्षा का रास्ता चुना और पूरी जिंदगी संघर्ष को समर्पित कर दी।

# विवाहिता का घर में फंदे पर लटका मिला शव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, ससुर और देवर गिरफ्तार
- जेठानी,ननद समेत पांच लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र के गांव बरबरा में 23 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव फंदे से लटका मिला। मायके पक्ष ने कटघर पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मृतका के पिता की ओर से दी गई तहरीर में ससुर नन्हें प्रधान और देवर माजिद के अलावा जेठानी, ननद, ननदोई के नाम दहेज हत्या की धाराओं में मुकदमा किया है।



मृतका शबीना।



जांच करती पुलिस व उदास परिजन। ● अमृत विचार

शनिवार को थाना डिलारी गांव ताजवाला मुस्तापुर निवासी वाजिद हुसैन ने कटघर थाने में तहरीर दी कि 18 जून 2025 को बेटी शबीना की शादी कटघर थाना क्षेत्र के बरबारा गांव के नन्हें प्रधान के बेटे आसिफ से की थी। तीन महीने पहले दामाद आसिफ काम के सिलसिले में सऊदी अरब चला गया था। आसिफ ने अपने पिता नन्हें से अपनी पत्नी शबीना का बैंक में खाता खुलवाने के लिए कहा था जिसका नन्हें समेत जेठानी, देवर माजिद और ननद ,ननदोई ने विरोध किया। शबीना और उसके पति के बीच आपसी प्रेम और समझ को लेकर ससुराल पक्ष नाराज रहता था, जिसके चलते शबीना को प्रताड़ना का सामना करना पड़ रहा था। शबीना के परिवार वालों का कहना है कि वह तीन महीने की गर्भवती थी और तभी से उसको प्रताड़ित किया जा रहा था। जिसको देखते हुए शबीना की छोटी बहन को ससुराल में उसके पास छोड़ दिया था। शनिवार सुबह चार बजे बरबारा गांव से फोन करके किसी ने बताया कि तुम्हारी बेटी की मौत हो गई है। मायके के लोग पहुंचे और घटना की सूचना पर पुलिस को दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। थाना कटघर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार यादव ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पिता की ओर से मिली तहरीर के आधार पर पांच लोगों के नाम दहेज हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। ससुर और देवर को पुलिस ने मौके से पकड़ लिया ,अन्य आरोपियों को जल्द पकड़ लिया जाएगा।

## ट्रक में घुसी कार दो लोग गंभीर रूप से घायल

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** गलत दिशा में जा रही कार ने ट्रक में घुस गई। कार में सवार दोनों लोग बुरी तरह से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से परिजन उन्हें जॉली ग्रांट रुद्रपुर ले गए।

शुक्रवार की रात वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे उत्तराखंड ऋषिकेश ढीली घेरा के निवासी योगेश नेगी पुत्र अनिल नेगी एवं रवि नागर पुत्र महावीर नागर निवासी पौड़ी गढ़वाल ऋषिकेश जैसे ही पाकबड़ा पहुंचे तो उनकी कार थाने के सामने से दिल्ली की ओर जाने के लिए गलत दिशा में पुल के ऊपर जा रही थी। सामने से आ रहे ट्रक में उनके कार जा घुसी। कार घुसते ही दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची 112 पीआरवी ने घायलों को कार से निकाला।

# नशे में धुत बस चालक ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, सवारियां घायल

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

- गुस्साए लोगों ने पथराव कर बस क्षतिग्रस्त कर दी
- चालक को पकड़कर पिटाई कर पुलिस को सौंपा

**अमृत विचार :** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के कांठ रोड के पीएसी चौराहे पर शनिवार को एक सड़क हादसे ने अफरा-तफरी मचा दी। मुरादाबाद से नगीना, धामपुर,नजीबाबाद की ओर जा रही एक रोडवेज बस के चालक ने नशे की हालत में लापरवाही से वाहन चलाते हुए एक ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा में बैठे कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। गुस्साए लोगों ने बस पर पथराव कर बस क्षतिग्रस्त कर दिया साथ ही चालक की पिटाई कर पुलिस को सौंपा।

पीएससी तिराहे पर मौजूद लोगों ने बताया कि बस चालक नशे की हालत में अनियंत्रित रफ्तार में बस



कांठ रोड पर खड़ी क्षतिग्रस्त बस।

चला रहा था। चौराहे पर उसने संतुलन खो दिया और ई-रिक्शा को सीधे टक्कर मार दी। टक्कर से ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कई सवारियों घायल हो गईं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद मौके पर गुस्साए लोगों ने बस को घेर लिया और तोड़फोड़ कर दी।इससे कुछ समय के लिए सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। थाना सिविल लाइन प्रभारी मनीष सक्सेना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। लोगों ने बस चालक को भी पकड़कर पीट दिया। पुलिस ने बस चालक को हिरासत में लेकर मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा। जहां चालक की प्रारंभिक जांच में चालक के नशे में होने की पुष्टि हुई है। बताया गया कि चालक का नाम प्रफुल्ल है। क्षतिग्रस्त बस को सड़क से हटवा कर थाने में खड़ा करा दिया गया, जिसके बाद यातायात सुचारू हो सका।

## हादसे में काशीपुर के युवक की मौत

**रामपुर, अमृत विचार :** रामपुर-बरेली हाईवे पर शनिवार सुबह सड़क हादसे में काशीपुर के युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों की सुपुर्दगी में दे दी।



मृतक साहब सिंह बाजवा।

काशीपुर के मल्होत्रा फार्म निवासी साहब सिंह बाजवा उर्फ साबी (35) के पिता बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती हैं। शनिवार की सुबह साहब सिंह बाजवा पिता से मिलने और खाना लेकर अस्पताल जा रहे थे। इसी दौरान रामपुर-बरेली हाइवे पर सड़क हादसे में उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों की सुपुर्दगी में दिया। वहीं हादसे की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया।

# 70 से अधिक आयु वर्ग के 25 तक हर हाल में बन जाएं आयुष्मान कार्ड

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सीएमओ ने कहा, धीमी प्रगति वाले ब्लॉकों में जिम्मेदार कर्मियों का वेतन रोका जाएगा

**अमृत विचार :** 70 वर्ष से अधिक आयु के पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाने की धीमी गति पर मुख्य चिकित्साधिकारी ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने चेतावनी दी कि जिन ब्लॉकों में कार्य की प्रगति संतोषजनक नहीं पाई जाएगी, वहां जिम्मेदार कर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी, जरूरत पड़ने पर वेतन भी रोका जाएगा। आयुष्मान भारत योजना सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने निर्देश दिए कि सभी ब्लॉकों को 25 दिसंबर तक 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी पात्र नागरिकों के आयुष्मान कार्ड हर हाल में बनवाने होंगे। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड न बनने से पात्र लाभार्थी उपचार सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं, जो पूरी तरह अस्वीकार्य है। यह योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लागू की गई है, इसलिए इसके क्रियान्वयन में ढिलाई गंभीर परिणाम ला सकती है। सभी ब्लॉकों को अपनी दैनिक प्रगति रिपोर्ट अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां भी तकनीकी समस्या, नेटवर्क बाधा या फील्ड से जुड़ी कोई दिक्कत सामने आए, उसे तत्काल उच्च स्तर पर भेजकर समाधान कराया जाए, ताकि कार्य बाधित न हो।

समीक्षा के दौरान यह भी स्पष्ट किया गया कि लक्ष्य से पीछे चल रहे ब्लॉकों की विशेष निगरानी की जाएगी। फील्ड टीम को घर-घर सर्वेक्षण तेज करने, दस्तावेजों के त्वरित सत्यापन और कार्ड वितरण की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इसके लिए मोबाइल टीमों और कैंपों का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए। सीएमओ ने कहा कि सभी ब्लॉकों को आपसी समन्वय के साथ काम करते हुए 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करना होगा। यह केवल एक प्रशासनिक लक्ष्य नहीं, बल्कि बुजुर्ग नागरिकों के स्वास्थ्य अधिकार से जुड़ा विषय है।

## शहर में आज

- आर्य समाज स्टेशन रोड पर साप्ताहिक यज्ञ व सत्संग प्रात: 8 :00 बजे
- रेल मंडल के अन्तरविभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल रेलवे स्टेडियम में सुबह 9 :15 बजे
- नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य मेला सुबह 10 :00 बजे
- काकोरी ट्रेन एक्शन के बलिदानियों के बलिदान की स्मृति में भाषण प्रतियोगिता आर्य समाज स्टेशन रोड पर 11 :00 बजे
- सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष व प्रदेश सरकार में मंत्री ओमप्रकाश राजभर की मुरादाबाद में संगठनात्मक बैठक दोपहर 3 :30 बजे

## न्यूज ब्रीफ

### श्रीराम के उद्घोष से शुरू हुई हनुमंत कथा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** संकट हरण श्री बालाजी दरबार के गुलजारीमल धर्मशाला में श्री बालाजी महोत्सव की ओर से हनुमंत कथा का शुभारंभ हो गया। कथा व्यास अभिषेक वशिष्ठ ने कथा का आरंभ श्री राम जय राम जय जय राम के जयघोष से किया। उन्होंने श्री बालाजी के जन्म का वर्णन करते हुए कहा जब माता अंजनी ने हनुमान जी को जन्म दिया तो धरती के सत्पुरुषों से लेकर देव लोक में देवता भी आनंद से झूमने लगे। इस मौके पर महंत रमेश वशिष्ठ, नरेश अरोरा, दीपक कश्यप, अनुराग, शुभम वशिष्ठ, भूपेश अरोरा, राकेश रस्तोगी, ललित, मनीष, तिवारी आदि मौजूद रहे।

### बीएलए ने एसआईआर फॉर्म किए चेक

**बिलारी, अमृत विचार :** विधानसभा के गांव हरोरा के बूथ संख्या 196- 197 पर बहुजन समाज पार्टी की ओर से बनाए गए बीएलए ने एसआईआर फॉर्म चेक किए। जिला अध्यक्ष निर्मल सिंह सागर, जिला सचिव करतार सिंह, जिला महासचिव राधेश्याम पाल, सदस्य जिला कार्यकारिणी राजेश सागर, विधानसभा अध्यक्ष रन सिंह भारती, विधानसभा सचिव राम खिलाड़ी, तहसील अध्यक्ष अंबेडकर युवक संघ डॉक्टर जगतपाल सिंह, ब्रह्मपाल सिंह, डॉक्टर विजयदीप, सतीश कुमार, जितेंद्र सिंह, मोहन सिंह आदि मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष ने बताया कि बीएलए प्रत्येक बूथ पर नियुक्त किए गए हैं।

# माल भेजने का झांसा देकर 6.48 लाख की ठगी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** माल भेजने का झांसा देकर एक युवक से 6 लाख 48 हजार 700 रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुआं खेड़ा खालसा, निवासी कपिल प्रताप सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसने आईटीसी लिमिटेड में ऑनलाइन आवेदन किया था, जिसकी फीस 37,500 रुपये बताई गई थी। इसके बाद उसे एक ई-मेल प्राप्त हुआ, जिसमें दिए गए मोबाइल नंबर से एक व्यक्ति ने संपर्क किया। उसने अपना नाम शुभंकर मिश्रा बताते हुए स्वयं को कंपनी का प्रतिनिधि बताया। आरोपी ने रजिस्ट्रेशन, लाइसेंस, जीएसटी और सॉफ्टवेयर शुल्क के नाम पर अलग-अलग धनराशि जमा कराने को कहा। पीड़ित के अनुसार रजिस्ट्रेशन उसकी माता सर्वेश कुमारी के नाम से किया गया। आरोपी के बताए गए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के खाते में 9 सितंबर 2025 से 11 अक्टूबर 2025 के बीच विभिन्न तिथियों में कुल 6,48,700 रुपये ट्रांसफर किए। पीड़ित का आरोप है कि उसे 5.50 लाख का सामान भेजने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन न तो कोई सामान भेजा गया और न ही राशि वापस की गई। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा साइबर सेल की मदद से संलिप्त लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है।

### चिकित्सकों के अनुसार ठंडी हवा और प्रदूषण के कारण दिल पर पड़ता है अतिरिक्त दबाव

# सर्द रातों में आप खर्राटे ले रहे तो हो जाएं सावधान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जिला अस्पताल के चेस्ट फिजिशियन की ओपीडी में हर रोज इस परेशानी के मरीज पहुंच रहे


चेस्ट फिजिशियन विभाग की ओपीडी में मरीज देखते डॉक्टर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** इन दिनों नींद के दौरान होने वाली सांस की दिक्कतों को हल्के में न लें। सर्दी और बढ़ते वायु प्रदूषण के बीच खर्राटों की समस्या तेजी से बढ़ रही है। जिला अस्पताल की ओपीडी में रोजाना 150 से 200 मरीज सांस से जुड़ी शिकायतों के साथ पहुंच रहे हैं। इसमें 15 से अधिक ऐसे मरीज पहुंच रहे हैं जो रात को सोते समय खर्राटे ले रहे हैं और सुबह को सांस लेने में दिक्कत हो रही है।

डॉक्टरों का कहना है कि तापमान गिरने से शरीर में वायु मार्ग संकुचित हो जाता है। साथ ही वातावरण में प्रदूषकों की मात्रा बढ़ जाती है। इसका असर नींद के दौरान सांस लेने पर पड़ता है। इससे कई लोगों में खर्राटों की समस्या इतनी गंभीर हो जाती है कि दिल पर अतिरिक्त दबाव पड़ने लगता है। जिला अस्पताल में चेस्ट फिजिशियन डॉ. प्रदीप वार्ष्णेय के अनुसार ठंड में नाक और गले की झिल्लियों में सूजन आ जाती है। इसके अलावा वायरल संक्रमण, एलर्जी व स्मॉग मिलकर सांस की नली में वायु प्रवाह को और कम कर देते हैं। ऐसे में खर्राटे बढ़ जाते हैं। कई बार यह ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया में बदल जाता है। इसमें नींद में सांस रुकने लगती है और दिल की धड़कन तेज हो जाती है। उन्होंने बताया कि बुजुर्ग, अधिक वजन वाले लोग और दिल या फेफड़ों की बीमारी से जूझ रहे मरीजों को इस मौसम में खासतौर पर सावधान रहने की जरूरत है। फिजिशियन डॉ. आशीष कुमार सिंह बताते हैं कि स्लीप एपनिया के मरीजों में बार-बार सांस रुकने से शरीर में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है। यह स्थिति लंबे समय तक रहने पर हाई बीपी, अनियमित धड़कन और दिल का दौरा पड़ने तक का खतरा बढ़ा सकता है।

**ऐसे रखें ध्यान**

- नाक खुली और शरीर को गर्म रखें।
- धूल, धुआं और स्मॉग से बचें, जरूरत हो तो मास्क पहनें।
- खर्राटों, सांस फूलने या नींद टूटने को नजरअंदाज न करें।
- वजन नियंत्रित रखें और सोने से पहले भारी भोजन न करें।
- समस्या बढ़ने पर तुरंत जांच कराएं ताकि दिल से जुड़ी जटिलताओं से बचाव हो सके।

# 1991 बच्चों ने दी जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा

### 80 सीटों के लिए 3007 छात्र-छात्राओं ने कराया था पंजीकरण,परीक्षा के दौरान बच्चों में रहा उत्साह


प्रवेश परीक्षा के बाद उत्तरों का मिलान करते बच्चे। ● अमृत विचार


चित्रगुप्त इंटर कॉलेज से प्रवेश परीक्षा देकर बाहर आते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बच्चों ने बताया अंक गणित, सामान्य ज्ञान के सवाल आए थे आसान

**अमृत विचार :** जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा-6 की 80 सीटों पर प्रवेश के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा शनिवार को शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा समाप्त होने के बाद केंद्रों से बाहर निकलते छात्र-छात्राओं के चेहरों पर परीक्षा को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रिया देखने को मिली। अधिकांश छात्र-छात्राओं ने प्रश्न पत्र में आए सवालों को आसान बताया।

परीक्षा के नोडल अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि जिले में 11 केंद्रों पर कुल 1991 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश परीक्षा दी, जबकि 1016 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा छोड़ दी। उन्होंने बताया कि कक्षा छह में प्रवेश के लिए 80 सीट पर परीक्षा कराई गई है। सनातन धर्म हिन्दू इंटर कॉलेज ठाकुरद्वारा, किसान इंटर कॉलेज जहांगीरपुर डिलारी, महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज कांठ, विद्या निकेतन इंटर कॉलेज भगतपुर टांडा, चित्रगुप्त इंटर कॉलेज मुरादाबाद, पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज मूंढापांडे, मदन स्वरूप इंटर कॉलेज हरियाणा कुन्दरकी, जे.एल.एम. इंटर कॉलेज कुंदरकी तथा बिलारी के तीन इंटर कॉलेज में परीक्षा कराई गई।जिलाधिकारी अनुज सिंह ने अधिकारियों को अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों पर मजिस्ट्रेट एवं उड़ान दस्ता के रूप में लगाए थे। परीक्षा को नकलविहीन और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर खंड विकास अधिकारी की तैनाती की गई थी। इसके साथ ही केंद्र व्यवस्थापक एवं पर्यवेक्षकों द्वारा कड़ी निगरानी रखी गई।चित्रगुप्त इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया, जहां मुरादाबाद नगर और ब्लॉक के छात्रों की परीक्षा कराई गई। नवोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष कुमार गौड़ ने बताया कि प्रवेश के लिए कराई परीक्षा में 75 प्रतिशत देहात के लिए आरक्षित है जबकि 25 प्रतिशत अनारक्षित है। वहीं 33 प्रतिशत छात्राओं के लिए सीट आरक्षित की गई है।

# सृष्टि के उद्धारक हैं श्रीराम और हनुमान: अर्द्धमौनी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- शिव बाबा अमरनाथ मन्दिर सराय खालसा में सुन्दरकाण्ड पाठ किया गया


कथा सुनाते धीरशान्त दास अर्द्धमौनी।

**अमृत विचार :** शिव बाबा अमरनाथ मन्दिर सराय खालसा में सुन्दरकाण्ड में कथा व्यास धीरशान्त दास अर्द्धमौनी ने बताया कि भगवान श्रीराम के सम्बन्ध से जो आनन्द होता है, वह शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध के प्राकृत सुख से विलक्षण होता है। कहा कि हनुमान जी ने लंकिनी पर मुष्टि प्रहार किया, लंकिनी के मुंह से खून बहने लगा, लेकिन उसे अत्यन्त आनन्द का अनुभव हुआ। उसे मालूम था कि जिसके मुष्टि प्रहार से वह व्याकुल हो जायगी, वह भगवान का कोई भक्त होगा। भगवान श्री राम और हनुमान की लीला श्रवण से समस्त सृष्टि का उद्धार होता है।

कथावाचक ने कहा कि जो मनुष्य कभी भी नकली वेष नहीं बनाता और दूसरों से उद्दण्ड व्यवहार नहीं करता, कभी दूसरों के सामने अपने पराक्रम की डींग नही हांकता, अत्यंत क्रोध से व्याकुल होने पर भी दूसरों को कटुवचन नहीं बोलता, वही मनुष्य सदा ही सबका प्यारा होता है। सत्संग की रुचि तो हमारे अन्दर रहती है, लेकिन अपने मन की नहीं छोड़ते। हमारा काम तो तभी बनेगा, जब सत्संग में सुनी हुई बातों को हम मानेंगे, आचरण में लायेंगे। बाधा यह है कि हम स्वाभाविक ही पसन्द तो संसार को करते हैं और चाहते भगवत्प्राप्ति हैं। राजीव गुप्ता, सुनीता गुप्ता, अंशिका गुप्ता सिक्का, अंकुश सिक्का, शिक्षा जायसवाल, अर्पित गुप्ता, तिलकराज सिक्का, रीता सिक्का, अरविन्द जायसवाल, राकेश गुप्ता, शिवकुमार गुप्ता, विनीता गुप्ता, अयान गुप्ता, हर्षित गुप्ता, निहारिका गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# भागवत में राजा परीक्षित जन्म की कथा सुनाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने किया कथा का रसपान


आचार्य व्योम त्रिपाठी।

**अमृत विचार :** रामगंगा विहार स्थित स्थित एक बैंक्वट हॉल में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में शनिवार को कथाव्यास आचार्य व्योम त्रिपाठी ने मंगलाचरण, भीष्म स्तुति, राजा परीक्षित जन्म की कथा सुनाई।

आचार्य व्योम त्रिपाठी ने बताया कि भगवान शिव की अनुमति लिए बिना उमा अपने पिता दक्ष द्वारा आयोजित यज्ञ में पहुंच गईं। यज्ञ में भगवान शिव को आमंत्रण व सम्मान न दिए जाने पर सती ने यज्ञ कुंड में अपने शरीर की ही आहुति दे दी। इससे क्रोधित होकर भगवान शंकर ने राजा दक्ष का शीश धड़ से अलग और उनके गणों ने यज्ञ विध्वंस कर दिया। ध्रुव कथा प्रसंग में बताया कि सौतेली मां द्वारा अपमानित होकर बालक ध्रुव कठोर तपस्या के लिए जंगल को चल पड़े। बारिश, आंधी-तूफान के बावजूद तपस्या न डिगने पर भगवान प्रगट हुए और उन्हें अटल पदवी दी। ऋषभ देव कथा सुनाते हुए कहा कि वह अपने पुत्रों को गोविंद का भजन करने का उपदेश देकर तपस्या को वन चले गए। जड़ भरत को हिरनी के बच्चे से अत्यंत मोह हो गया। नतीजे में उन्हें मृग योनि में जन्म लेना पड़ा। विनोद गुप्ता, मीनू गुप्ता, चिराग गुप्ता, चेरी गुप्ता, डॉ. शशि अरोड़ा, अशोक अरोड़ा, निमित जायसवाल, नलिन गुप्ता, प्राची गुप्ता, संगीता गुप्ता, गिरीश गुप्ता, गीता, ज्योति, संगीता, शालिनी, रेखा आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षा व सांस्कृतिक गतिविधियों से होता है बच्चों का विकास

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** क्रिप्टन पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव नवरस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उन्होंने समारोह में उपस्थित छात्र-छात्राओं, अध्यापकों और अभिभावकों को संबोधित किया। कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। "नवरस" जैसे आयोजन बच्चों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और संस्कारों को सशक्त बनाते हैं। शिक्षा धनोपार्जन के लिए नहीं है। यह समाज सेवा के लिए है। सभी को शिक्षित होकर स्वयं विकसित होने के साथ ही समाज को भी विकसित करने में अग्रणी योगदान देना चाहिए। किसी भी क्षेत्र के विकास का मुख्य मूलमंत्र शिक्षा है। इसे ग्रहण कर अपना तथा अपने क्षेत्र का विकास किया जा सकता है। उन्होंने कहा शिक्षित व्यक्ति समाज और राष्ट्र का प्रतीक होता है।

# स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में टीएमयू की टीम विजेता


चेक के साथ टीएमयू की टीम के सदस्य व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन की सॉफ्टवेयर श्रेणी में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की टीम सोलर मास्टर्स ने स्वदेशी फॉर आत्मनिर्भर भारत में रिन्युएबल एंड सस्टेनेबल एनर्जी प्रॉब्लम पर लगातार 36 घंटे में तीन मेंटरिंग सेशन और तीन इवेल्यूएशन सेशन में मनवाया प्रतिभा का लोहा। विजेता टीम को डेढ़ लाख रुपए के चेक से सम्मानित किया गया।

टीएमयू के कुलाधिपति सुरेश जैन, जीवीसी मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन ने इस मेधावी टीम के साथ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी को बधाई देते हुए कहा कि हमें सीसीएसआईटी और सीओई के स्टूडेंट्स पर नाज़ है। उन्होंने विजेता टीम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। इस टीम के मेंटर्स सीओई के प्रशान्त कुमार और सीसीएसआईटी की डॉ. प्रीति रानी हैं। विजेता टीम में सीसीएसआईटी के विद्यार्थी टीम लीडर रजत विश्नोई, युवराज विश्नोई, सादगी कुमारी, संदीप शर्मा, रूपेश कुमारी औल सीओई की रिया जैन शामिल रहे हैं। इस टीम ने मेटाहेरिस्टिक-आधारित डुअल एक्सेस सोलर ट्रेकर सौर पैनल प्रणाली विकसित की है। इसके जरिए सोलर पैनल को सूर्य की दिशा के अनुसार घुमाया जा सकेगा, जिससे पैनलों पर असमान रूप से छाया पड़ने पर भी अधिकतम विद्युत प्राप्त की जा सके।

# रुक्मणी अकादमी की टीम ने जीता अंडर-16 क्रिकेट लीग का फाइनल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


ट्राफी के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

- द नेक्स्ट जनरेशन अकादमी को 6 विकेट से हराया, अशरफ रजा मैन ऑफ द मैच

**अमृत विचार :** अवस्थी मेमोरियल कमेटी और डीएसए की ओर से आयोजित अंडर-16 इंटर क्लब क्रिकेट लीग का फाइनल में शनिवार को रुक्मणी क्रिकेट अकादमी ने द नेक्स्ट जनरेशन को 6 विकेट से हराया।

आईएफटीएम विश्वविद्यालय के क्रिकेट मैदान पर खेले फाइनल मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए द नेक्स्ट जनरेशन क्रिकेट अकादमी ने 39.3 ओवर में 175 रन बनाए।अरीब कमाल और शम्स अली ने 28-28 रन , मोहम्मद कैफ ने 23 रन बनाए। देव पैसल ने 3 विकेट झटके, वहीं अंश गौतम और मोहम्मद अरीब ने 2-2 विकेट लेकर विपक्षी टीम को बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रुक्मणी क्रिकेट अकादमी ने 36.2 ओवर में मात्र 4 विकेट खोकर 176 रन बनाते हुए जीत हासिल कर ली। अशरफ रजा ने नाबाद 73 रन की बेहतरीन पारी खेली। कप्तान मोहम्मद कैफ ने 41 रन और श्रीयांश यादव ने 34 रन का योगदान दिया। द नेक्स्ट जनरेशन क्रिकेट अकादमी की ओर से आजाद सिंह, यथार्थ और कृष्णा यादव ने 1-1 विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच और बेस्ट बैट्समैन ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब अशरफ रजा को मिला। बेस्ट बॉलर ऑफ द टूर्नामेंट मोहम्मद अरीब और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार मोहम्मद कैफ को दिया गया।

फाइनल मुकाबले में पूर्व रणजी खिलाड़ी एवं डीएसए के सचिव विजय गुप्ता रहे। उनके साथ आईएफटीएम विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर अभिनव कोठीवाल और खेल निर्देशक वैभव त्रिवेदी रहे। अंपायर की भूमिका हरदेव सिंह और राहुल कुमार ने निभाई, जबकि स्कोरर साकिब पाशा रहे। इस अवसर पर क्रिकेट कोच बदरूद्दीन सिद्दीकी, डॉ. कुशल पाल सिंह, नजाकत अली, मोहम्मद हसीन, मोहम्मद शाहिद आद रहे।

# कैंपों में नहीं हो रहा बिलों में सुधार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बिजली उपभोक्ता परेशान, नहीं हो पा रहा समाधान

> राहत बिल योजना को वास्तव में राहतकारी बनाने और केवल वसूली के बजाय गलत बिलों का संशोधन, मीटर संबंधी शिकायतों और अन्य समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि उपभोक्ताओं को वास्तविक राहत मिल सके। ऐसा अगर किसी कैंप में नहीं हो रहा है तो गलत है। सभी उपभोक्ताओं की बिजली से संबंधित समस्याओं को समाधान किया जाएगा।
> – **प्रशांत कुमार**, अधीक्षण अभियंता नगरीय

**अमृत विचार :** बिजली विभाग द्वारा लगाए जा रहे राहत बिल योजना के कैंपों में उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान होता नजर नहीं आ रहा है। कैंपों में गलत बिजली बिलों के संशोधन की मांग लेकर पहुंच रहे उपभोक्ताओं को केवल आश्वासन देकर वापस भेजा जा रहा है। राहत बिल योजना के नाम पर उपभोक्ताओं को दिलासा तो दिया जा रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है।

शनिवार को मोहल्ला नबावपुरा निवासी रामप्रसाद प्रजापति ने बताया कि कई बार कैंप में बिल को संशोधित कराने के लिए चुका हूं लेकिन हर बार अधिशासी अभियंता के कार्यालय में प्रार्थना पत्र देने की बात कही जाती है । अधिशासी अभियंता के कार्यालय में भी दो बार गया लेकिन वहां वह मिलते ही नहीं।वहीं दीवान का बाजार निवासी रमेश आहूजा का मासिक बिल दो महीने पहले तक एक हजार से 1200 के बीच आता थो पिछले दो महीने से 3500 से लेकर 4 हजार रुपये तक बिल आया है दीवान का बाजार विद्युत उपकेंद्र लगे कैंप में बिल संशोधन की बात सुनने को तैयार नहीं हैं केवल बिल जमा करने की बात कही जा रही है।

जबकि विभाग की ओर से दावा किया जा रहा है कि राहत बिल योजना के अंतर्गत उपभोक्ता बिना ब्याज के बकाया बिल जमा कर सकते हैं और उनकी सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा, लेकिन कैंपों की हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। जबकि गलत रीडिंग,अधिक बिल और अन्य तकनीकी खामियों पर कोई सुनवाई नहीं हो रही। गलत बिलों के चलते आर्थिक रूप से परेशान उपभोक्ता राहत की उम्मीद लेकर कैंपों में पहुंचते हैं, लेकिन निराश होकर लौटने को मजबूर हैं।

# जिला अस्पताल में 40 जरूरतमंदों को बांटे कंबल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में ठंड से राहत देने के उद्देश्य से शनिवार को निराश्रित मरीजों, आउटसोर्सिंग के तहत कार्यरत सफाई कर्मचारियों और दो चौकीदारों समेत कुल 40 जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए।

सीएमएस डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी अनुज सिंह और अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ममता मालवीय की ओर से कंबल उपलब्ध कराए गए थे। जिला प्रशासन के निर्देश पर अस्पताल प्रशासन ने सूची तैयार कर वास्तविक जरूरतमंदों को प्राथमिकता के आधार पर कंबल वितरित किए ताकि ठंड के मौसम में किसी को असुविधा न हो। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर राहत और संतोष साफ दिखाई दिया। अपर निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता ने कहा कि ठंड के मौसम में निराश्रित मरीजों और सीमित संसाधनों में कार्य करने वाले कर्मचारियों को सहयोग देना प्रशासन की प्राथमिकता है। इस तरह के कार्यक्रम न केवल जरूरतमंदों को राहत देते हैं, बल्कि समाज में संवेदनशीलता और सेवा भावना को भी बढ़ावा देते हैं। इस दौरान चीफ फार्मासिस्ट संदीप बडोला, आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. एसएस कक्कड़, हेमंत चौधरी, आशुतोष त्यागी आदि रहे।




# खेत की मेड़ तोड़ने पर होगी कठोर कार्रवाई

## थाना दिवस में एसडीएम ने लेखपालों और कानूनगो को दिए निर्देश, ऐसे मामलों में करें शिकायत

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** थाना परिसर में थाना समाधान दिवस में एसडीएम ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान मेड़ तोड़ने के मामले में उन्होंने लेखपाल और कानून को सख्त निर्देश दिए। कहा कि यदि कोई खेत की मेड़ तोड़ता है तो तत्काल ही इसकी सूचना कोतवाली और उन्हें दें। साथ ही उनके खिलाफ़ एफ़आईआर भी पंजीकृत कराएं।

शनिवार को थाना समाधान दिवस में एसडीम विनय सिंह ने लोगों की शिकायतें सुनीं। ज्यादातर शिकायतें चकरोड और मेड़ तोड़ने की रहीं। एसडीएम विनय सिंह ने लेखपालों और कानूनगो के अलावा पुलिस को सख्त निर्देश दिए कि यदि कहीं भी कोई व्यक्ति मेड़ तोड़ता है तो उसके खिलाफ तत्काल ही कठोर कार्रवाई करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लेखपाल ऐसे मामलों में तुरंत उन्हें सूचित करें किसी भी तरह का विवाद न हो। इसके कुछ भूमि संबंधी मामले भी आए। कुल 11 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया साथ ही शेष शिकायतों के लिए संबंधित अधिकारियों की टीम गठित कर मौके पर भेज दिया गया। एसडीएम ने कहा कि शिकायतों को सही ढंग से निस्तारित किया जाए ,किसी भी हाल में शिकायतकर्ता के साथ अन्याय ना हो उसे बार-बार तहसील के चक्कर न लगाने पड़े। इसलिए शिकायतों को गुणवत्ता के साथ निस्तारित करें। दिवस में पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह के अलावा कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप मलिक, लेखपाल और कानूनगो मौजूद रहे।

**• 11 शिकायतों में दो का मौके पर किया गया निस्तारण**



शिकायतें सुनते एसडीएम विनय सिंह, सीओ अशोक कुमार सिंह। • अमृत विचार

### आबादी के बीच सूअर पालन से ग्रामीण परेशान

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के ग्राम बुद्दनगर में आबादी के बीच किए जा रहे सूअर पालन को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। इस संबंध में गांव के राम अवतार उर्फ सहदेव पुत्र मनफूल सिंह ने थाना दिवस में शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि गांव निवासी कैलाश उनके मकान की दीवार से सटाकर करीब आठ माह से सूअर पालन कर रहा है। बदबू के रहना दूभर हो गया है। कई बार आरोपी को सूअर पालन आबादी से बाहर करने के लिए कहा तो वह धमकी देता है। पीड़ित ग्रामीणों ने आबादी के बीच चल रहे सूअर पालन को तत्काल हटवाने की मांग की ।

### शिकायती पत्र की जांच करने पहुंची राजस्व टीम

भगतपुर, अमृत विचार : गांव वीरपुर फतेउल्लापुर निवासी नसीरुल्ला ,अबरार हुसैन, इकरार हुसैन, इक़रार हुसैन, दुल्लो , मुख्तार ने जमीन का हिस्सा कुछ दिन पहले मोहम्मद इल्यास , जाहिद अली, अमीरअख्तर, आरिफ अहमद, नबीहसन,रिजवान अली, अकरम अली को बेच दिया था। कुछ ग्रामीणों ने समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि खसरा संख्या 65 व 67 के आसपास नहर की जमीन है जिसके कुछ हिस्से को तोड़कर निर्माण कराया जा रहा है। उप जिलाधिकारी ने तीन कानूनगो ओर तीन लेखपालों की एक टीम गठित की। राजस्व विभाग गठित टीम ने शुक्रवार को पैमाइश की। लेखपाल हरी सिंह ने बताया कि पैमाइश कर ली गई है। रिपोर्ट उपजिलाधिकारी को सौंपेंगे। जो भी आदेश आएगा उसीके अनुसार कार्रवाई होगी।

## धार्मिक स्थल की भूमि कराई कब्जा मुक्त



जमीन कब्जा मुक्त कराती राजस्व टीम। • अमृत विचार

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम शेखुपुरा इंतजाम अली में चामुंडा मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत पर तहसील प्रशासन ने पैमाइश कराकर लगभग आधा बीघा भूमि कब्जा मुक्त करा दी है। गन्ना कटवा कर गोशाला को सौंप दी है। तहसील क्षेत्र के ग्राम शेखूपुर इंतजाम अली में गाटा संख्या 228 पर गांव के ही राजवीर पुत्र मुख्तार सिंह ने पिछले लगभग 5 दशकों से चामुंडा की लगभग आधा बीघा भूमि पर अवैध कब्जा कर गन्ने की फसल बो रखी थी। गांव के ही देवेंद्र पुत्र रघुवीर सिंह आदि ग्रामीणों ने तहसील समाधान दिवस में शिकायत कर चामुंडा स्थल की भूमि कब्जा मुक्त कराने की मांग की थी। तहसील समाधान में की गई शिकायत के आधार पर राजस्व टीम ने ग्राम शेखूपुर पहुंचकर कब्जे स्थल की भूमि की पैमाइश कर चामुंडा स्थल की भूमि पर कब्जा पाया। राजस्व टीम ने चामुंडा की भूमि पर बोई हुई गन्ने की फसल को कटवा कर भूमि को कब्जा मुक्त कराया। गन्ने की फसल कान्हा गौशाला गोविंदपुर को सौंप दी गई है। ग्रामीणों ने इस संबंध में कब्जा धारक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

**• आधा बीघा भूमि पर कब्जा कर गन्ने की फसल बो रखी थी**

## न्यूज ब्रीफ

### तेजस हॉस्पिटल को मिला एनएबीएच प्रमाण पत्र



**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** तेजस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल को एनएबीएच प्रमाणपत्र मिला है। 150 बेड के इस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में ओपीडी, आईपीडी, इमरजेंसी और क्रिटिकल केयर जैसी सभी सेवाएं अत्याधुनिक उपकरणों के साथ उपलब्ध हैं। हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. बलराम सिंह ने बताया कि हाल ही में अस्पताल ने एक अत्याधुनिक अमेरिकन-मेड लेप्रोस्कोपिक मशीन की मदद से एक जटिल पित्ताशय (गॉलब्लैडर) का ऑपरेशन किया। बताया कि नि:शुल्क चिकित्सा शिविरों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ रहे हैं।

### शादी का झांसा देकर युवती का किया शारीरिक शोषण

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** शादी का झांसा देकर लंबे समय तक शारीरिक शोषण करने के वाद युवक ने शादी करने से इनकार कर दिया ।पीड़ित युवती ने पुलिस को तहरीर दी। जनपद रामपुर के थाना दढियाल क्षेत्र के गांव निवासी युवती ने शिकायती पत्र में कहा कि आरोपी ने शादी करने का आश्वासन देकर नजदीकियां बना लीं। कई बार उसे अलग-अलग स्थानों पर बुलाकर शारीरिक संबंध बनाए। अब टालमटोल करने लगा। बाद में जानकारी हुई कि आरोपी की शादी किसी अन्य युवती से तय हो गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी।

### कच्ची शराब के साथ युवक दबोचा

**ठाकुरद्वारा,अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक को गिरफ्तार कर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शनिवार को कोतवाली पुलिस उपनिरीक्षक सुरेश चन्द्र गौतम हैड कांस्टेबल कृष्णवीर, कांस्टेबल अरविंद सैनी के साथ ग्राम महमूदपुर केशो में शांति व्यवस्था को लेकर गश्त कर रहे थे तभी दस लीटर कच्ची शराब के साथ एक व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पुलिस ने पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम राजेंद्र कुमार निवासी महमूदपुर केशो बताया।

## एल्यूमिनी मीट में मिले वर्षों पुराने दोस्त



पारकर इंटर कॉलेज में कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व छात्र। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

**अमृत विचार :** पारकर इंटर कॉलेज में एल्यूमिनी मीट का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बेंगलुरु से पधारे विशप डॉ.अनिल कुमार जौन सरवंद रहे। आयोजनकर्ता पारकर एक्जीक्यूटिव कमेटी के चेयरमैन अजय शाह द्वारा कमेटी के सभी सदस्यों को मंच पर आमंत्रित किया गया।

प्रधानाचार्य एस. के. नेथन ने लोगों को संबोधित किया। पारकर के वर्तमान छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किए। प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित किया गया। पूर्व छात्र हिमांशु गुप्ता एवं अरुण गुप्ता ने निबंध प्रतियोगिता में प्रथम एवं अन्य 9 छात्रों को पुरस्कृत किया। सेवानिवृत्त अध्यापकों को शॉल उड़ाकर आभार प्रकट किया। मुख्य अतिथि विशप डॉ. अनिल कुमार जौन सरवंद ने शिक्षा की आवश्यकता एवं शिक्षा की उपयोगिता पर विचार प्रकट किए। पूर्व छात्रों ने विद्यालय में अनुभव साझा किये और पुरानी यादें ताजा कर फोटोग्राफी एवं सेल्फी ली।

सांध्यकालीन सभा का आयोजन दिल्ली रोड स्थित होटल के हाल में किया गया। गीत, संगीत से सजी इस शाम का सभी पूर्व छात्रों ने आनंद लिया। कमेटी के उपाध्यक्ष डॉ. राजीव श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष सीए मनमोहन कत्याल, सचिव सलिल जैन, डॉ. अखिलेश सरन कोठीवाल, विपिन जेटली, कैप्टन अजय तिवारी, डॉ. अमित रस्तोगी, डॉ. अनिल अग्रवाल, डॉ. मित्रा, राजीव टंडन,आलोक कोठीवाल,जगमीत सिंह,मनु अरोड़ा,सचेत अरोरा,संजय मेहरोत्रा,कमल सिंह,मनीष पुरी का सहयोग रहा।

**• एक-दूसरे का जाना हाल, पूरानी यादें ताजा कीं**

## थाना समाधान दिवस में सुनीं समस्याएं

**कांठ, अमृत विचार :** समाधान दिवस में तीन फरियादी अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। मौके पर किसी शिकायत का निस्तारण नहीं हो पाया।

थाना समाधान दिवस में उपस्थित लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, पुलिस कर्मियों को संबोधित करते हुए इंस्पेक्टर क्राइम रामनरेश यादव ने कहा कि थाना समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेकर उनकी निष्पक्ष रूप से जांच करने के बाद निस्तारण करें। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर नया तहसीलदार योगेश चंद शर्मा ने कहा कि थाना समाधान दिवस और तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस की जितनी भी शिकायत हैं, उन सब का गुणवत्ता परक निस्तारण होना चाहिए। इसके साथ ही कांठ के कुछ लोगों ने क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन को लेकर शिकायत की, जिस पर जांच कर कार्रवाई का आश्वासन अधिकारियों ने दिया है।

## एएसडी मतों का किया गया सत्यापन

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार एएसडी मतों का एसआईआर बूथों पर सत्यापन किया गया। बीएलओ ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सूची दिखाकर उनका निराकरण किया। एसडीएम ने आधा दर्जन बूथों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी अनुज सिंह ने बीएलओ को संबंधित एसएआईआर बूथों पर मौजूद रहकर एएसडी मतों का सत्यापन करने के निर्देश थे। तहसील क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में बूथ बनाए गए थे, जहां संबंधित बीएलओ ने विभिन्न राजनीतिक दलों के बीएलए को मतदाता सूची दिखाई। जिसमें कुछ ऐसे मतदाताओं के नाम काटे गए थे, जो दुनिया से अलविदा कह गए हैं, इनमें से कुछ मतदाता अपने मकान बेचकर बाहर चले गए हैं तथा कुछ मौके पर मौजूद नहीं मिले। वीएलओ ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की समस्याएं सुनीं और उनका समाधान किया। प्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया कि किसी भी वास्तविक मतदाता का नाम सूची से छूटना नहीं चाहिए।

बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज बूथ नंबर 52, 53, 54, 55 पर मा. विजेंद्र कुमार विश्नोई, गिरिबर चौहान, अनुज बिश्नोई, अलका सिंह आदि बीएलओ के अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेता राजन विश्नोई एवं स्वच्छता प्रकोष्ठ के संयोजक सचिन चौहान उर्फ बंटी, प्रधानाचार्य अंजली शर्मा, आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस मौके पर बहुजन समाज पार्टी के वीएलए धर्मेंद्र, समाजवादी पार्टी के साजिद, आदि भी मौजूद रहे। विभिन्न प्रतिनिधियों ने मतदाता सूची पर संतोष व्यक्त किया। एसडीएम संत दास पवार ने तहसील क्षेत्र के अगवानपुर, राजकीय इंटर कॉलेज पाकबड़ा आदि आधा दर्जन बूथों का निरीक्षण कर संबंधित बीएलओ से वार्ता की और बूथों पर पहुंचे जनप्रतिनिधियों की समस्याओं को सुनकर उनके संबंध शंका का समाधान करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी वैध मतदाता का नाम मतदाता सूची से नहीं छूटना चाहिए।



बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में उपस्थित बीएलओ व अन्य। • अमृत विचार

**• बीएलओ ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सूची दिखाकर किया निराकरण**

## मुख्तियारपुर नवादा में खेत में मिला शव

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में ग्राम मुख्तियारपुर नवादा निवासी किसान के खेत में एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार मृतक की उसके ससुराल एवं घर पर कहासुनी होना बताया गया है।



मृतक नासिर।

थाना कांठ के ग्राम मुख्तियारपुर नवादा के जंगल में किसान अशोक कुमार के गन्ने के खेत में कुछ लोगों ने एक व्यक्ति का शव पडा देखा तो उन्होंने घटना की जानकारी थाना कांठ पुलिस को दी। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर क्राइम रामनरेश यादव एवं सीओ अभिनव द्विवेदी ने पुलिस बल के साथ पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके साथ ही आसपास के गांव के लोगों को बुलाकर मौके पर जानकारी की तो मृतक की पहचान थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम सराय खजूर निवासी 25 वर्षीय नासिर पुत्र सफीक के रूप में हुई है। मौके पर पहुंचे परिजनों का कहना था कि ससुराल पक्ष के लोगों ने ही उसे नशा करा कर हत्या की है। इंस्पेक्टर क्राइम रामनरेश यादव ने बताया कि मृतक की अपनी ससुराल वालों एवं घर वालों से कहासुनी होना उसके स्वजनों द्वारा बताया गया है। उसके शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही असलियत का पता लगेगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



मौके पर रोते-बिलखते परिजन। • अमृत विचार

**• ससुराल व परिवार वालों से हो गई थी कहासुनी**

## अस्पताल में हर बीमारी में लिखी जा रही पैरासिटामोल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सरकारी अस्पतालों में एक दवा हर पर्ची में नजर आ रही है, जिसका नाम पैरासिटामोल है। सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार, जोड़ों के दर्द, पैरों में सूजन, पेट दर्द, आंख दर्द हो या पेट साफ नहीं हो रहा हो। लगभग सभी मरीजों को यह दवा एक लिखी जा रही है।

सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह के अनुसार जनपद में पैरासिटामोल टैबलेट की उपलब्धता एक करोड़ से अधिक है। जिला में 49 सीएचसी और पीएचसी पर इसकी उपलब्धता है। पड़ताल में यह बात सामने आई कि डॉक्टर 10-20 फीसदी पर्चों को छोड़ दें तो बाकी में इस दवा का नाम जरूर अंकित करते हैं। यह स्थिति जिला अस्पताल से लेकर सभी स्वास्थ्य केंद्रों की है। जनरल फिजिशियन डॉ. आशीष कुमार सिंह ने बताया कि दर्द की स्थिति में पैरासिटामोल दी जाती है। यह दवा कम हानिकारक होती है। यह कई दवाओं के साथ एंटीइंफ्लरामेट्री की तरह भी काम करती है।

डॉ. आशीष ने बताया कि पैरासिटामोल को सिप्टोमैटिक दवा भी कहते हैं। जो बीमारी के लक्षणों जैसे दर्द, बुखार, सूजन को ठीक करती है, न कि बीमारी के मूल कारण को। इसका उपयोग बुखार उतारने के साथ ही शरीर के दर्द को भी कम करने में दिया जाता है। इसका कोई दुष्प्रभाव सामने नहीं आया है।

**• सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार, जोड़ों में दर्द, पैरों में सूजन, पेट दर्द, आंख में दर्द की समस्या होने पर दी जा रही यह दवा**

## न्यूज डायरी



### सरस्वती विद्या मंदिर में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षिकाओं ने तिलक एवं भगवान श्री राम की प्रतिमा भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रेरणादाई संदेश , भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका, विशिष्ट माता का सम्मान आदि कार्यक्रम किए गए। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर शेफाली सिंह , मेजर डॉक्टर मीनू मल्होत्रा ने कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण के संबंध में भारतीय दृष्टि के संबंध में विचार साझा किए। निर्वेश चौहान द्वारा वीरांगनाओं की गाथा का गुणगान किया गया। रितु चौहान द्वारा महिलाओं से वीरांगनाओं के विषय में प्रश्नोत्तरी पूछी गई। संचालन महक गोयल ने किया। कार्यक्रम अध्यक्ष मोनिका अग्रवाल,ब्लॉक प्रमुख संजना सैनी, शिक्षिका अंजलि , श्वेता , मीनू पंत , मनोज कुमारी , विनीता आदि मौजूद रहीं। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने आभार व्यक्त किया गया।,



### बंद पड़ी फैक्ट्री में दिखाई दिया तेंदुआ

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में बंद पड़ी फैक्ट्री में तेंदुआ दिखाई देने से लोगों में दहशत का माहौल है।वन विभाग की टीम ने मौके का दौरा लोगों को सावधानी बरतने की अपील की। तहसील कांठ क्षेत्र के ग्राम नयागांव अकबरपुर चौधरी में नईम अहमद की बंद फैक्ट्री में तेंदुआ लोगों ने देखा तो वे घबरा गए। इसके बाद उन्होंने नईम अहमद सैफी एवं अन्य लोगों को जानकारी दी। सूचना मिलते ही वन विभाग के डिप्टी रेंजर पुष्पेंद्र सिंह ने वन विभाग की टीम को मौके पर भेजा। वन विभाग की टीम ने लोगों को सावधान किया कि तेंदुआ हमला कर सकता है, इसलिए सभी लोग सावधानी बरतें और इसके आसपास न घूमें। नईम अहमद, मोबीन अहमद, साकिर हुसैन एवं अन्य लोगों ने वन विभाग के अधिकारियों से पिंजरा लगवा कर तेंदुए को पकड़ने की मांग की है। डिप्टी रेंजर पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि लोगों को टीम ने समझा कर सावधान कर दिया है और तेंदुआ यदि है तो पिंजरा लगवा कर पकड़वाया जाएगा।

### पेड़ काटने और धार्मिक स्थल को क्षति पहुंचाने का आरोप

**कुंदरकी अमृत विचार :** ग्राम बसेरा खास से एक धार्मिक स्थल से पेड़ काटने और धार्मिक स्थल को क्षति पहुंचने से नाराज ग्राम वासियों ने थाना कुंदरकी में शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है। ग्राम वासियों का कहना है कि गांव में एक प्राचीन धार्मिक स्थल है जिसमें काफी पुराना सिरस का पेड़ खड़ा हुआ था जिसको दो लोगों ने पड़ोस के गांव निवासी एक व्यक्ति से कटवा दिया है और धार्मिक स्थल को भी क्षति भी पहुंचाई गई है। वे लोग उनके धार्मिक स्थल पर अवैध कब्जा करना चाह रहे हैं। क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि मामले की मामले की गहनता से जांच की जा रही है दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया है । शिकायत करने वालों में पूर्व प्रधान शीशपाल, लोकेश सिंह, विनोद, महेशपाल, सीपी सिंह, राजीव, मूलचंद, चमन सिंह, मुनेश प्रजापत, विपिन कुमार, नरेश, कपिल सिंह, बंटी सिंह, दीपक सिंह, जितेंद्र, पप्पू, सुधांशु आदि शामिल रहे।

### पांच लाख, स्कार्पियो के लिए रिश्ता तोड़ा,चार पर रिपोर्ट

**भोजपुर, अमृत, विचार :** एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने द हापुड़ निवासी बैंक मैनेजर उसके माता,पिता और बहन के खिलाफ दहेज का केस दर्ज किया। गांव मनकुआ मकसूदपुर निवासी दल सिंह ने बताया कि 14जून को बेटी का रिश्ता हापुड़ निवासी तेजपाल सिंह के बेटे दीपक कुमार के साथ तय किया था। रोक करने में 70 हजार रुपये नकद, जेवरात और खानपान में करीब 7 लाख रुपए खर्च किए थे। कुछ महीने बाद तेजपाल ने फोन किया कि बेटा बैंक में मैनेजर है। विवाह में पांच लाख रुपए नकद और स्कार्पियो दोगे तभी बरात लाएंगे नही तो रिश्ता तोड़ रहे हैं। दीपक मां और बहन ने दूसरी जगह रिश्ते की धमकी दी। केस की विवेचना कर रहीं उप निरीक्षक मौसमा रानी ने बताया की जांच की जा रही है।

### जमीन पर कब्जा मामले में दंपती पर रिपोर्ट दर्ज

**कांठ, अमृत विचार :** थाना पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बलपूर्वक जमीन पर कब्जा करने और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में दम्पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। थाना कांठ के ग्राम मुजफ्फरपुर टांडा निवासी नेहा सिंह पत्नी अरविंद कुमार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर अपने देवर अर्जुन सिंह पुत्र कैलाश चंद एवं सुहानी पत्नी अर्जुन सिंह पर जबरन बलपूर्वक उनकी भूमि पर एवं घर पर कब्जा करने और आए दिन परेशान करने एवं हिस्से की भूमि को मांगने पर गाली गलौंज करने तथा जान से मारने की धमकी देने एवं खेती से उत्पन्न हुआ अनाज भी अपने कब्जे में रख लेने का आरोप लगाया था

## समाधान दिवस में रास्ते का विवाद निपटा

**डिलारी, अमृत विचार:** गांव सुल्तानपुर खादर में बरसों से रास्ते का विवाद था। शनिवार को थाना समाधान दिवस में तहसीलदार ठाकुर द्वारा प्रवीण कुमार ने राजस्व विभाग की टीम, पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर विवाद का निपटारा कर रिटायर दरोगा ॠषि पाल को कब्जा दिलाया।

गांव निवासी दबंग होरीलाल ने ॠषि पाल के घर को जाने वाले रास्ते पर अवैध रूप से कब्जा जमा लिया था जिसका मुकदमा कोर्ट में चल रहा था। शनिवार को तहसीलदार ठाकुरद्वारा ने मौके पर पहुंचकर विवाद का निस्तारण कर पीड़ित को कब्जा दिलाया।

## विधवा को झांसा दे बीमा के 22 लाख हड़पे

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** क्षेत्र में बीमा क्लेम से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है। विधवा ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र भेजकर बीमा एजेंटों व अन्य संबंधित लोगों पर धोखाधड़ी और कूटरचना कर 22 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव बंका वाला निवासी रावत कुमारी का कहना है कि उसके पति सुभाष की 4 मार्च 2023 को मृत्यु हो गई थी । 8 मार्च 2023 को उत्तराखंड के उधम सिंह नगर के थाना जसपुर के गांव पतरामपुर, बाजपुर क्षेत्र के गांव मनोरथपुर निवासी व एक अन्य व्यक्ति उनके घर पहुंचे उन्होंने अपने आप को बीमा कंपनी का एजेंट बताया । कहा कि आपके पति की बीमा पॉलिसी चल रही है । करीब 22 लाख रुपए आपको मिलेगें।इसके लिए आपको बैंक की किताब, आधार कार्ड व फोटो लेकर जाना पड़ेगा । उन लोगों ने कहा कि चाहें तो कागज यहीं दें दें । बार-बार आपको बार-बार जाना नहीं पड़ेगा । रावत कुमारी ने बैंक की किताब , आधार कार्ड व फोटो देकर कुछ कागजो पर हस्ताक्षर कर दिए । 13 मार्च 2023 को उन लोगों ने एचडीएफसी लाइफ सेंटर सिविल लाइन मुरादाबाद बुलवाया । वहां मैनेजर ने कुछ कागजातों पर हस्ताक्षर कराये । कुछ दिन बाद पता चला कि सिविल लाइन मुरादाबाद में बैंक में एक फर्जी खाता यूपीआईडी बनाकर चेक बुक हासिल कर ली । चेक बुक के माध्यम से अलग-अलग तिथियां में उसके खाते में चेक लगाकर फर्जी हस्ताक्षरों से 22 लाख रुपए निकालकर हड़प लिए ।

वह 20 सितंबर 2024 को अपने जेठ अशोक कुमार अपने रिश्तेदार चरण सिंह को साथ लेकर मुरादाबाद बैंक पहुंची । वहां बीमा एजेंट, बैंक मैनेजर व सुरक्षा गार्ड गाली गलौज कर भगा दिया और जान से मारने की धमकी दी । महिला ने 31 अक्टूबर 2025 को मुख्यमंत्री पोर्टल और शिकायत की । एसएसपी ने ठाकुरद्वारा कोतवाली को जांच के आदेश दिए । कोतवाली पुलिस ने साइबर विभाग मुरादाबाद को मामला भेज दिया । महिला का आरोप है कि वह मुरादाबाद पहुंची तो साइबर विभाग के दरोगा ने रिपोर्ट लिखने से इनकार कर दिया कहा कि रिपोर्ट थाना ठाकुरद्वारा में दर्ज होगी । रिपोर्ट लिखने के लिए वह अधिकारियों के चक्कर काट रही है ।

**• रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए अधिकारियों के चक्कर लगा रही महिला**

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
मो. 7906815587

आवश्यकता है
कार्यालय हेतु 2
कार्यालय सहायक
महिला/कन्या की।
वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्क करें
डा. राजीव मिश्रा
गंगापुर आवास विकास कालोनी,
पूर्व बच्चा जेल, रामपुर
7906278318

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 93,878 मामलों का हुआ निपटारा

## परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश अरविंद कुमार ने 116 वादों का कराया निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



राष्ट्रीय लोक अदालत का दीप जलाकर आरंभ करते जिला जज।



जोड़ों के साथ मौजूद न्यायिक अधिकारी। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** न्यायालय परिसर में शनिवार को जनपद न्यायाधीश भानु देव शर्मा दीप प्रज्वलित करके राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 93,878 मामलों का निस्तारण हुआ। वहीं 22 जोड़ों का समझौता कर राजीनामा कराया और फूलमाला पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया।

परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश अरविन्द कुमार ने 116 वादों का निस्तारण किया। पीठासीन अधिकारी, मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल अशोक कुमार यादव ने 38 मोटर एक्सीडेंट के वादों का निस्तारण कर मृतकों घायलों के आश्रितों को 2,84,73000 दिलाएं। प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार दीक्षित ने 3 वादों का निस्तारण कर अर्थदंड के रूप में 850 प्राप्त किए। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय कक्ष संख्या दो के डॉ. विजय कुमार ने 5 वादों का निस्तारण कर अर्थदंड के रूप में 27000-00 प्राप्त किए। विशेष न्यायाधीश (एसीएसटी एक्ट) छवि अस्थाना ने 8 वादों का निस्तारण कर अर्थदंड के रूप में 9600-00 प्राप्त किए। विशेष न्यायाधीश (ईसीएक्ट) चंद्रप्रकाश ने 802 वादों का निस्तारण किया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय कक्ष संख्या 3 के अशोक कुमार सिंह 3 वाद का निस्तारण कर अर्थदंड के रूप में 52000 प्राप्त किए।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, न्यायालय कमरा संख्या 4 के कैलाश कुमार ने 3 वादों का निस्तारण कर अर्थदंड के रूप में 181546-00 प्राप्त किए। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, त्वरित न्यायालय सुमित पंवार ने तीन वादों का निस्तारण कर 11500 अर्थदंड के रूप में प्राप्त किए।अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,राजीव सरन त्वरित न्यायालय-2 द्वारा 1 वाद का निस्तारण किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुमिता ने 2846 वादों का निस्तारण कर अर्थदंड के रूप में 493270 प्राप्त किए। सिविल जज प्रवर वर्ग अमरीश त्रिपाठी ने 29 सिविल के वादों का निस्तारण किया। प्रथम अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अमरीश कुमार श्रीवास्तव ने 615 फौजदारी के वादों का निस्तारण कर 26940 रुपये प्राप्त किए। अपर सिविल जज (प्रवर वर्ग) प्रथम/ अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शोभित बंसल ने 929 फौजदारी के वादों का निस्तारण कर अर्थदंड के रूप में 6150 प्राप्त किए। अपर सिविल जज (प्रवर वर्ग) द्वितीय, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संदीप सिंह ने 359 फौजदारी के वादों का निस्तारण कर 19650 प्राप्त किए। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय प्रीति मोधा ने 272 वादों का निस्तारण कर अर्थदंड के रूप में 4110 रुपये प्राप्त किए। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अंकित राज सिंह तृतीय द्वारा 2 एनआई एक्ट का वाद निस्तारण किया। जिन से 5300000, 319 फौजदारी के वादों का निस्तारण किया।सिविल जज (प्रवर वर्ग), त्वरित न्यायालय संजय कुमार सिंह ने 283 फौजदारी वादों का निस्तारण कर 1640-00 के वादों का निस्तारण किया।सिविल जज अवर वर्ग प्रीति ने 25 सिविल के वादों का निस्तारण कराया।न्यायिक मजिस्ट्रेट काव्या श्रीवास्तव 308 फौजदारी के चारों का निस्तारण किया।

### 124 फौजदारी मामलों का हुआ निराकरण

अपर सिविल जज (अवर वर्ग)प्रथम अदिति सिंह ने 124 फौजदारी के वादों का निस्तारण किया। अपर सिविल जज (अवर वर्ग),कक्ष संख्या 2 की प्रज्ञा पाराशर 139 फौजदारी के मामले निपटाएं। सिविल जज (अवर वर्ग),त्वरित न्यायालय (सीए डब्लू) रणंजय सिंह द्वारा 69 फौजदारी के वादों का निस्तारण कर 690-रुपये अर्थदंड प्राप्त किया। 2 पारिवारिक वादों का निस्तारण किया गया। न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय शाहबाद शशिप्रभा चौधरी ने 34 वादों का निस्तारण किया। सिविल जज (अवर वर्ग), त्वरित न्यायालय प्रियंका सरन ने 101 वादों का निस्तारण किया। न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय बिलासपुर कुमारी श्वेता ने 6 फौजदारी के वादों का निस्तारण किया। विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट सतीश कुमार वर्मा ने 29 फौजदारी के वादों का निस्तारण किया गया।

### 85,299 वादों का हुआ निस्तारण

कलेक्ट्रेट न्यायालयों, कैनाल मजिस्ट्रेट, बाट माप विभाग, आबकारी विभाग, एआरटीओ, श्रम विभाग, नगर पालिका, विद्युत विभाग, उपभोक्ता फोरम, कृषि विभाग,जिला पंचायत विभाग, जिला पूर्ति विभाग,जिला समाज कल्याण विभाग,महिला कल्याण विभाग, चिकित्सा विभाग ,नगर निकाय, जिला ग्रामोद्योग, पुलिस विभाग अन्य विभागों के विभिन्न प्रकार के 85299 मामलों का निस्तारण किया। बैंकों एवं फाइनेंस कंपनियों ऋण वसूली के प्री-लिटिगेशन स्तर पर कुल 1106 वादों का निस्तारण कर 47377475 का समझौता हुआ। इस प्रकार कुल 93878 मामलों का निस्तारण किया।

## न्यूज ब्रीफ

### ग्रामीण से मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर,अमृत विचार :** खेत पर जाते समय कुछ लोगों ने 11 दिसंबर को ग्रामीण के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने सैजी, नवेद, सजेव,बाबू निवासी ग्राम पैगंबरपुर ने हमला करके घायल कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने फरार चल रहे सैजी को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से वह जेल चला गया। बचे आरोपियों को तलाश किया जा रहा है।

### बेकाबू बाइक फिसली युवक घायल

**शाहबाद,अमृत विचार :** जिला संभल के धनपुरा गांव निवासी सोनू अपनी बाइक से उत्तराखंड के काशीपुर स्थित ससुराल जा रहा था। शाहबाद-बाजपुर स्टेट हाईवे पर रेबड़ी चौराहे के पास उसकी बाइक बेकाबू होकर फिसल गई। हादसे में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। एंबुलेंस से उसे सीएचसी लाया गया। चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। इसके बाद उसे घर भेज दिया।

### छह घंटे बाधित रही बिजली सप्लाई

**रामपुर,अमृत विचार :** मरम्मत कार्य के चलते शनिवार को छह घंटे बिजली बंद रही। जिसके चलते लोगों को काफी परेशानी हुई। दोपहर बाद जब बिजली आई तो लोगों ने राहत की सांस लेते हुए जरूरी कामों को निपटाया। पूरे शहर में बिजली मरम्मत का कार्य तेजी के साथ चल रहा है। शनिवार को पनवड़िया 132 केवी ट्रांसमिशन पर मैन बस सेक्शन बयार व मेंटेनेंस कार्य करने के लिए सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक शाहबाद गेट, अजीतपुर, पटवाई, डिस्ट्रिक्ट कोर्ट 33 केवी लाइन का शटडाउन रहा। जिससे संबंधित क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति सप्लाई पूर्ण रूप से लगभग 6 तक बंद रही। इस दौरान लोगों को काफी दिक्कतें आई। बिजली आने के बाद राहत की सांस ली।

### 16 को होगा शिक्षक संघ का चुनाव

**रामपुर,अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ब्लॉक बिलासपुर का चुनाव 16 को बिलासपुर के खौदलपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में तीन बजे से होगा। अरविंद कुमार गंगवार ब्लॉक अध्यक्ष मिलक को चुनाव पर्यवेक्षक एवं अय्यूब खान जिला संयुक्त मंत्री को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया जाता है। यह जानकारी जिलाध्यक्ष डॉ राजवीर सिंह ने दी।

# सफलता पाने के लिए आपको तपस्वी बनना जरूरी: सीडीओ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



स्टॉलों का निरीक्षण करते मुख्य अतिथि। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज में शनिवार को करियर गाइडेंस मेले का आयोजन हुआ। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सफलता पाने के लिए आपको तपस्वी बनना जरूरी है। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को अपनी रुचि के अनुसार करियर चुनाव कर उसके अनुसार लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए।

मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र, विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। मेले में जिले के सभी राजकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने करियर संबंधी स्टॉल लगाए। जिनका मुख्य अतिथि,

- राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज में लगा करियर गाइडेंस मेला

विशिष्ट अतिथि एवं जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा भ्रमण किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनका उत्साह वर्धन किया। अंजलि अग्रवाल ने कहा कि जिले में करियर गाइडेंस कार्यक्रम विद्यालय स्तर पर आयोजित करने के बाद जनपद स्तरीय करियर गाइडेंस मेले का आयोजन हो रहा है। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत विचार आपकी संकल्पना को प्रदर्शित करते हैं। कार्यक्रम का संचालन हरीश कुमार एवं अक्षय भटनागर द्वारा किया गया। कार्यक्रम के नोडल अंकित अग्रवाल ने अपने मार्गदर्शन से विद्यार्थियों को अभिभूत करते हुए कार्यक्रम समाप्त की घोषणा की।

# दरोगा के घर लाखों की चोरी में रिपोर्ट दर्ज

**टांडा, अमृत विचार:** टांडा निवासी दिलीप सिंह वर्तमान में उत्तर प्रदेश पुलिस में उपनिरीक्षक के पद पर मेरठ में तैनात हैं। कुछ दिन पूर्व उनकी माता भी इलाज के लिए मकान में ताला बंद कर मेरठ चले गए थे।

बंद मकान से अज्ञात चोर रात के समय घर में घुसे और अलमारी से सोने-चांदी के करीब 15 आभूषण, 10 हजार रुपये नकद और एक मोबाइल फोन चोरी कर ले गए। दिलीप सिंह के छोटे भाई कमल सिंह छत्तीसगढ़ में सीआईएसएफ में उपनिरीक्षक के पद पर तैनात हैं। दोनों भाई अपने-अपने परिवार के साथ ड्यूटी रहते हैं, घर की देखरेख और चाबी चचेरे भाई के पास रहती है।

जो अपने वाहन भी उसी परिसर में खड़ा करता है। पुलिस ने तहरीर के पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# वन स्टॉप सेंटर की मदद से महिला को दो साल बाद मिला परिवार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



परिजनों को सामान देते सीडीओ। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** दो साल पहले मानसिक रूप से बीमार मिली महिला को शुक्रवार को परिजनों के हवाले कर दिया। जिसके बाद परिजनों ने राहत की सांस ली है।

16 अक्टूबर 2023 को एक अज्ञात महिला जो मानसिक रूप से अस्वस्थ थी। लगभग 9 माह की गर्भवती थी, सड़क पर प्रसव पीड़ा में मिली। जबकि प्रसव भी रास्ते में ही हो गया था। सूचना प्राप्त होते ही 112 पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची थी। महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। प्रसव के बाद महिला की मानसिक स्थिति और अधिक गंभीर हो गई। इस संबंध में सीएमएस की ओर से जिला प्रोबेशन अधिकारी को सूचना दी गई। टीम ने महिला को उचित उपचार के लिए मानसिक प्रकोष्ठ बरेली में भर्ती कराया। सीडब्ल्यूसी के आदेशानुसार नवजात बच्ची को राजकीय बाल गृह (शिशु) सदन में सुरक्षित रूप से सुपुर्द किया गया। वन स्टॉप सेंटर टीम लगातार बरेली मानसिक प्रकोष्ठ से महिला की स्वास्थ्य की स्थिति का फॉलोअप लेती रही। 11 अक्टूबर 2025 को सूचना प्राप्त हुई कि महिला की मानसिक स्थिति में सुधार हुआ है। वह घर का पता बताने में सक्षम हो गई। 13 अक्टूबर 2025 को महिला का भाई बरेली स्थित संस्था में बहन से मिलने पहुंचा। महिला ने उसे देखते ही पहचान लिया और अपने घर जाने तथा अपने बच्चों से मिलने की इच्छा व्यक्त की। इसके बाद शुक्रवार को सीडब्ल्यूसी के आदेशानुसार नवजात बच्ची वंशिका को उसकी माता एवं मामा के सुपुर्द किया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र द्वारा बच्ची को बेबी किट, कंबल, खिलौने तथा वस्त्र प्रदान कर उसके उज्ज्वल भविष्य की बधाई दी।

# डिजिटाइजेशन के बाद वोटरों की पुन: होगी जांच

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार:** चुनाव आयोग की ओर से एसआईआर प्रक्रिया 26 दिसंबर तक बढ़ाने के बाद रामपुर में पुनः जांच होगी। जिला उप निर्वाचन अधिकारी संदीप वर्मा ने बताया रामपुर जिले में एसआईआर का कार्य लगभग सौ प्रतिशत पूर्ण हो गया है। इनमें 81.01फीसदी मतदाताओं का डिजिटाइजेशन हुआ है, 19.99 प्रतिशत सूची से बाहर करने के लिए चिन्हित किए गए हैं।

एसआईआर की तिथि बढ़ने के बाद डिजिटाइजेशन होने के बाद पुनः जांच कराई जा रही है। 19.99 प्रतिशत मतदाता, जिनकी मृत्यु हो चुकी है या बाहर चले गए हैं। इन मतदाताओं का दोबारा जांच करेंगे, इसको लेकर

- मृतक और बाहर गए मतदाताओं की होगी दोबारा जांच

बीएलओ को निर्देश दे दिए गए हैं। जिले में 17 लाख 57 हजार 741 वोट हैं, लेकिन एसआईआर के बाद करीब तीन लाख वोट कटने का अनुमान है। 1800 से ज्यादा बीएलओ को एसआईआर में लगाया गया था। जबकि राजनीतिक पार्टियों के बूथ लेवल एजेंटों ने भी भागीदारी निभाई है। चुनाव आयोग ने एसआईआर की तिथि 26 दिसंबर तक कर दी है। नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 28 फरवरी 2026 को होगा। रामपुर में ऐसे मतदाता सामने नहीं आए हैं, जिनका रिकॉर्ड 2003 सूची में न हो। यहीं वजह रही की जिले में सौ प्रतिशत एसआईआर संभव हो पाया है।

# नवोदय में प्रवेश के लिए 1 622 ने दी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



नवोदय की परीक्षा देकर आते छात्र। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** नवोदय विद्यालय में प्रवेश लेने के लिए शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच सात सेंटरों पर परीक्षा हुई । जिसमें 2377 छात्र-छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन कराया था, लेकिन परीक्षा देने के लिए 1622 ही परीक्षार्थी पहुंचे। जिसमें 755 गैर हाजिर रहे। परीक्षा सुबह 11:30 से लेकर 1:30 तक हुई।

शाहबाद के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश लेने के लिए परीक्षा की तेजी से तैयारियां चल रही थी। जिसके बाद प्रवेश परीक्षा में हिस्सा लेने के लिए कक्षा पांच के करीब 2,377 छात्र-छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन कराया था। जिसके बाद बनाए गए सात सेंटर बिलासपुर के डीएवी इंटर कॉलेज, मिलक के रेशम प्यारी

- जिले में सात केंद्रों पर हुई परीक्षा 755 परीक्षार्थी रहे गैरहाजिर

बालिका इंटर कॉलेज, शाहबाद के राजकीय इंटर कॉलेज, स्वार के राजकीय इंटर कॉलेज, शहर के राजकीय रजा इंटर कॉलेज, मुर्तजा इंटर कॉलेज में परीक्षाएं हुई। 112 कक्षा निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय किरा के प्राचार्य करन सिंह ने बताया कि परीक्षा सकुशल निपट गई है। जिसमें 755 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे, कुल 68 प्रतिशत परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए।

# कोहरा बढ़ते ही रोडवेज बसों में सवारियां घटीं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



रोड वेज बस।

**अमृत विचार :** कोहरा बढ़ते ही अब रोडवेज बसों में सवारियों की कमी हो गई। चालक और परिचालक कई- कई घंटे तक रोडवेज परिसर में गुजार रहे हैं। ताकि सवारियां मिल सके। ट्रेनें भी अपने निश्चित समय से देरी से चल रही है। यात्री घंटों ट्रेनों के इंतजार में बैठे रहते हैं।

तीन दिन से लगातार कोहरा आ रहा है। जिसके चलते शाम होते ही लोग घरों से नहीं निकल रहे हैं। सुबह आठ बजे तक कोहरा छाया रहने के कारण लोग घरों में बंद हो जाते हैं। जरूरी काम वाले लोग ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। कोहरे का असर यातायात पर भी पड़ रहा है। रोडवेज बसों में सवारियों ने सफर करना कम कर दिया है। जरूरी काम वाले लोग ही अब सफर कर रहे है। बसों में कम से कम 50 सवारियां होनी चाहिए,लेकिन उसमें 30 से 40 सवारियां ही चल रही है। जिसका असर रोडवेज पर भी पड़ रहा है। ट्रेनें आधे से एक घंटे देरी से चल रही है।

# वृद्धा की मौत में डंपर, चालक के खिलाफ रिपोर्ट

**शाहबाद, अमृत विचार :** जनपद संभल के थाना कुढ़फतेहगढ़ के गांव बिचेटा निवासी शिव ध्यान ने अज्ञात डंपर चालक के पर रिपोर्ट दर्ज कराई ।

पीड़ित के मुताबिक 10 दिसंबर को उसकी दादी रामदेई रिश्तेदारी में शाहबाद के बरखेड़ा गांव में आई थी। रिश्तेदार कुंवरपाल पत्नी पूजा और पीड़ित की दादी को रामपुर के शहजादनगर ले गया था। उसकी दादी को बिचेटा छोड़ने आ रहा था। इस दौरान तलिकाबाद गांव के निकट लापरवाही से आ रहे डंपर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में उसकी दादी की मौके पर ही मौत हो गई। कुंवरपाल और उसकी पत्नी पूजा भी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया।

समस्याएं | जिला अस्पताल में सेवाएं बदहाल, मरीज और तीमारदार परेशान

# सर्द मौसम में मरीजों को नहीं मिल रहा गर्म पेयजल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



वार्ड में भर्ती मरीज। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** कड़ाके की सर्दी शुरू हो चुकी है, लेकिन अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीज अब भी ठंडा पानी पीने को मजबूर हैं। जबकि मरीजों को पीने के गर्म पानी की व्यवस्था होती है। मरीजों और तीमारदारों का कहना है कि अस्पताल में गर्म पानी नहीं मिलने के कारण बाहर दुकानों पर जाना पड़ता है, जबकि अस्पताल प्रशासन कोई सुनवाई नहीं कर रहा है। वहीं जिला अस्पताल में अन्य सेवाएं भी बदहाल हैं।

सर्दी शुरू होते ही लोगों में अब खांसी-जुकाम की चपेट में आने वाले मरीजों की संख्या बढ़ रही है। सुबह शाम को कड़ाके की सर्दी और दोपहर में धूप निकलना लोगों को परेशानी में डाल रहा है। जिला अस्पताल में रोज 800 से 900 मरीजों का पर्चा बन रहा है, जिनकी ओपीडी हो रही है। शनिवार को भी करीब 800 मरीज इलाज कराने पहुंचे। जिसमें से कुछ को भर्ती तो कुछ को डॉक्टरों ने दवा लिखकर भेज दिया, लेकिन अस्पताल में मरीजों को सुविधाएं ना के बराबर मिल रही है। सर्दी शुरू होने के बाद भी गर्म पानी नहीं मिल रहा है। सर्दी में वार्डों में भर्ती किए गए मरीजों को गर्म पेयजल के लिए तरसना पड़ रहा है। दिन के समय तीमारदार चाय की दुकानों पर पैसे देकर गर्म पानी ले आते हैं। लेकिन रात के समय वह भी नहीं मिल पाता है। जिससे मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।



जिला अस्पताल में सर्दी शुरू होने के बाद भी गर्म पानी नहीं मिल रहा है। जिसके चलते बाहर होटलों से पानी लाना पड़ता है। अस्पताल का स्टाफ कोई सही जानकारी नहीं देता है। - रिजवान



खांसी-जुकाम के बाद निमोनिया के चलते मरीज को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था, लेकिन यहां पर गर्म पानी नहीं मिलने के कारण परेशानी आ रही है। जबकि नर्सिंग स्टाफ का रवैया भी बेहद खराब है। - लीलावती



जिला अस्पताल में गर्म पानी नहीं मिलने से समस्या हो रही है। जबकि इलाज में भी लापरवाही होती है, डॉक्टरों को बार-बार बुलाना पड़ता है, जब जाकर इलाज होता है। - राजू



सर्दी में वार्डों में भर्ती किए मरीजों को गर्म पेयजल के लिए तरसना पड़ रहा है। जिससे मरीजों को काफी परेशानियां आती है। वहीं डॉक्टर भी समय से मरीजों को नहीं देखते हैं। - साहिल

### रात में नहीं आते मरीज

जिला अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीज कई कई घंटे प्यासे रहते हैं। मरीजों का आरोप है डॉक्टर तक मरीजों को देखने नहीं आते हैं। जब स्टाफ से डॉक्टर के बारे में जानकारी ली जाती है तो वह कहा जाता है कि डॉक्टर कम है। मरीजों को जिस कारण से समय से इलाज नहीं मिल पाने के कारण मौत हो जाती है। स्ट्रेचर नही होने के कारण तीमारदार मरीजों को गोदी में उठाकर ले जाते हैं। जिस कारण से अस्पताल सुविधाएं कम और परेशानियां अधिक होने से जूझ रहा है। सीएमएस बीसी सक्सेना ने बताया कि गर्म पानी के लिए गीजर लगाए गए है। मरीजों को तीमारदार को जानकारी नहीं होने पर स्टाफ से पूछना चाहिए। डॉक्टरों की कमी है, उसकी भरपाई के लिए लगातार मांग की जा रही है।

# राज्य कर्मचारी परिषद का 22 को होगा चुनाव

**रामपुर,अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष पंडित राम बाबू शर्मा ने बताया कि परिषद का द्विवार्षिक एक दिवसीय अधिवेशन 22 दिसंबर को कृषि भवन स्थित नवीन सभागार में सुबह 10:30 बजे से आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी मुख्य अतिथि, पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी, उप संभागीय परिवहन अधिकारी मौजूद रहेंगे। निर्वाचन कार्य को निष्पक्ष रूप से संपादन करने के लिए परिषद के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर हरकिशोर तिवारी, प्रदेश महामंत्री शिववरन सिंह यादव के नेतृत्व में निष्पक्ष रूप से निर्वाचन कार्य को संपन्न कराएंगे। इस मौके पर मुराद अली खान, जगदीश पटेल, चौधरी विश्व बंधु, मनोज कुमार सक्सेना, राजीव कुमार सक्सेना, शत्रुघ्न सिन्हा, मीडिया प्रभारी अमित कुमार केवट सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे हैं।

# चंडीगढ़ के खिलाफ आरुष ने खेली शतकीय पारी

कार्यालय संवाददाता,रामपुर



कोच के साथ आरुष गुप्ता।

**अमृत विचार :** विजय मर्चेंट क्रिकेट राज्य स्तरीय ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की अंडर-16 टीम के युवा खिलाड़ी आरुष गुप्ता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शतकीय पारी खेली है। उनका चयन रामपुर क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से हुआ था।

जिला रामपुर क्रिकेट एसोसिएशन के क्रिकेट कोच आलम खान ने बताया कि शनिवार को कर्नाटक में ट्रॉफी विजय मर्चेंट चल रही है। जिसमें यूपी अंडर-16 व चंडीगढ़ अंडर-16 की टीम का मैच हो रहा है। चंडीगढ़ राज्य की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। पूरी टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। यूपी अंडर-16 की टीम बल्लेबाजी करने उतर खेल समाप्त होने पर यूपी की टीम ने 6 विकेट पर 357 का विशाल स्कोर बना लिया है। जिसमें रामपुर के आरुष गुप्ता ने 172 गेंदों पर 157 रन की शतकीय पारी खेली। उनकी इस पारी में 10 चौके और तीन छक्के शामिल हैं। यूपी के कप्तान आलोक कुमार ने 50 रन, अंजे ने 50 रन बनाए। आरुष गुप्ता के इस प्रदर्शन से रामपुर क्रिकेट संगठन के सेक्रेटरी बसंत सिंह बघेल, अध्यक्ष इरफान हुसैन रामपुर क्रिकेट एसोसिएशन वी क्रिकेट कोच नितिन सिंह, विजय पंछी क्रिकेट कोच व उनके पिता अभिनव गुप्ता व अन्य परिजनों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।

## न्यूज ब्रीफ

### उपश्रमायुक्त से की निष्पक्ष जांच की मांग

**रामपुर,अमृत विचार :** रामपुर में एक फैक्ट्री हो रही अनियमितताओं के खिलाफ जांच को लेकर अखिल भारतीय सर्व वैश्य एकता महासभा के प्रदेशाध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने जिलाधिकारी से शिकायत की थी। जिसके बाद उनके कार्यालय द्वारा लेबर आफिस, प्रदूषण बोर्ड मुरादाबाद व क्षेत्राधिकारी को जांच सौंपी थी। संस्था के पदाधिकारियों ने शनिवार को उपश्रमायुक्त से मुलाकात कर निष्पक्ष जांच कराने का अनुरोध किया। जिस पर संबंधित अधिकारियों ने निष्पक्ष जांच करने का आश्वासन दिया। गौरव अग्रवाल ने बताया कि हमारी यह लड़ाई शुरू हो चुकी है, जिसको अभी कई मुद्दों पर जांच होना बाकी है। इस मौके पर प्रभात अग्रवाल, देवेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### टांडा में सूर्य के नहीं हुए दर्शन, बढ़ी सर्दी

**टांडा,अमृत विचार :** रामपुर शहर में सुबह से ही सूर्यदेव नजर आए, जिससे ठंड से राहत मिली। वहीं टांडा में पूरे दिन सूर्य नजर नहीं आए, जिससे लोग ठंड से परेशान रहे। सुबह से ही घना कोहरा और बादलों की चादर छाई रहने के कारण वातावरण धुंधला बना रहा। सड़कों पर दृश्यता कम होने से लोग ठिठुरते नजर आए। दिन भर सूरज न निकलने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। आम जनजीवन प्रभावित रहा। हालांकि शाम ढलते-ढलते जब बादल छंटे और सूरज की हल्की किरणें दिखाई दीं। ठंड के साथ ही कोहरे की दस्तक ने अभी से लोगों को परेशान कर दिया है। सबसे ज्यादा दिक्कत स्कूल जाने वाले बच्चों को रही है।

### घर में घुसकर मारपीट दो पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहबाद,अमृत विचार :** घर में घुसकर महिलाओं से मारपीट के मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है। पीड़ित के मुताबिक उसके पड़ोसी कय्यूम और खालिद उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने घर में मां और बहन को अकेला पाकर उन्हें गालियां दी। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट भी की। इसके बाद वे जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# संदिग्ध हालात में महिला की मौत

## परिजनों ने ससुरालियों पर लगाया दहेज के लिए हत्या करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता,रामपुर/पटवाई



जिला अस्पताल में खड़े महिला के परिजन। ● अमृत विचार



मृतका संगीता।

**अमृत विचार :** पटवाई के गांव हरियाल में 21 वर्षीय संगीता की शनिवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्रथम दृष्टया पुलिस मामले को आत्महत्या मानकर चल रही है, लेकिन मृतका के मायके पक्ष के लोगों ने हत्या का आरोप लगाया है। मौके पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने दहेज उत्पीड़न के बाद हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मिलक थाना क्षेत्र के गांव जेराहा निवासी संगीता का विवाह 10 मई 2024 को पटवाई के गांव हरियाल निवासी चंद्रप्रकाश शर्मा से हुआ था। मायके वालों का आरोप है, शादी के कुछ दिनों तक सब कुछ ठीक रहा। उसके बाद ससुराल वालों ने दहेज की मांग कर रहे थे। मांग पूरी नहीं होने पर संगीता को परेशान किया जा रहा था। शनिवार को सुबह सूचना मिली कि संगीता की मौत हो गई है। उसके जाकर देखा तो वह जमीन पर पड़ी थी। मायके वालों ने रोना पीटना शुरू कर दिया था। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर आ गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजन ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। पटवाई एसओ नरेश कुमार का कहना है कि मोबाइल को लेकर विवाद सामने आया है। प्रथम दृष्टया फंदा लगाकर आत्महत्या करने का मामला लग रहा है। लेकिन मायके पक्ष का हत्या का आरोप है तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

### पांच माह के बच्चे के सिर से उठा मां का साया

मायके पक्ष का आरोप है कि ससुराली दहेज के लिए काफी परेशान करते थे। पति-पत्नी में आए दिन इसीलिए झगड़ा होता रहता था। मोबाइल और बाइक नहीं मिलने पर संगीता को प्रताड़ित किया जाता था। पांच माह पहले ही उसने एक बच्चे को जन्म दिया था। मां के मरने के बाद पांच माह के बच्चे के सिर से मां का साया उठ गया। आए दिन किसी न किसी बात को लेकर दंपती में झगड़ा होता रहता था। संगीता जब अपने मायके वालों से फोन पर बात किया करती थी। तो उनको झगड़े के बारे में बताया करती थी। ताकि ससुराल वालों को मायके वाले समझा सके, लेकिन उसके बाद भी ससुराल वाले सुधर नहीं रहे थे। जिसका नतीजा यह निकला कि आखिरकार संगीता की मौत हो गई।

फिलहाल पुलिस हर बिंदु पर मामले की जांच कर रही है।

## मारपीट के मामले में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

**टांडा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लाम्बाखेड़ा में मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित ने दी तहरीर में बताया उसका भाई शम्सुद्दीन किसी काम से गांव की ही पुलिया पर गया था। पहले से मौजूद नासिर, इरशाद, रफाकत तथा दानिश ने उसे देखते ही गाली-गलौज शुरू कर दी, मारपीट करने लगे। पीड़ित के अनुसार आरोपी उससे और उसके परिवार से रंजिश रखते हैं। पीड़ित ने आरोप लगाया कि पूर्व में आरोपी उसकी बहन का अपहरण करने की कोशिश कर चुके थे। किसी तरह उसने बहन की इज्जत बचाने के लिए उसकी शादी दूसरी जगह की थी। इसी से नाराज होकर आरोपियों ने उसके भाई पर हमला कर दिया। उसका भाई किसी तरह जान बचाकर घर की ओर भागा, लेकिन आरोपी उसका पीछा करते हुए घर तक आ गए और दरवाजे पर फिर से मारपीट की। जिससे परिवार में दहशत का माहौल बन गया।

# पुलिस ने महिलाओं को पढ़ाया कानून का पाठ



महिलाओं को जागरूक करती टीम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मिशन शक्ति- 5 अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति केंद्र की टीमों द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

थाना-स्तरीय टीमों ने क्षेत्र के अलग-अलग विद्यालयों, शिक्षण संस्थानों, बाजारों, शॉपिंग मॉल, पार्क एवं सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया। जागरूकता कार्यक्रम में महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं तत्काल सहायता के विकल्प व हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन के बारे में बताया गया। मिशन शक्ति टीम ने थाना कोतवाली में महिलाओं व बालिकाओं को पंपलेट, कॉमिक्स एवं जागरूकता सामग्री वितरित की।

# गोवंशीय पशुओं के अवशेष मिले हिंदू संगठनों ने पहुंचकर जताया रोष

संवाददाता, स्वार



हिन्दू संगठनों के लोगों को समझाते कोतवाल प्रदीप मलिक, मौजूद संगठन के लोग।

**अमृत विचारः** क्षेत्र में गोवंशीय पशुओं के अवशेष मिलने से सनसनी फैल गई। जानकारी मिलते ही विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। प्रदर्शन किया। दो थाने स्वार व टांडा पुलिस ने मामले को संभाला, पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र भी मामले की जानकारी लेते रहे।

घटना थाना टांडा क्षेत्र के गांव सोनकपुर के जंगल की है। जंगल में पशुओं के अवशेष मिलने सूचना पर हिन्दू संगठनों के लोग भड़क गए। एकत्रित होकर मौके पर पहुंचे। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि क्षेत्र में लंबे समय से गौ तस्कर सक्रिय हैं, लेकिन पुलिस की लापरवाही के चलते उन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पा रही है। हिंदू संगठनों ने चेतावनी दी कि आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई और गौ तस्करी पर अंकुश नहीं लगाया गया तो आंदोलन किया जाएगा। कोतवाल प्रदीप मलिक ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया लेकिन हिन्दू संगठन शांत नहीं हुए। कोतवाल ने मामले की जानकारी टांडा कोतवाली प्रभारी संदीप मिश्रा को दी। जिस पर टांडा पुलिस मौके पर पहुंच गई। टांडा कोतवाल ने हिन्दू संगठनों के लोगों को मामले की जांच करा दोषियों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब हिन्दू संगठनों के लोग शांत हुए। पुलिस ने अवशेषों को जंगल गड्ढे में दबा कर जांच शुरू कर दी है। इस दौरान अशोक कर्रा, देवेंद्र कुमार, रामऔतार, राजेश, राहुल कुमार, अजय, राजीव कुमार, सुनील कुमार, शंकर, संजय गुप्ता, रवि मौर्य, संजीव कुमार, रघुवीर, पप्पू, ओमप्रकाश आदि हिंदू संगठनों के लोग मौजूद रहे।

● **स्वार और टांडा थाना पुलिस ने कराया मामला शांत**

## सभी विधानसभा क्षेत्रों में होगी विधायक खेल स्पर्धा

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास अधिकारी विशाल सिंह ने बताया कि युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में जिले की सभी विधानसभाओं में विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन होगा। कुल आठ श्रेणी में खेल की प्रतियोगिताएं होंगी।

बिलासपुर विधानसभा 36 में 15 एवं 16 को सर्व संस्कृति स्कूल में होगा। विधानसभा 38 मिलक में 16 एवं 17 दिसंबर को मिनी स्टेडियम, तिराहा (मिलक) में होगा। विधानसभा 37 नगर में 17 एवं 18 दिसंबर को शहीदे आजम स्टेडियम बमनपुरी में होगा। विधानसभा 35 चमरौआ में 18 एवं 19 दिसंबर को शहीदे आजम स्टेडियम, बमनपुरी में तथा विधानसभा 34 स्वार में दिनांक 26 एवं 27 दिसंबर को मंसब अली स्टेडियम टांडा में प्रतियोगिताएं होंगी।

# महिला ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



मृतका मीणा सैनी।

**अमृत विचार :** केमरी में दो दिन पहले सड़क हादसे में घायल महिला की बरेली में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है।

केमरी थाना क्षेत्र के गांव पिपलिया निवासी 35 वर्षीय मीणा सैनी 11 दिसंबर को पति महेंद्र के साथ पटवाई में किसी रिश्तेदार की तेरहवीं में शामिल होने गई थी। वहां से वापस आते समय केमरी थाना क्षेत्र के गांव सिमरिया मोड़ के पास किसी वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिसमें दोनों लोग घायल हो गए थे। मीणा की हालत गंभीर होने पर बेहतर इलाज के लिए बरेली रेफर कर दिया गया था। जहां शनिवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। जबकि महिला के पति की हालत ठीक बताई जा रही है। शाम तक अस्पताल में बैठे परिजन पोस्टमार्टम का इंतजार करते रहे। जबकि गांव में महिला के घर पर लोगों का तांता लगा रहा। सभी लोग शव आने का इंतजार करते रहे।



अस्पताल में बैठी महिला की रिश्तेदार। ● अमृत विचार

### मां की मौत के बाद चार बच्चे बेहाल

मीणा सैनी की 2005 में शादी हुई थी। 11 दिसंबर को तेरहवीं से लौटते समय सड़क हादसे में घायल हो गई थी। बरेली में इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। वह अपने पीछे चार बच्चों रोता-बिलखता छोड़ गई। महिला की मौत के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। अब चार बच्चों की देखभाल कौन करेगा। शाम तक अस्पताल में बैठकर लोग पोस्टमार्टम होने का इंतजार करते रहे।

# विधायक ने ग्रामीणों को ठंड से बचाने को कंबल बांटे



कार्यक्रम में लोगों को कंबल बांटते विधायक आकाश सक्सेना। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** नगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मडैयान उदयराज में शनिवार को सर्दी से राहत दिलाने के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम किया। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि भाजपा सरकार का गरीबों के प्रति समर्पण है, जो उन्हें सर्दी से पूर्व कंबल मिल रहे हैं।

पिछली सरकारों में तो सर्दी बीतने के बाद चेहरा देखकर कंबल बंटते थे। लेकिन अब सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति से काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि सिर्फ कंबल वितरण तक ही नहीं, बल्कि हर योजना में प्रत्येक पात्र को उसका हक मिल रहा है। कहा कि सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाना सरकार और जनप्रतिनिधियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान लगभग पांच सौ महिलाओं एवं पुरुषों को कंबल प्रदान किए। ग्रामीणों में खुशी देखने को मिली।

## सीओ के आदेश पर मारपीट मामले में नौ पर रिपोर्ट

**टांडा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मोहब्बतनगर गांव में बोरिंग को लेकर हुए विवाद में मारपीट के मामले में क्षेत्राधिकारी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने नौ नामजद लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित खुर्शीद निवासी मोहब्बतनगर ने पुलिस को तहरीर में बताया पिछले दिनों उसका खेत पर लगी बोरिंग को लेकर फरजन्द समेत अन्य से कहासुनी हुई थी। आरोप है बाद में जब पीड़ित घर पर नहीं था।

आरोपी उसके घर के सामने गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने खुर्शीद व उसके बेटे सकलैन अली व घर की महिलाओं के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। इसी दौरान जेब में रखा मोबाइल फोन गिर गया, जो आरोपियों के पास होने का आरोप है, क्षेत्राधिकारी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने फरजन्द समेत नौ लोगों पर मामला दर्ज किया है।

# पेड़ों का कटान वन विभाग के लिए बना सिरदर्द

संवाददाता, रामपुर/मसवासी

**अमृत विचार :** तहसील स्वार के मिलकखानम थाना क्षेत्र स्थित पीपली वन में कीमती पेड़ों का कटान वन विभाग के लिए सिर दर्द बन गया है। वन तस्करों और वन कर्मियों के बीच फिर से फायरिंग की घटनाएं आम हो गईं हैं। जो बड़ा रूप ले सकती है। मामले में वन विभाग उत्तराखंड पुलिस और उप्र की पुलिस से समन्वय बनाने का प्रयास कर रही है।

गुरुवार रात को भी पीपली वन में आधी रात को वन तस्कर जंगल में खैर सहित अन्य कीमती लकड़ी का अवैध कटान कर रहे थे। पेड़ गिरने की आवाज सुनकर वन कर्मियों को शक हुआ। वे मौके पर पहुंचे। खुद को घिरता देख तस्करों ने पहले फायरिंग शुरू कर दी। वन कर्मियों ने भी जवाबी फायरिंग की। जिसके बाद तस्कर लकड़ी और वाहन छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। आठ दिन पहले भी तस्करों और वन कर्मियों के बीच करीब एक घंटे तक मुठभेड़ हुई थी। उस दौरान तस्कर बाइक छोड़कर भागे थे, जिन्हें बाद में वापस ले जाया गया। डीएफओ प्रणव जैन ने कीमती खैर की लकड़ी के अवैध कटान की समस्या को गंभीरता से लिया है। उनका कहना है कि उत्तराखंड बॉर्डर पास होने के कारण खैर की लकड़ी पार करना आसान होता है। जबकि ज्यादा सख्ती करते हैं तो बात फायरिंग तक पहुंच जाती है। लेकिन कटान को रोकना चुनौती जरूर है, इसके लिए उत्तराखंड पुलिस और रामपुर पुलिस को समन्वय बनाकर रोकने का प्रयास कर रहे हैं। डीएफओ ने बताया कि खैर की लकड़ी कत्था बनाने में काम आती है, इसके लिए उत्तराखंड और यूपी में खपत होती है। इसकी चैन को ढूंढकर कार्रवाई कराएंगे, इसके लिए कड़े प्रयास किए जा रहे हैं।

● **उत्तराखंड बॉर्डर से कीमती लकड़ी पार कर वन तस्कर**

## न्यूज डायरी

### बच्चों ने नोएडा में किया शैक्षिक भ्रमण




**रामपुर, अमृत विचार :** दयावती मोदी अकादमी के विद्यार्थियों ने नोएडा स्थित किडजीनिया का शैक्षिक भ्रमण कर कैरियर संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। बच्चों ने मनोरंजक एवं व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध करियर विकल्पों को नजदीक से जाना और समझा। किडजीनिया में पहुंचकर बच्चों ने बैंकिंग, पायलट, कलाकार, डॉक्टर, इंजीनियर आदि विभिन्न पेशों की भूमिकाएं निभाईं। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. सुमन तोमर ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर प्रेक्टिकल नॉलेज प्रदान करते हैं। जिससे उनका सर्वांगीण विकास होता है। वे भविष्य के लिए बेहतर निर्णय लेने में सक्षम बनते हैं। हेड मिस्ट्रेस सपना पारुथी ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां बच्चों की रचनात्मकता, कल्पनाशीलता और सोचने समझने की क्षमता को विकसित करती हैं।



### वार्षिकोत्सव में होनहार बच्चों को किया सम्मानित

**रामपुर, अमृत विचार :** सेंट एंथनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को वार्षिक उत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल, विद्यालय के प्राचार्य ललित शर्मा तथा प्रबंधक डॉ. जुनिता जकी ने दीप प्रज्वलित करके किया। इसके बाद कार्यक्रम का आगाज सरस्वती वंदना के साथ किया गया। वंदना के बाद विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधानों में विविध गीतों पर सुंदर नृत्य प्रस्तुतियां दी, समारोह में विद्यालय की खेल इकाई द्वारा पीटी प्रदर्शन भी कराया। छात्रों ने संतुलन, अनुशासन और शारीरिक दक्षता का परिचय दिया। अंतिम चरण में प्रस्तुत किए जोशीले भांगड़ा ने पूरे वातावरण को ऊर्जा और उत्साह से भर दिया। विद्यालय की ओर से पिछले वर्ष कक्षा 10वीं और 12वीं के टॉपर छात्रों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय की प्रबंधक डॉ. जुनिता जकी और प्राचार्य ललित शर्मा ने कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए सांस्कृतिक गतिविधियां आवश्यक है, क्योंकि ये व्यक्तित्व निर्माण, आत्मविश्वास बढ़ाने और प्रतिभा निखारने में सहयोग करती हैं।



### राष्ट्रीय आविष्कार प्रतियोगिता में काजल प्रथम स्थान पर रही

**रामपुर,अमृत विचार :** ब्लॉक बिलासपुर में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय लिखित क्विज प्रतियोगिता एवं मौखिक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें उच्च प्राथमिक विद्यालय बेगमाबाद की काजल प्रथम स्थान पर रही, द्वितीय पर उच्च प्राथमिक विद्यालय तालमहावर की गौरी एवं तृतीय स्थान पर कस्बा राजपुर की किंचल रही। अभिषेक, एलिजा, उन्सा, यासीन, अंश कुमार ,रेहान, सुमित टॉप 10 बच्चों को लिखित एवं मौखिक परीक्षा के आधार पर चुना गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र सिंह बोरा ने किया। कार्यक्रम में आरपी मंगलसेन, जसवीर, लोकेश एवं आकांक्षा, शिक्षक पंकज पड़लिया, कमल, बॉबी, जावेद, सलीम, भारती यादव, अशोक यादव आदि उपस्थित रहे।

### सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने को एसपी ने नगर में की गश्त

**रामपुर,अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह के साथ साथ अपराध नियंत्रण के लिए शुक्रवार रात को क्षेत्र में गश्त की। इस दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था तथा आमजन मानस में सुरक्षा भावना जाग्रत करने के नगर क्षेत्र के थाना कोतवाली एवं थाना गंज क्षेत्र के मुख्य मार्गों, भीड़ भाड़ वाले स्थानों एवं बाजार में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की।



# सीडीओ को 63 की जगह 50 श्रमिक काम करते मिले

कार्यालय संवाददाता,रामपुर



कार्य का निरीक्षण करते सीडीओ। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुख्य विकास गुलाब चंद्र ने विकासखंड मिलक क्षेत्र में आने वाले ग्राम पंचायत धनेली में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत कराए जा रहे तालाब खुदाई कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय रोजगार सेवक ने बताया कुल 63 श्रमिकों का मास्टर रोल निर्गत किया गया था, जिसमें से 50 श्रमिक मौके पर उपस्थित पाए गए।

कार्यस्थल पर उपस्थित श्रमिकों से उनके जॉब कार्ड के संबंध में जानकारी ली, रोजगार सेवक की ओर से उपलब्ध कराए गए जॉब कार्ड का परीक्षण किया गया। मौके पर कार्यरत श्रमिकों के नाम एवं जॉब कार्ड संख्या का मनरेगा पोर्टल के माध्यम से सत्यापन किया। श्रमिक नारायण दास एवं चंद्रसेन ने बताया कि उनके जॉब कार्ड घर पर हैं, जिस पर उनकी जॉब कार्ड संख्या के आधार पर पोर्टल से पुष्टि की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने मौके पर चल रहे कार्य की वर्क आईडी के माध्यम से पोर्टल पर उपस्थिति सत्यापन किए जाने पर यह पाया। 12 दिसंबर के मस्टर रोल में एक ही फोटो की पुनरावृत्ति की गई है। इस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा खंड विकास अधिकारी को संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत धनेली उत्तरी में मनरेगा योजना अंतर्गत नवनिर्मित अन्नपूर्णा राशन दुकान का निरीक्षण किया। मौके पर उपस्थित अंत्योदय कार्ड धारक मंजू से खाद्यान्न वितरण के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिनके द्वारा बताया कि उन्हें प्रतिमाह नियमानुसार खाद्यान्न प्राप्त हो रहा है। निरीक्षण के दौरान कोटा डीलर से आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत कार्ड निर्माण के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिस पर अवगत कराया रवीना, विद्या देवी सहित अन्य पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त श्रम एवं रोजगार,खंड विकास अधिकारी मिलक, संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, एपीओ, ग्राम प्रधान एवं अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

● **रोजगार सेवक ने उपलब्ध कराए जॉब कार्ड का परीक्षण किया**

## थाना समाधान दिवस में आई तीन शिकायतें एक का निस्तारण

**शाहबाद, अमृत विचार:** कोतवाली परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान तीन शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिनमें से एक शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। दो शिकायतों को नायब तहसीलदार हरीश जोशी ने संबंधित को सौंपा। जल्द से जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान कोतवाल ने अधीनस्थों से कहा कि जो शिकायत हमारे पास आ जाए, उसका एक बार में ही निस्तारण हो जाना चाहिए। हमारे होते हुए जनता परेशान नहीं होनी चाहिए। इस दौरान उपनिरीक्षक जयप्रकाश यादव, कानूनगो मुकेश सक्सेना, लेखपाल अमित तिवारी, तपेन्द्र सिंह, सुखदेव आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### किराया मांगने पर यात्री ने चालक को पीटा

अमरोहा,अमृत विचार: किराया मांगने पर सवारी ऑटो चालक के साथ मारपीट की, पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़ित ऑटो चालक महबूब निवासी मोहल्ला कुरैशी, अमरोहा ने बताया। वह एक व्यक्ति को कुटीपुरा गांव छोड़ने के लिए ऑटो बुक करके ले जा रहा था। कुटीपुरा पहुंचने से पहले महबूब ने यात्री से किराए के पैसे मांगे। इस पर उसने ऑटो रुकवाकर उससे मारपीट की। गाली-गलौज की और उसे जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद वह बिना किराया दिए ऑटो से उतरकर फरार हो गया।

### गाली देने से मना करने पर की मारपीट

सैदनगली,अमृत विचार: गांव ढक्का में मामूली कहासुनी ने गंभीर विवाद का रूप ले लिया। आरोप है दूध की डेयरी पर बैठे दो युवकों पर पड़ोसी युवकों ने गाली-गलौज करने से मना करने पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। गुलफ्सा पत्नी फरमान ने सैदनगली थाने में तहरीर देकर बताया कि उनका भाई अमान गांव की दूध डेयरी पर बैठा था। तभी पड़ोस के भूरा, इमरान, आदिल और समीर ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। अमान ने उन्हें रोका, तो चारों ने मिलकर अमान के साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने आए गुलफ्सा के पति फरमान को भी पीट दिया। हमलावरों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने पुलिस से हमलावरों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। थाना अध्यक्ष विकास कुमार सहरावत ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### मेढ़ काटने के विरोध में पिता-पुत्र पर हमला

अमरोहा,अमृत विचार: किसान की जमीन पर जेसीबी से मेढ़ काट रहे लोगों ने विरोध करने पर किसान व उसके बेटे पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीन सगे भाइयों सहित चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना नौगावां सादात क्षेत्र के गांव रामपुर सफेद गांव निवासी किसान वीरेश कुमार के मुताबिक 11 दिसंबर की सुबह वह बेटे रवि के साथ खेत पर पहुंचे तो वहां उनके सगे भाई विपिन, मोनू व सुंदर के अलावा विवेक जेसीबी से उनके खेत की मेढ़ काट रहे थे। जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने पिता पुत्र पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। झगड़ा होता देख लोग मौके पर पहुंचे और दोनों को बचाया और अस्पताल में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# डीएम और एसपी ने सुनीं शिकायतें

## पांच में से दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण, समय से शिकायतों को हल करने पर जोर



थाना समाधान दिवस में शिकायत सुनते डीएम और एसपी। ● अमृत विचार

संवाददाता हसनपुर

अमृत विचार: कोतवाली परिसर में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में क्षेत्र वासियों की शिकायत डीएम निधि गुप्ता वत्स और एसपी अमित कुमार आनंद ने सुनीं। थाना समाधान दिवस में पांच शिकायत दर्ज हुईं। जिसमें से दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

हसनपुर थाना में आयोजित समाधान दिवस के दौरान प्राप्त प्रार्थना शिकायतों का मौके पर ही अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के उचित, गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण के लिए निर्देश दिए। डीएम एवं एसपी ने कहा,प्रत्येक

● डीएम ने अफसरों को दी चेतावनी लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

शिकायत का निष्पक्ष, समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राजस्व एवं पुलिस से संबंधित मामलों में आपसी समन्वय स्थापित कर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील रहते हुए शासन की मंशा के अनुरूप त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए आदेश दिए। थाना समाधान दिवस में संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा बेहद आवश्यक, बनाएं मजबूत रणनीति

संवाददाता गजरौला

अमृत विचार : डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि सुरक्षा मापदंडों को अपनाकर ही सुरक्षात्मक माहौल बनाया जा सकता है। सुरक्षा को बेहद आवश्यक बताते हुए उन्होंने सभी औद्योगिक इकाइयों से इसके लिए मजबूत रणनीति बनाने की बात कही। साथ ही कहा कि इसके लिए इकाई के मुख्य द्वार के पास ही कोई सुदृढ़ व्यवस्था कराई जाए ताकि आपातकालीन स्थिति में कोई परेशानी न होने पाए। इसके लिए 15 जनवरी तक का समय भी दिया।

शनिवार को जिला ऑफ साइट आपात मॉक ड्रिल के तहत जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इससे पूर्व ऑफीसर्स क्लब में हुई बैठक में डीएम ने वहां आमंत्रित विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के अधिकारियों से कहा कि सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। सुरक्षा चक्र इस कदर मजबूत हो कि आपातकालीन

● जिला ऑफ साइट आपात मॉक ड्रिल के तहत जुबिलेंट पहुंचीं डीएम निधि गुप्ता वत्स

स्थिति में कोई अवरोध न होने पाए। उन्होंने इसके लिए इकाई के मुख्य द्वार के पास ही व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस दौरान जुबिलेंट में अमोनिया गैस का रिसाव होने पर सुरक्षा एवं बचाव के त्वरित कार्यों का मॉकड्रिल किया गया। वहां मौजूद अधिकारियों ने अत्याधुनिक उपकरणों से लैस जुबिलेंट की सुरक्षा टीम की प्रशंसा की। एसपी अमित कुमार आनंद ने इस तरह के आयोजन को बेहद आवश्यक बताया। इस मौके पर एडीएम गरिमा सिंह, एसडीएम विभा श्रीवास्तव, मंडी धनौरा की सीओ अंजलि कटारिया, जुबिलेंट के यूनिट हेड विनोद झा, उपायुक्त उद्योग शैलेंद्र कुमार सिंह, निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित, डा.सुजिंदर फोगाट, सीएमओ डा. एसपी सिंह आदि मौजूद रहे।

## पड़ोसी ने बी-फार्मा छात्रा से किया दुष्कर्म

आदमपुर (अमरोहा),अमृत विचार: आदमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 21 वर्षीय बी-फार्मा की छात्रा से पड़ोसी युवक ने रात में दीवार फांदकर कमरे में जाकर दुष्कर्म किया। छात्रा की अश्लील वीडियो बनाकर शिकायत करने पर वायरल करने की धमकी भी दी।

छात्रा के पिता ने थाने में तहरीर देते हुए बताया 5 दिसंबर को पत्नी के साथ तीर्थ यात्रा पर गए थे। उनकी दोनों बेटियां घर पर रात में अकेली थी। पास के

● अश्लील वीडियो बनाकर कर रहा ब्लैकमेल

ही रहने वाला युवक दीवार फांदकर बेटी के कमरे में घुस गया और उससे दुष्कर्म किया। साथ ही उसकी वीडियो बनाकर धमकी दी। यदि किसी को कुछ बताया तो वीडियो वायरल कर देगा। जब वह लौटकर आया तो पीड़िता ने आपबीती सुनाई जिसके बाद थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में आरोपी अमित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष कुमरेश त्यागी ने बताया कि तहरीर के आधार पर अमित के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

# कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल



सड़क हादसे के बाद जुटी भीड़, जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

संवाददाता सैदनगली

अमृत विचार: गांव ढक्का मोड़ पर कार और बाइक की भिड़ंत में दो युवक घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया है। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया।



क्षतिग्रस्त कार।

ढक्का भूड़ शर्की निवासी आजम अपने रिश्तेदार सद्दाम निवासी अशोक विहार थाना लोनी जिला गाजियाबाद के साथ सैदनगली किसी काम से जा रहा थे। शनिवार सुबह जैसे ही दोनों बाइक सवार संभल मार्ग पर ढक्का मोड़ पर पहुंचे तो संभल की ओर से मेरठ जा रही कार से बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही दोनों बाइक सवार घायल हो गए। मौके पर राहगीरो की भीड़ जुट गई। राहगीरों ने घायलों को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां उनका इलाज चल रहा है। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार व बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है। दरोगा सत्येंद्र नागर ने बताया कि कार चालक प्रदीप कुमार अपनी कार लेकर मेरठ जा रहे थे। जबकि बाइक सवारी युवक सैदनगली किसी काम से जा रहे थे। अभी किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलती है तो जांच कार्रवाई की जाएगी।

# शिवाला पर हुआ गायत्री यज्ञ, भक्तों ने दीं आहुतियां

संवाददाता हसनपुर

अमृत विचार:श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर परिसर में शनिवार सुबह शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में एक गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने आहुतियां देकर विश्व शांति की प्रार्थना की।



शिवाला मंदिर पर हवन करते लोग ।

शांतिकुंज हरिद्वार ने स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे देश में ज्योति कलश यात्रा निकाली जा रही है। शुक्रवार को ज्योति कलश यात्रा का रथ नगर में पहुंचा तो भक्तों ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। शांतिकुंज के साधकों ने रात्रि विश्राम शिवाला मंदिर पर किया गया था। शनिवार की सुबह नगर के श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर पर शांतिकुंज की ओर से मंदिर प्रांगण में एक गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ आहुतियां दी और विश्व शांति की प्रार्थना की। अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि इस कलश ज्योति यात्रा का उद्देश्य मानव के अंदर की कमियों को दूर करना और अपनी नेक कमाई का कुछ भाग सत्कर्म में लगाने के प्रति जागरूक करना है। इस मौके पर अनिल कुमार शर्मा, चंद्रसेन अग्रवाल,अमित शर्मा, शिशुपाल सिंह, महिपाल, धर्मपाल, छत्रपाल, कुसुम, ममता, अंजलि, सतवीर गिरी, महेश शर्मा, देवेंद्र शास्त्री, पप्पू गिरी, संजीव शर्मा समेत आदि मौजूद रहे।

## एसपी ने तीन चौकी प्रभारी बदले

अमरोहा, अमृत विचार: अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था मजबूत करने को लेकर एसपी अमित आनंद ने तीन चौकी प्रभारियों का तबादला कर दिया है।

एसपी अमित कुमार आनंद ने शुक्रवार देर रात तीन चौकी प्रभारी बदले। जिसमें जोया चौकी इंचार्ज दरोगा नरेंद्र कुमार को गजरौला कस्बा चौकी इंचार्ज बनाया गया है। वहीं, गजरौला चौकी इंचार्ज दरोगा रामनिवास को थाना सैद नंगली भेजा गया है।

पेनेशिया चौकी इंचार्ज दरोगा संजीव कुमार को जोया चौकी इंचार्ज की जिम्मेदारी सौंपी गई है। एसपी ने स्पष्ट किया है कि जिले में लापरवाही और अपराध के प्रति ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि बेहतर कार्य न करने वाले अधिकारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाएगी।

# चार सौ मीटर दौड़ में पुलकित ने मारी बाजी

● खेलों के माध्यम से भी विद्यालय का नाम रोशन किया जा सकता है: अजय टंडन

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

अमृत विचार : घनश्याम दास टंडन सरस्वती विद्या मन्दिर कैलसा में वार्षिक खेलकूद महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि वैंकटेश्वर विश्वविद्यालय के वाइस चॉसलर डॉ. राजीव त्यागी ने फीता काटकर किया। खेलकूद प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों ने 100 मी., 200मी., 400मी. दौड़, रिले रेस, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, बैडमिंटन आदि प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

शनिवार को कैलसा स्थित घनश्याम दास टंडन सरस्वती विद्या मन्दिर विद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता ट्रॉफी के साथ। ● अमृत विचार

इस दौरान स्कूल के अध्यक्ष अजय टंडन ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद विभिन्न हाउस टीमों ने परेड किया। 400 मीटर दौड़ में सीनियर बालक वर्ग में पुलकित ने प्रथम, आजाद ने द्वितीय तथा शाने आलम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में प्राइमरी बालिका वर्ग में दीपा ने प्रथम, लता ने द्वितीय तथा एंजिल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 6 से 8 में 200 मी. दौड़ में बालक वर्ग में अर्पित सागर ने प्रथम, हर्षित ने द्वितीय तथा अर्पित भारद्वाज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बतौर मुख्य अतिथि डॉ. राजीव त्यागी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा जीवन में आगे बढ़ा जा सकता है। विद्यालय के अध्यक्ष अजय टण्डन ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ ही खेलों में वढ़ चढ़ प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान डॉ. राजीव त्यागी व विद्यालय के अध्यक्ष अजय टण्डन, प्रबंधिका अंजलि टण्डन, निदेशिका अदिति टण्डन एवं प्रधानाचार्य राजेन्द्र वर्मा द्वारा विजेताओं को मेडल एवं ट्राफी देकर सम्मानित किया।

# डॉ. यतींद्र की पुस्तक का किया विमोचन

संवाददाता मंडी धनौरा

अमृत विचार: भारतीय भाषा दिवस पर राज्यपाल मोहम्मद ख़ान ने राज भवन पटना में देश विदेश में हिन्दी संवर्धन के लिए उल्लेखनीय योगदान दे रहे मंडी धनौरा के निवासी डॉ. यतींद्र कटारिया की नवीन कृति विचार वीथिका का विमोचन किया। तथा हिन्दी सेवा के उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. यतींद्र कटारिया की हौसला औफजाई करते हुए सम्मानित किया।

महाकवि सुब्रह्मण्यम भारती के जन्मदिवस पर भारतीय भाषा दिवस के अवसर पर राज भवन पटना में राज्यपाल आरिफ़ मोहम्मद ख़ान ने अंतरराष्ट्रीय हिन्दी सेवी व लेखक तथा डॉ. यतींद्र कटारिया की नई किताब विचार वीथिका का विमोचन किया। तथा तथा



किताब का विमोचन करते राज्यपाल।

डॉ. यतींद्र कटारिया द्वारा देश विदेश में हिंदी सेवा के लिए उनके योगदान की सराहना करते हुए शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय भाषाएं एक दूसरे को जोड़ती है तथा भाषा विविधता व्यक्तित्व निर्माण व उत्तम स्वास्थ्य का परिचायक भी है कहा कि राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में हिन्दी को आत्मसात करते हुए

● राज्यपाल मोहम्मद खान ने डॉ. कटारिया के कार्यों को सराहा

सभी भारतीय भाषाओं का सम्मान करना चाहिए व स्वाध्याय तथा चिंतन को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाना चाहिए। इस मौक़े पर विचार वीथिका के रचनाकार डॉ. कटारिया की प्रशंसा करते हुए कहा कि समन्वय भाव के साथ भाषाई व्यक्तित्व ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि साहित्य देश और समाज को जोड़ता है तथा राष्ट्रिय संवेदनाओं रह मानवता का पाठ पढ़ाता है,डॉ कटारिया की रचना विचार वीथिका वैचारिक जागरण को गति प्रदान करेगी। साथ ही उन्होंने ने विश्व पटल पर बढ़ते हुए हिन्दी के वर्चस्व पर प्रकाश डाला तथा हिंदी के विश्व परिवेश के साथ साथ भारतीय भाषाओं की वैज्ञानिकता से रूबरू कराया।

# एक करोड़ से होगा आठ जर्जर सड़कों की मरम्मत

संवाददाता गजरौला

अमृत विचार : शहर की जर्जर सड़कों से लोगों को जल्द ही राहत मिलेगी। शहर क्षेत्र में आठ नई सड़कों के निमार्ण को मंजूरी मिल गई है। इन सभी सड़कों पर लगभग एक करोड़ रुपये की लागत आएगी। नगर पालिका प्रशासन ने एस्टीमेट बना लिया है। अगले कुछ दिनों में निमार्ण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। गौरतलब है कि शहर के वार्ड नंबर नौ,12, 16 और 20 में सड़कें जजर्र हो गई है। नागरिकों को आवागमन में परेशानी हो रही है।

सड़क निर्माण की मांग कई बार सभासद कर चुके हैं। इसे देखते हुए नगर पालिका प्रशासन ने करीब एक करोड़ रुपये का एस्टीमेट बनाया है। इससे कुल आठ सड़कों का निर्माण

● सड़कों की मरम्मत से आवागमन की समस्याएं होंगी दूर

कराया जाएगा। इसमें आरसीसी व इंटरलाकिंग सड़कें बनाई जाएंगी। नगर पालिका प्रशासन ने इस ओर प्रक्रिया शुरू कर दी है। जल्द काम शुरू होने की उम्मीद है। वार्डों में सड़कों का निर्माण होने से न सिर्फ यातायात सुगम होगा, बल्कि बारिश के मौसम में होने वाली दूसरी दिक्कतों से भी राहत मिलेगी। नगर पालिका ईओ ललित कुमार आर्य ने बताया कि सड़क निर्माण के लिए एक करोड़ रुपये का एस्टीमेट बनाया गया है। इस बजट से आठ सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। जिसमें कुछ आरसीसी के अलावा इंटरलाकिंग सड़कें बनेंगी। काम जल्द शुरू करा दिया जाएगा।

# ओमप्रकाश राजभर आज आएंगे अमरोहा

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

अमृत विचार: सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर रविवार को अमरोहा की धरती से दलित, वंचित व शोषित वर्ग के हक की हुंकार भरेंगे।

रविवार को कैलसा स्थित मोती स्मृति कॉलेज के मैदान में जनसभा होगी। सुभासपा जिलाध्यक्ष सतपाल तोमर ने बताया कि करीब सात वर्षों के लंबे अंतराल के बाद कैबिनेट मंत्री का अमरोहा आगमन हो रहा है। ऐसे में कार्यकर्ताओं और समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम को लेकर न केवल सुभासपा संगठन पूरी तरह सक्रिय है बल्कि प्रशासनिक महकमा भी पूरी तरह अलर्ट मोड पर है और सुरक्षा व यातायात व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया गया



जनसभा स्थल पर तैयारियों का जायजा लेते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● पदाधिकारियों ने सभास्थल पहुंचकर तैयारियों का लिया जायजा

है। सभा की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए शनिवार को सुभासपा के पदाधिकारियों ने व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल के साथ सभा स्थल का निरीक्षण कर मंच, पंडाल, बैठने की व्यवस्था, पार्किंग व सुरक्षा इंतजामों का बारीकी से जायजा लिया। सुभासपा जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर इससे पूर्व अमरोहा के प्रभारी मंत्री के रूप में जिले में आए थे उसके बाद लगभग सात वर्षों बाद वे फिर अमरोहा पहुंच रहे हैं। इस दौरान वे केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों, सामाजिक न्याय, आरक्षण, गरीब, मजदूर, किसान व पिछड़े वर्गों से जुड़े मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखेंगे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि रवि चौधरी, मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह, सुमित चौधरी, जॉनी अभिनव अग्रवाल, नीतू, शोभित, प्रज्ञा, आदेश अमरोही, रितिक, विवेक समेत अन्य रहे।

# क्षत्रिय समाज ने लक्ष्यराज सिंह का किया स्वागत



लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ का करते स्वागत लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता मंडी धनौरा

अमृत विचार: क्षत्रिय समाज के लोगों ने महाराणा प्रताप के कुल में जन्मे लक्ष्यराजसिंह का गोलघर स्थित यूनिक हास्पिटल में भव्य जोरदार स्वागत किया।

स्वागत समारोह में क्षत्रिय समाज के साथ अन्य समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शनिवार को लक्ष्यराजसिंह मेवाड़ निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बिजनौर जनपद जा रहे थे। लक्ष्यराजसिंह मेवाड़ मेवाड़ राजवंश के सदस्य हैं और उन्होंने अपने सामाजिक कार्यों और मेवाड़ की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर डाक्टर आदित्य चौहान, सुबोध देवरा,नौबहार चौहान,भुवनेश त्यागी, अतुल त्यागी, नरेन्द्र कटारिया ,राजा साहब आदि मौजूद थे।

## युवक को पड़ोसी ने पीटा, चार पर रिपोर्ट

गजरौला, अमृत विचार: युवक को पड़ोसियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गांव कांकाठेर निवासी सत्यम शुक्रवार रात अपने घर पर था।

इस दौरान किसी बात को लेकर उसके पड़ोसी ने गाली-गलौज करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर सत्यम को उन्होंने लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। जमा हुए भीड़ ने किसी तरह आरोपियों से सत्यम को बचाया तथा घायल को सत्यम को सीएचसी में भर्ती कराया। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई करने की मांग की। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मामले में पीड़ित की तहरीर पर क्षेत्र के गांव कांकाठेर निवासी जोगेश, लीलू, ऋषिपाल, मनीष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# तंगी से जूझ रहा मृतक का परिवार

● दिल्ली ब्लास्ट में मारे गए अशोक की पत्नी ने लगाई मदद की गुहार

संवाददाता हसनपुर

अमृत विचार: दिल्ली बम ब्लास्ट में मारे गए अशोक गुर्जर की पत्नी ने प्रदेश सरकार से आर्थिक सहायता की मांग की। कहा कि जनप्रतिनिधियों ने कोई भी सहायता नहीं की सिर्फ यूट्यूबरों द्वारा सहायता की गई है। मांग करते हुए कहा कि उनको बच्चों की शिक्षा में मदद की जाए।

तहसील क्षेत्र के गांव मंगरोला निवासी अशोक गुर्जर 10 नवंबर को दिल्ली में हुए ब्लास्ट में मारे गए थे। उनके परिवार के सामने अब जीवन यापन का संकट खड़ा हो गया। शनिवार को मृतक अशोक गुर्जर की पत्नी ने मीडिया कर्मियों से अपनी आर्थिक स्थिति को साझा



अशोक गुर्जर की पत्नी अपनी पीड़ा बताते हुए। ● अमृत विचार

किया। उन्होंने बताया पति की मौत के बाद से उनकी जिंदगी में घोर निराशा छाई हुई है। 2 महीने से उनके बच्चे स्कूल नहीं जा पाए हैं। क्योंकि उनके पास फीस भरने और शिक्षा का खर्च उठाने के लिए पैसे भी नहीं हैं। आर्थिक तंगी के कारण बच्चों की शिक्षा बीच में ही रुक गई है। अभी तक सरकार की तरफ से कोई भी आर्थिक सहायता नहीं मिल पाई है। आर्थिक तंगी के चलते वह दिल्ली में नहीं रह सकीं और अब अपने बच्चों के साथ गांव में रहने को मजबूर हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार से विनम्र गुहार लगाई है कि उनके परिवार को जल्द से जल्द आर्थिक व्यवस्था प्रदान की जाए ताकि उनके बच्चों को अच्छी शिक्षा प्राप्त हो सके और परिवार का भरण-पोषण हो सके।

# ठंड के चलते छात्राओं को वितरित किए गर्म कपड़े

संवाददाता हसनपुर

अमृत विचार: क्षेत्र के एक बालिका इंटर कॉलेज में ट्रस्ट के द्वारा गरीब बालिकाओं को जर्सी का वितरण किया गया। जर्सी प्रकार बालिकाओं के चेहरे पर खुशी झलक उठी।

शनिवार को तहसील क्षेत्र के ग्राम रहरा स्थित चौधरी बिहारी सिंह त्यागी कन्या इंटर कॉलेज के प्रांगण में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को जर्सी वितरण करना था। कार्यक्रम के दौरान जनकल्याण सेवा ट्रस्ट पथरा के द्वारा 25 बालिकाओं को जर्सी का वितरण किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष राकेश भारद्वाज द्वारा बताए गए कि आगामी समय में बालिकाओं को जूते एवं जर्सी का और भी




बालिकाओं को बांटी गई जर्सी।

वितरण किया जाएगा। विद्यालय प्रधानाचार्य अनीता शर्मा द्वारा ट्रस्ट के पदाधिकारी का इस कार्य के लिए आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर श्याम सुंदर मौर्य, राजपाल सिंह, अरविंद कुमार, बॉबी कुमार, बृजेश कुमार, रामपाल सिंह, विजेंद्र सिंह,रेखा ठाकुर, रेखा सिंह, शोभा त्यागी,रश्मि रानी आदि मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### बबराला में सड़क निर्माण के चलते रूट डायवर्जन

बबराला, अमृत विचार : नगर के स्टेशन रोड पर सड़क और नाला निर्माण कार्य शुरू होने के कारण यातायात का रूट डायवर्जन लागू कर दिया गया है। नगर पंचायत द्वारा जारी सूचना के अनुसार, सड़क निर्माण होने की अवधि में रेलवे रोड मुख्य बाजार में भारी व हल्के वाहनों की नो एंट्री लागू कर दी गई है। अब वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से निकाला जाएगा। अलीगढ़ और बदायूं से अनूपशहर की ओर जाने वाले वाहन इन्द्रा चौक से नूरपुर तिराहा, केसरपुर तिराहा होते हुए अनूपशहर की ओर जा सकेंगे। वापसी भी इसी मार्ग से होगी। अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी ने वाहन चालकों से अपील की है कि असुविधा से बचने के लिए निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का ही प्रयोग करें तथा यातायात नियमों का पालन करें।

### आठ दंपतीयों ने की आपस में सुलह

बहजोई, अमृत विचार : पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र पर छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद के कारण अलग हुए दंपतीयों को मिलाने का काम किया गया। काउंसलर ने उन्हें समझाया तो दंपतीयों ने समझौते के आधार पर अपना विवाद समाप्त करते हुए एक बार फिर से साथ-साथ रहने का फैसला किया। पुलिस लाइन से ही वह अपने घर खुशी-खुशी वापस लौट गए। महिला सेल प्रभारी रकम सिंह ने बताया कि 70 पत्रावली सुनकर 9 पत्रावली का निस्तारण किया गया है। आठ मामलों में समझौते के आधार पर विवाद समाप्त हुआ है। इस दौरान अमन खुराना, श्वेता गुप्ता, बबीता शर्मा, सीमा आर्य आदि ने सहयोग किया

### नोडल अधिकारी ने अस्पताल सील किया

**ओबरी/ संभल, अमृत विचार:** गांव ओबरी स्थित गौसिया हास्पिटल में शनिवार को स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी मनोज चौधरी ने छापेमारी की। उन्हें कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। अस्पताल निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित नहीं होने, नियमों का पालन नहीं करके कारण अस्पताल को सील कर दिया गया।

# स्कूल गए तीन नाबालिग छात्र लापता, गुमशुदगी दर्ज

संभल/मनोटा

- **तीनों हमउम्र बच्चे एक ही क्लास में पढ़ते हैं**

**अमृत विचार:** ऐचौड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव सेवड़ा जसरथ नगला निवासी कामेश पुत्र गनपत सिंह ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका 15 वर्षीय बेटा ऋषभपाल गुरुवार को स्कूल गए थे लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटा। उसके साथ गांव का ही गौरव पाल पुत्र चम्पत सिंह तथा पड़ोसी गांव देहपा थाना नखासा निवासी माधवेंद्र सारस्वत पुत्र देवेंद्र कुमार शर्मा भी थे। तीनों छात्र सैद नगली स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में कक्षा 10 के विद्यार्थी हैं और आपस में अच्छे दोस्त हैं। परिजनों के अनुसार, शाम तक बच्चों के घर न लौटने पर उन्होंने स्कूल जाकर जानकारी की। स्कूल में प्रधानाचार्य ने कक्षा अध्यापक से पूछताछ के बाद बताया कि तीनों छात्र स्कूल नहीं पहुंचे थे। बच्चों के परिजनों ने ऐचौड़ा कंबोह थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी । पुलिस का कहना है कि बच्चों की तलाश के प्रयास किए जा रहे हैं।

## दो नाबालिग भाइयों को अगवाकर हत्या के मामले में फरार आरोपी को तलाश कर रही पुलिस

# बहन ने शादी से मना किया, इसलिए कर दी भाइयों की हत्या

कार्यालय संवाददाता, संभल

- **घटना से कुछ दिन पहले लड़की ने आरोपी युवक की चिमटे से कर दी थी पिटाई**
- **बरात में जाते समय दोनों भाइयों को आरोपी अगवाकर ले गया था**

**अमृत विचार:** थाना धनारी क्षेत्र में ननिहाल से बरात में जाते समय अगवा किए गए दो भाइयों की हत्या के मामले में पुलिस अब तक आरोपित को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

प्रारंभिक जांच और परिजनों के बयानों से सामने आया है कि एक युवक ने शादी से इनकार करने पर दोनों भाइयों की हत्या की वारदात को अंजाम दिया। हालांकि, इस सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड की पूरी सच्चाई आरोपित की गिरफ्तारी के बाद ही सामने आएगी।

घटना तहसील गुन्नौर के थाना धनारी क्षेत्र के गांव मझोला से जुड़ी है। अमरपाल (14) और कमल सिंह (10) पुत्र रामौतार, थाना बहजोई क्षेत्र के गांव मैथरा धर्मपुर के निवासी थे। दोनों 26 नवंबर को गांव मझोला स्थित अपनी ननिहाल से रिश्तेदार की बारात में शामिल होने के लिए अन्य बारातियों के साथ पिकअप में सवार होकर निकले थे। रास्ते में उनके मौसेरे भाई धर्मवीर (24) पुत्र नेत्रपाल निवासी गांव सरैरा, थाना उघैती, जनपद बदायूं ने बाइक पर बैठाने के बहाने दोनों को पिकअप से उतार लिया। इसके बाद दोनों भाई बरात में नहीं पहुंचे। काफी तलाश के बाद पिता रामौतार ने थाना धनारी पुलिस को सूचना दी और धर्मवीर के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई।

बताया गया कि धर्मवीर चंदौसी के एक संस्थान से डी-फार्मा कर रहा है और मेडिकल स्टोर पर काम करता है। उसका ननिहाल भी गांव मझोला में है। मृतक बच्चों और आरोपित के नाना आपस में रिश्तेदार हैं। परिजनों के अनुसार धर्मवीर मृतक भाइयों अमरपाल व कमल सिंह की बहन बबीता से शादी करना चाहता था। शादी से इनकार करने पर आरोपी ने घर में विवाद किया और मारपीट की। इसी दौरान लड़की ने चिमटे से उसकी पिटाई कर दी। जाते समय आरोपी ने दोनों भाइयों को जान से मारने की धमकी दी थी। उसी शाम दोनों भाइयों का अपहरण कर लिया गया। 29 नवंबर को थाना रजपुरा क्षेत्र के गांव सिंघौली कल्लू में गन्ने के खेत से बड़े भाई अमरपाल का शव बरामद हुआ। पहले उसकी पहचान नहीं हो सकी, लेकिन बाद में शिनाख्त हो गई। इसके बाद 12 दिसंबर को छोटे भाई कमल सिंह का शव थाना धनारी क्षेत्र के गांव भकरौली स्थित तालाब से सड़ी-गली अवस्था में बरामद हुआ। एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा ने बताया कि आरोपित की गिरफ्तारी के लिए एसओजी सहित पांच थानों की पुलिस और करीब 10 टीमों को लगाया गया है। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

# एक और पुलिस चौकी का किया उद्घाटन

## अमरोहा व मुरादाबाद जनपद के सीमावर्ती इलाके में मनोटा में बनाई गई पुलिस चौकी, सुरक्षा होगी मजबूत

कार्यालय संवाददाता, संभल/मनोटा

**अमृत विचार:** संभल में 24 नवंबर 2024 को हुई हिंसा की घटना के बाद भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए संभल शहर में नई पुलिस चौकियों का निर्माण कराया गया तो अब जनपद के बॉर्डर पर भी पुलिस चौकियां बनाने का काम शुरू किया गया है। अमरोहा और मुरादाबाद जनपद के सीमा क्षेत्र वाले मनौटा में बनकर तैयार हुई पुलिस चौकी का उद्घाटन शनिवार को जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने किया।


मनोटा में छात्रा के हाथ से पुलिस चौकी का उद्घाटन कराते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

- **पुलिस की तैनाती के साथ ही सीसीटीवी से रहेगी आने-जाने वालों पर नजर**
- **एसपी ने कहा, बार्डर पर पुलिस चौकियां संभल में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था का हिस्सा**

24 नवंबर 2024 को संभल में हिंसा के बाद जिन 37 जगहों को पुलिस चौकी निर्माण के लिए चुना गया था, मनोटा भी उनमें से एक है। मनोटा में संभल जोया मुख्य मार्ग पर सैदनगली तिराहा पर बनी इस पुलिस चौकी के भवन को शनिवार को सजाया गया था। उद्घाटन से पहले पुरोहितों ने पुलिस चौकी परिसर में विधि विधान के साथ हवन पूजन कराया। थाना प्रभारी मोहित चौधरी के साथ ही सीओ कुलदीप कुमार भी पूजन में शामिल हुए। इसके बाद वहां पहुंचे जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने हवन में पूर्णाहुति दी। इसके बाद जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने कक्षा 9 की छात्रा कुमारी सोफिया से फीता कटवाकर पुलिस चौकी का उद्घाटन किया। वहां लगे शिलापट का लोकार्पण दोनों अधिकारियों ने किया। कार्यक्रम के दौरान एक दर्जन से ज्यादा ग्राम प्रधानों, किसान यूनियन व अन्य सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों व अन्य गणमान्य लोगों ने पुलिस चौकी निर्माण को लेकर डीएम व एसपी का आभार जताया। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने कहा कि नये पुलिस थानों व पुलिस चौकियों के निर्माण से जनपद की कानून व्यवस्था को मजबूती मिल रही है। सरकार की मंशा के अनुसार महत्वपूर्ण जगहों पर पुलिस चौकियों के निर्माण से अपराधियों पर त्वरित कार्रवाई के साथ ही अपराध नियंत्रण में भी मदद मिलेगी। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी कुलदीप सिंह भी मौजूद रहे।

### एक माह में बन जाएंगी पुलिस चौकियां : एसपी

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि 24 नवंबर 2024 को हुई हिंसा में शामिल उपद्रवी जनपद की सीमा से भाग गए थे। उनको बाद में ढूंढने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। आगे इस तरह कोई अपराधी न तो जनपद से भाग सके और न ही कोई अपराधी जनपद की सीमा में प्रवेश कर पाये, उसके लिए जनपद के बॉर्डर पर पुलिस चौकी बनाने का काम किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मनोटा पुल चौकी बहुत ही महत्वपूर्ण स्ट्रैटेजिक है। इस जगह अमरोहा के साथ बॉर्डर लगता है और मुरादाबाद की सीमा का क्षेत्र भी नजदीक ही है। यह कावड़ यात्रा का भी मार्ग है और एक ऐसा स्ट्रैटेजिक चौराहा है जहां पर चार अन्य दिशाओं में भी यह सड़क जाती है। यहां पर एनपीआर कैमरे लगाकर इसको जिला का कंट्रोल रूम में जोड़ा जाएगा। एसपी ने बताया कि जनपद में 37 पुलिस चौकियां का बनाने का निर्णय लिया था उनमें से कुछ का उद्घाटन किया जा चुका है और बाकी का 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। एक माह में सभी पुलिस चौकियों का उद्घाटन कर दिया जाएगा।

# घने कोहरे में ट्रैक्टर से कुचलकर महिला की मौत


महिला की मौत के बाद बिलखती परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, कैला देवी/संभल

- **कोहरे में ट्रैक्टर चालक महिला को नहीं देख सका**

**अमृत विचार:** कैला देवी थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह घने कोहरे के बीच हादसे में महिला की ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे कुचलकर मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के गांव मिलक शाकिन निवासी 55 वर्षीय शीला पत्नी महिला शनिवार तड़के करीब चार बजे लघुशंका के लिए घर से बाहर सड़क किनारे गई थीं।

उसी समय गांव का ही व्यक्ति मुकुट सिंह मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर गुजर रहा था। घना कोहरा होने के कारण चालक को सड़क किनारे बैठी महिला दिखाई नहीं दी और ट्रैक्टर-ट्रॉली के पहिए के नीचे आने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी होते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। महिला की मौत से परिवार में चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों की भी मौके पर भीड़ जुट गई। बताया गया है कि ट्रैक्टर-ट्रॉली खनन की मिट्टी लेकर ईंट भट्ठे पर जा रही थी। घटना के बाद मृतका के परिजनों ने किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई न करते हुए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

# मिशन शक्ति केंद्रों को अधिक प्रभावी बनाएं


पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ बैठक करते डीआईजी मुनिराज जी।

कार्यालय संवाददाता, संभल

- **डीआईजी ने मिशन शक्ति केंद्रों के संचालन को लेकर समीक्षा गोष्ठी की**

**अमृत विचार:** पुलिस उपमहानिरीक्षक, मुरादाबाद परिक्षेत्र श्री मुनिराज जी ने जनपद के थाना प्रभारियों व पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक में मिशन शक्ति केंद्रों के संचालन की समीक्षा कर निर्देश दिये। उन्होंने मिशन शक्ति केंद्रों को और अधिक प्रभावी बनाते हुए महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सहायता को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

पुलिस उपमहानिरीक्षक शनिवार दोपहर को संभल पहुंचे। उन्होंने अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी कार्यालय परिसर स्थित सभागार में मिशन शक्ति केंद्रों के संचालन को लेकर समीक्षा की। समीक्षा बैठक में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं सभी थाना प्रभारियों के साथ ही थानों पर नियुक्त मिशन शक्ति केंद्रों के प्रभारी भी शामिल हुए। बैठक के दौरान थानों में स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों के प्रभावी संचालन हेतु पुलिस की जिम्मेदारियों तथा महिला अपराधों से संबंधित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन की डीआईजी मुनिराज जी ने समीक्षा की।

डीआईजी ने महिला हेल्प डेस्क से जुड़े अभिलेखों की जांच की। महिला हेल्प डेस्क प्रार्थना पत्र रजिस्टर, काउंसलिंग रजिस्टर, फीडबैक व फॉलो अप रजिस्टर, निरीक्षण पुस्तिका, मासिक गोषवारा रजिस्टर एवं महिला बीट रजिस्टर का अवलोकन कर डीआईजी ने देखा मिशन शक्ति को लेकर कितनी गंभीरता से काम किया जा रहा है। उन्होंने ने अभिलेखों के अद्यतन रखरखाव और शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण पर विशेष जोर दिया। पुलिस उपमहानिरीक्षक ने थाना प्रभारियों और मिशन शक्ति केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं से संबंधित शिकायतों पर संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक संभल कृष्ण कुमार विश्नोई भी उपस्थित रहे।

# श्री कल्कि धाम के पास हटाने लगे अवैध मस्जिद का मलवा

**संभल/मनोटा, अमृत विचार:** ऐचौड़ा कंबोह थाना क्षेत्र में श्री कल्कि धाम के समीप ग्राम समाज की भूमि पर बनी अवैध मस्जिद को प्रशासन द्वारा ध्वस्त कराने के बाद दो माह बाद भी मलवा नहीं हटाया गया।

उप जिलाधिकारी के निर्देश पर नायब तहसीलदार दीपक जुरैल की देखरेख में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम की मौजूदगी में मंगलवार को जेसीबी मशीनों और ट्रैक्टर-ट्रॉली से मलबा हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। टीम में क्षेत्रीय निरीक्षक अवनीश कुमार, राजस्व निरीक्षक चंद्रपाल सिंह, लेखपाल अंकित कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, अनुराग शर्मा, सुभाष चंद्र, सुरेंद्र, उपकार त्यागी एवं देवेंद्र कुमार मौजूद रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि ग्राम समाज की भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाइयां लगातार जारी रहेंगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में किया वादों का निस्तारण

संभल/चंदौसी

- **22,109 वादों का निस्तारण 77.38 करोड़ धनराशि वसूली**

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शनिवार को जनपद संभल में राष्ट्रीय लोक अदालत में 22,109 वादों का निस्तारण कर 77.38 करोड़ से अधिक की धनराशि वसूली गई। उच्च न्यायालय इलाहाबाद प्रशासनिक जज अरुण कुमार सिंह देशवाल के कुशल मार्गदर्शन में लोक अदालत की शुरुआत हुई।

सिविल कोर्ट चंदौसी मुख्यालय सहित बाह्य न्यायालय संभल व गुन्नौर, समस्त राजस्व व चकबंदी न्यायालयों तथा विभिन्न बैंकों द्वारा प्रातः 10 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की गई। लोक अदालत में प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय संभल डॉ. मचला अग्रवाल, पीठासीन अधिकारी एमएसीटी संभल प्रदीप कुमार, अपर सत्र न्यायाधीश आरती फौजदार, अपर सत्र न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट रागिनी, अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट व नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत अवधेश कुमार सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विभांशु सुधीर सहित अनेक न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे। चंदौसी मुख्यालय व बाह्य न्यायालय संभल व गुन्नौर में कुल 4,857 वादों का निस्तारण किया गया। जनपद न्यायाधीश डॉ. विदुषी सिंह ने 18 वादों का निस्तारण कर 8,500 रुपये जुर्माना वसूला। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय ने 78 वादों का निस्तारण किया। एमएसीटी न्यायालय द्वारा 70 मामलों का निस्तारण कर पीड़ित पक्ष को 6.30 करोड़ रुपये से अधिक का प्रतिकर दिलाया गया। इसके अलावा विभिन्न न्यायालयों द्वारा सैकड़ों मामलों का निस्तारण कर लाखों रुपये का जुर्माना वसूला गया।

# साधु की गिरफ्तारी के बाद महंत बालयोगी दीनानाथ को धमकी

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** नैमिषारण्य तीर्थ मंदिर के महंत बालयोगी दीनानाथ को फोन पर जान से मारने की धमकी दी गई है। धमकी देने वाले व्यक्ति ने खुद को आजमगढ़ के हिंदू संगठन का बताते हुए साधु रूप में रह रहे उमाशंकर सिंह के जेल जाने और जमानत न होने का दोष महंत पर मढ़ा है। महंत ने धमकी की रिकॉर्डिंग के साथ संभल कोतवाली में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

शनिवार को संभल कोतवाली क्षेत्र के गांव शहजादी सराय स्थित नैमिषारण्य तीर्थ क्षेमनाथ मंदिर के महंत बालयोगी दीनानाथ कोतवाली पहुंचे और थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह को प्रार्थना पत्र सौंपा। महंत ने बताया कि 10 दिसंबर को थाना रायसत्ती क्षेत्र के गांव खानपुर खुम्मार स्थित भुवनेश्वर तीर्थ में साधु के रूप में रह रहे उमाशंकर सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान किया था। एसडीएम संभल रामानुज ने न्यायालय में पेशी के बाद उसे जेल भेज दिया था। इसके बाद 12 दिसंबर की रात उनके मोबाइल फोन पर उमाशंकर सिंह के नंबर से कॉल आई। महंत के अनुसार, फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को आजमगढ़ के हिंदू संगठनों का पदाधिकारी बताते हुए कहा कि आपने जमानत नहीं होने दी, यह ठीक नहीं किया। संभल से बाहर गोरखपुर या मठ गए तो देख लेंगे। बातचीत के दौरान करीब 15 मिनट तक आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला। कोतवाली प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि धमकी देने वाले व्यक्ति की पहचान और लोकेशन की जांच की जा रही है। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।


कोतवाल को घटना बताते बाल योगी दीनानाथ व समर्थक। ● अमृत विचार

- **महंत बालयोगी दीनानाथ ने संभल कोतवाली में की शिकायत**

# जमीन हड़पने के लिए पति को कागजों में मार डाला

**संभल/चंदौसी, अमृत विचार:** पत्नी ने प्रेमी और कथित तौर पर ब्लॉक कर्मियों से साठगांठ कर अपने ही पति को कागजों में मृत घोषित करा दिया। उद्देश्य था करीब 12 बीघा जमीन हड़पना। चौंकाने वाला यह मामला तब सामने आया, जब पीड़ित वोट बनवाने के लिए फॉर्म भरने पहुंचा। अब वह खुद को जिंदा साबित करने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगा रहा है।

- **एसआईआर में खुला खेल, पत्नी ने प्रेमी के साथ रची साजिश**

तहसील चंदौसी के ब्लॉक बनियाखेड़ा और थाना कुढ़ फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव जहांगीरपुर के रहने वाले तेजपाल सिंह ने आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी ने अपने प्रेमी और अन्य लोगों के साथ मिलकर उसे मृत घोषित कर दिया और ब्लॉक से उसका मृत्यु प्रमाण पत्र भी जारी करा लिया। तेजपाल सिंह का कहना है कि जब वह एसआईआर फार्म भरने के लिए बीएलओ के पास पहुंचा तो उसे बताया गया कि वह तो पहले ही मर चुका है और उसके नाम का मृत्यु प्रमाण पत्र रिकॉर्ड में दर्ज है। यह सुनकर वह स्तब्ध रह गया। तेजपाल ने बताया कि उसके नाम 12 बीघा जमीन है, जिसकी कीमत करीब दो करोड़ रुपये है। पत्नी व उसके प्रेमी ने उसके घर और जमीन पर कब्जा कर लिया है। पत्नी ने दूसरी शादी कर ली है और उसी के साथ रह रही है। तेजपाल का आरोप है कि पत्नी उसे धमकी देती थी कि वह उसे जान से मरवा देगी। उसे मानसिक रूप से बीमार घोषित कराने का भी प्रयास किया गया।

तेजपाल ने कहा कि वह एक कंपनी में काम करता है और उसके पास पहचान से जुड़े सभी वैध दस्तावेज मौजूद हैं, जो यह साबित करते हैं कि वह जीवित है। तेजपाल सिंह ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

# महिला का बैग काटकर उड़ाए 7 लाख के जेवर व नकदी

**संभल/बहजोई, अमृत विचार:** दिल्ली के प्रीत विहार निवासी कमलेश गुप्ता पत्नी रामनिवास ने बताया कि वह 9 दिसंबर की सुबह दिल्ली से संभल के गांव नाधौस में शादी समारोह में शामिल होने आ रही थी।

चंदौसी रेलवे स्टेशन पर एक व्यक्ति ने उन्हें टैंपो में बैठने की बात कही। उसके बताए टैंपो में वह बैठ गईं, बैग टेंपो की छत पर रख दिया गया। आरोप है कि संदिग्ध व्यक्ति स्वयं टैंपो के पीछे लटक गया। उसने गांव पहुंचकर बैग खोला तो उसमें रखा करीब 50 ग्राम सोने का हार, झुमके और 50 हजार रुपये गायब थे। पीड़िता का आरोप है कि बैग के अंदर कट लगाकर चोरी की गई है। पीड़िता ने पहले कोतवाली बहजोई में प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन पुलिस ने घटना को चंदौसी कोतवाली क्षेत्र का बताकर मामला टाल दिया। इसके बाद उन्होंने चंदौसी कोतवाली में तहरीर दी। दोनों जगह उसका मुकदमा दर्ज नहीं किया गया।

# 13 केंद्रों पर हुई नवोदय प्रवेश परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, संभल/चंदौसी/बबराला

**अमृत विचार:** संभल जनपद के 13 परीक्षा केंद्रों पर शनिवार को कड़े प्रबंधों व निगरानी के बीच जवाहर नवोदय परीक्षा संपन्न हुई। 4356 परीक्षार्थियों में से 2709 ने परीक्षा दी जबकि 1647 गैर हाजिर रहे।

13 परीक्षा केंद्रों पर 11:30 बजे से 01:30 बजे जवाहर नवोदय परीक्षा शुरू हुई । कुल 4356 परीक्षार्थियों ने इस परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन किया था। उसी के हिसाब से परीक्षा केंद्रों पर सीट प्लान तैयार किया गया था। परीक्षा देने आ रहे परीक्षार्थियों को हेल्प डेस्क सेंटर पर जरूरी जानकारी दी गई। तहसील गुन्नौर के रजपुरा स्थित हरि बाबा जनता इंटर कॉलेज में 505, बाबूराम सिंह इंटर कॉलेज बबराला में 384, सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय बबराला में 150 एवं जनता इंटर कॉलेज जुनावई में 499 परीक्षार्थी हैं, जबकि तहसील चंदौसी के ब्लॉक बनियाखेड़ा के एसएम इंटर कॉलेज चंदौसी में 288, बीएमजी इंटर कॉलेज चंदौसी में 280 एवं ब्लॉक बहजोई के हीरा देवी तोताराम इंटर कॉलेज में 342 परीक्षार्थी पंजीकृत किये गये थे। तहसील संभल के ब्लॉक असमोली के किसान इंटर कॉलेज में 240 राजकीय इंटर कॉलेज शाहबाजपुर कलां में 304, ब्लॉक पंवासा के सर्वोदय इंटर कॉलेज किशोरी में 240 आचार्य मुक्तेश हकीम रईस सरस्वती इंटर कॉलेज में 426, ब्लॉक संभल के शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज में 480 एवं राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में 218 परीक्षार्थी परीक्षा के लिए पहुंचने थे। जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रधानाचार्य हेमलता नेगी बिष्ट ने बताया कि 4356 परीक्षार्थियों में से 2709 ने परीक्षा दी जबकि 1647 गैर हाजिर रहे हैं।


बबराला के परीक्षा केंद्र पर कतार में खड़े परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

- **2709 बच्चों ने दी परीक्षा, कड़ी रही व्यवस्था**

# नकदी व जेवर चोरी, विरोध पर मारपीट

संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचार:** गांव मुबारकपुर बंद निवासी मरहूम मोहम्मद सालिम का घर गांव के बाहर है। सालिम के दोनों बेटे बाहर राज्यों में मजदूरी करते हैं। घर पर उनकी पत्नी रुखसाना और बेटी सना रहती हैं। रुखसाना के अनुसार शुक्रवार रात करीब ढाई बजे बदमाश छत के सहारे घर में दाखिल हुए और कमरे में रखे ड्रम से करीब 30 हजार रुपये नकद तथा सोने-चांदी के जेवरात से भरा बैग और संदूक उठा ले गए। उसने शोर मचाया और एक बदमाश को पकड़ने का प्रयास किया। खुद को छुड़ाने के लिए बदमाश ने महिला के साथ मारपीट की। महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग घर की ओर दौड़े, लेकिन तब तक बदमाश फरार हो चुके थे।

## न्यूज ब्रीफ

### भदोही में एमडीएमए बनाने की फैक्टरी पर छापा, मालिक गिरफ्तार

**भदोही, एजेंसी :** भदोही जिले में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) और स्थानीय पुलिस ने मादक पदार्थ एमडीएमए बनाने के लिए एक घर में संचालित फैक्टरी पर शनिवार को छापा मारा और एक करोड़ रुपये से अधिक कीमत का मादक पदार्थ बरामद कर फैक्टरी मालिक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने यहां बताया कि एएनटीएफ की लखनऊ इकाई के निरीक्षक दर्शन यादव की तहरीर पर जिले के सुरयावा थाने में फैक्टरी मालिक विजय कुमार दुबे और उसके साथी प्रज्जवल मिश्रा उर्फ़ विक्की के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर अनुष्ठान

**अयोध्या, एजेंसी :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की योजनाओं को शनिवार को अंतिम रूप दिया। ट्रस्ट की बैठक में आगामी 27 से 31 दिसंबर तक पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान आयोजित करने का निर्णय लिया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की अध्यक्षता में यहां मणिराम दास छावनी में हुई बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार अनुष्ठान 31 दिसंबर को द्वादश प्रतिष्ठा कार्यक्रम के साथ समाप्त होंगे। इन्हें जगतगुरु माधवाचार्य संपन्न कराएंगे। ट्रस्ट के सूत्रों ने बताया, "पांचों दिन संगीतमय राम कथा का आयोजन किया जाएगा। जाने-माने भजन गायक अनूप जलोटा राम लला की स्तुति में प्रस्तुति देंगे।

### मंदिर निर्माण में दिया एक लाख रुपये का सहयोग

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले की सीमा पर स्थित मां जालपा भवानी मंदिर उसरहन कुमारगंज परिसर में भगवान परशुराम के मंदिर निर्माणाधीन है। समाजसेवी अमरनाथ तिवारी मानस ने इसका जायजा लिया। उन्होंने भव्य एवं दिव्य मंदिर निर्माण के लिए एक लाख रुपये का आर्थिक सहयोग प्रदान किया। उन्होंने कमेटी के सदस्यों श्रद्धालुओं के बीच कहा कि मेरा पूरा प्रयास है कि जैसे अयोध्या में भगवान श्री राम का दिव्य मंदिर गया है। जिले के दूसरे छोर पर भी भगवान परशुराम का मंदिर बनेगा। उन्होंने मौजूद लोगों को भरोसा दिलाया कि मंदिर निर्माण में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने पाएगी। संस्थान के अध्यक्ष अमित पांडे, संस्थान के संरक्षक मनीष पांडेय, डॉ धर्मेश त्रिपाठी, डॉ डीके उपाध्याय सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### पल्स पोलियो अभियान आज से

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** जिले में 14 दिसंबर से पल्स पोलियो सब-नेशनल इम्यूनाइजेशन-डे अभियान शुरू होगा। सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बानियान ने जारी निर्देशों में सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधीक्षकों और नगरीय स्वास्थ्य मिशन के नोडल अधिकारी को अभियान को सफल बनाने के लिए विशेष प्रयास करने को कहा गया है।



काशी विश्वनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार की चौथी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में वाराणसी में शनिवार को आयोजित एक जुलूस में देवी-देवताओं के वेश में सजे कलाकार। ● अमृत विचार

## जाली दस्तावेजों से नियुक्ति के आरोप में शिक्षकों पर रिपोर्ट

**प्रतापगढ़, एजेंसी**

जिले की महेशगंज थाना पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नियुक्ति के आरोप में चार शिक्षकों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी वृजनंदन राय ने शनिवार को बताया कि थाना महेशगंज स्थित शांभवी संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चितामनपुर पटना की प्रबंधक कलावती पाण्डेय ने शुक्रवार को तहरीर दी कि विद्यालय के प्रधानाचार्य पद से 2021 में सेवानिवृत्त होने से पहले हरिश्चन्दर शुक्ला ने 2017 में प्रबंधक का फर्जी हस्ताक्षर कर कूटरचित दस्तावेज के सहारे अपने बेटे शक्ति प्रकाश और अपनी परिचितों नंदनी देवी एवं खुशबू की सहायक अध्यापक के पद पर नियुक्ति की थी। कलावती ने आरोप लगाया कि सेवानिवृत्ति के बाद शुक्ला ने फर्जी दस्तावेज के आधार पर अपने बेटे को 2021 में विद्यालय का प्रधानाचार्य बना दिया। राय ने बताया कि पुलिस तहरीर के आधार पर पूर्व प्रधानाचार्य हरिश्चन्दर शुक्ला, शक्ति प्रकाश, नंदनी देवी एवं खुशबू के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

## लड़की को ब्लैकमेल करने की रिपोर्ट दर्ज

**अलीगढ़, एजेंसी :** जिले में एक लड़की को ब्लैकमेल करने के आरोप में 16 वर्षीय लड़के पर मामला दर्ज किया गया है।

लड़के पर आरोप है कि उसने एक लड़की की अंतरंग तस्वीरें सोशल मीडिया पर अपलोड करने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया। परिवार द्वारा लड़के के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के बाद मामला दर्ज किया गया था। परिवार का आरोप है कि लड़के ने ट्यूशन क्लास में उसके साथ पढ़ते समय खुद को हिमांशु बताकर उससे दोस्ती की। लड़की के पिता ने यह भी आरोप लगाया कि लड़के ने उनकी 16 वर्षीय बेटी के साथ मित्रता करके धोखा दिया।

# तौकीर समेत 20 पर एक और चार्जशीट

### नौ महला मस्जिद पर हुए बवाल के मुकदमे में विवेचक दरोगा नितिन ने 20 लोगों को बनाया आरोपी

**संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** शहर में 26 सितंबर को पुलिस पर पथराव कर फायरिंग करने और पेट्रोल बम फेंकने के मामले में सिविल लाइंस चौकी इंचार्ज कोमल कुंडू की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट में मौलाना तौकीर रजा समेत 20 आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी गई है। इस मुकदमे में दो आरोपियों को नामजद करते हुए 150 अज्ञात को आरोपी बनाया गया था। दावा है कि मौलाना प्रकरण में सभी मुकदमों में जल्द चार्जशीट दाखिल की जाएगी।

26 सितंबर को आई लव मोहम्मद पोस्टर विवाद को लेकर तौकीर रजा ने लोगों को इस्लामिया ग्राउंड में एकत्रित होने के लिए कॉल किया था। तौकीर ने लोगों से अपील की थी कि इस्लामिया ग्राउंड में बड़ी संख्या में सभी लोग पहुंचे। वहीं प्रशासन ने उन्हें प्रोटेस्ट की अनुमति नहीं दी थी। आरोप है कि अनुमति न मिलने के बाद भी तौकीर ने पुलिस प्रशासन को खुली चुनौती दी थी। तौकीर ने वीडियो जारी कर लोगों को उकसाने का काम किया था। इसके बाद पुलिस पर पथराव कर फायरिंग की गई थी। इसकी शुरुआत इस्लामिया ग्राउंड के पास खलील तिराहे से हुई थी। इसी तरह नौ महला मस्जिद पर हुए बवाल में चौकी प्रभारी कोमल कुंडू ने दर्ज कराए मुकदमे में बताया था कि मौलाना तौकीर रजा और नदीम खां ने इस्लामिया कॉलेज पर भीड़ को इकट्ठा कर शांति व्यवस्था खराब की। पुलिस ने सबसे अपील भी की कि लोग अपने-अपने घर जाएं। जिस पर भीड़ में शामिल उपद्रवी उत्तेजित होने लगे और कहने लगे कि मौलाना तौकीर रजा एवं नदीम खां ने इस्लामियां ग्राउंड में बुलाया है। अगर किसी को रोका तो अंजाम बुरा होगा। इस दौरान सरकार विरोधी नारों के साथ आपत्तिजनक नारे लगाए गए। जब पुलिस ने उन्हें रोकना चाहा तो फायरिंग और पेट्रोल बम से हमला किया गया। गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की। जिसमें 22 पुलिसकर्मी भी घायल हुए। इस मामले की विवेचना दरोगा नितिन कर रहे थे। जिन्होंने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दिया।

#### इन लोगों के खिलाफ दाखिल हुई चार्जशीट

इस मामले में आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां, उनके करीबी नफीस खान, नदीम खान, मुनीर इदरीशी, फरहान रजा खां, फैजुल नवी, आरिफ खां, अनीस सकलैनी, अफजाल बेग, सफीले अहमद उर्फ शफी अहमद, फरहद, मोईन अली, सईद अहमद, रिहान, अफरोज, जुबैर, कसान, आमान हुसैन, मोहम्मद हरमैन और नेमतुल्ला के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गई है।



तौकीर रजा।

#### तौकीर रजा समेत 10 लोगों पर जमीन कब्जा करने की रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** तौकीर रजा खां और उसके बहनोई ने मिलकर एक महिला की जमीन पर जबरन कब्जे की कोशिश की और विरोध हत्या कराने की धमकी दी। इन सभी दबंगों की डर की वजह से महिला के बुजुर्ग पिता ने जहर खाकर जान देने की कोशिश की। महिला की तहरीर पर थाना इज्जतनगर पुलिस ने मौलाना तौकीर, उसके बहनोई समेत 10 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जल्द ही सभी आरोपियों की गिरफ्तारी भी की जाएगी। इज्जतनगर थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार को रहपुरा चौधरी निवासी लाएवा पुत्री शाकिर बेग ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके पिता की उम्र करीब 95 वर्ष है, जो बीमार रहते हैं और उनका दिमाग भी बच्चों जैसा है। इसी का फायदा उठा कर उसके पांच चाचा शारिक बेग, तौफिक बेग, शाहिद बेग, शाबिर बेग और शादिक बेग ने मौलाना तौकीर रजा, उसके बहनोई मोहसिन रजा, इकराम बेग, इरफान बेग समेत विक्की के साथ मिलकर जमीन की सौदेबाजी की। जब इसकी जानकारी उसके पिता को हुई तो इन सभी ने बोला जो जमीन बची है, वह भी दो नहीं तो हत्या कर देंगे। 5 दिसंबर की शाम करीब 7 बजे वह अपनी मां रेहाना बेगम के साथ घर पर थीं। इसी बीच मौलाना तौकीर रजा का बहनोई मोहसिन रजा खान, इकराम बेग और विक्की घर में घुस आए। सभी ने कहा कि शाकिर बेग को बता देना अगर हमारे काम में अड़चन करेगा तो जान से मार देंगे। विरोध पर सभी ने उसकी मां के साथ बदसलूकी भी की। एवा ने बताया कि उसके पिता शाकिर बेग को 7 दिसंबर को तौकीर रजा के बहनोई मोहसिन रजा और इकराम बेग के भाई इरफान बेग ने बुलाया। जहां पर सभी हथियारों से लैस थे। इन लोगों ने धमकाया की बहुत जमीन में टांग अड़ा रहे हो, तुम को हम मार कर कहीं फेंक देंगे। तुम्हारे बच्चों का भी कोई अता-पता नहीं चलेगा। उसके पिता काम से गये थे तो वहां पर भी मौलाना तौकीर रजा के बहनोई मोहसिन ने धमकी दी थी तेरा जल्दी काम तमाम करेंगे। जिससे आहत होकर पिता ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का भी प्रयास किया।

## मंदिरों से घंटे चोरी करने के मामले में पांच गिरफ्तार

**बुलंदशहर, एजेंसी**

● 125 किग्रा के 96 घंटे पिघला कर बनाई गई पीतल की सिल्ली मिली

जिले में मंदिरों से पीतल के घंटे चोरी करने के आरोप में पुलिस ने पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चोरी किए गए 96 घंटे और अवैध हथियार बरामद किये हैं।

पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पकड़े गए अभियुक्त सगीर, नाजिम, दिलदार, राजुद्दीन और अलीम बुलंदशहर के अलावा हाथरस और अलीगढ़ जिलों में भी मंदिर से घंटे चोरी कर चुके हैं। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) तेजवीर सिंह ने बताया कि बुलंदशहर में बीते कुछ दिनों में कई थाना क्षेत्रों में मंदिरों से पीतल के घंटे चोरी होने की घटनाएं घटित हुई थीं। इन घटनाओं की जांच के लिए पुलिस की तीन टीमें गठित की गई थीं।

11 दिसंबर को देर रात एक मुठभेड़ के बाद गिरोह के दो सदस्य हम्मू और ताज मोहम्मद को गिरफ्तार किया था। उनसे पूछताछ में जो तथ्य सामने आए उन पर कार्रवाई करते हुए शनिवार को उनके पांच और साथियों की गिरफ्तारी हुई। उन्होंने बताया कि पकड़े गये अभियुक्तों सगीर, नाजिम, दिलदार, राजुद्दीन और अलीम के कब्जे से चोरी किए गए 125 किलोग्राम वजन के पीतल के 96 घंटे और पीतल के घंटे पिघला कर बनायी गयी 12 किलोग्राम की सिल्ली बरामद हुई है। साथ ही इनके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक कारतूस और तीन चाकू भी बरामद हुए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त सात सदस्यों के शातिर गिरोह के सदस्य हैं। यह गिरोह बुलंदशहर, अलीगढ़ और हाथरस में मंदिरों से पीतल के घंटे चुराया करता था। गिरफ्तार पांचों अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास रहा है। इसमें दिलदार और सगीर के विरुद्ध दो दर्जन मुकदमे, नाजिम, राजुद्दीन और अलीम मुल्ला के खिलाफ भी कई मुकदमे दर्ज हैं।

## छात्र परीक्षा में घबराएं न तनाव लें

**कार्यालय संवाददता, रामपुर**

**अमृत विचार:** शहजादनगर के जुठिया स्थित राइज एकेडमी स्कूल जामियातुत तय्येबात में शनिवार को विद्यार्थियों के लिए काउंसलिंग सेशन का आयोजन किया। इसमें छात्र-छात्राओं को परीक्षा के दौरान घबराने और न दबाव न लेने के बारे में बताया गया।



छात्रों को संबोधित करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

कार्यक्रम आईटा और विजन 2026 के सहयोग से हस्सानुद्दीन खान नदवी, मौलाना मोहसिन जावेद कासमी की देखरेख में हुआ। सेशन की शुरुआत कारी हस्सानुद्दीन खान नदवी की कुरआन तिलावत से हुई। काउंसलिंग सेशन को लीगल एवं एजुकेशन काउंसलर अनस नदीम ने परीक्षा की तैयारी, समय प्रबंधन, आत्मविश्वास, मानसिक दबाव और परीक्षा के डर से निपटने के तरीकों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सही योजना, नियमित अभ्यास और सकारात्मक सोच से परीक्षा का आसानी से सामना किया जा सकता है। सेशन के दौरान छात्राओं ने पूरी रुचि के साथ सहभागिता की। अंत में विद्यालय प्रबंधक हसन जावेद की ओर से अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस तरह के मार्गदर्शन कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताया।

## ऑनलाइन वक्फ संपत्ति रजिस्ट्रेशन में उप्र प्रथम

**लखनऊ, एजेंसी**

● प्रदेश में कुल 92,832 वक्फ संपत्तियों का सफलतापूर्वक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

● अमरोहा दूसरे और 533 वक्फ संपत्तियों के साथ मेरठ तीसरे स्थान पर रहा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने वक्फ संपत्तियों के डिजिटल रजिस्ट्रेशन के मामले में देश में पहला स्थान हासिल किया है।

केंद्र सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा पिछली छह को शुरू किए गए उम्मीद पोर्टल पर पांच दिसंबर तक सभी वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन का आदेश जारी किया गया था। इस क्रम में उत्तर प्रदेश में कुल 92,832 वक्फ संपत्तियों का सफलतापूर्वक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पूरा कर लिया है, जिसमें 86,347 सुन्नी और 6,485 शिया वक्फ संपत्तियां शामिल हैं। उम्मीद पोर्टल के देशव्यापी आंकड़ों के अनुसार, पूरे भारत में अब तक हुए कुल वक्फ संपत्तियों का डिजिटल रजिस्ट्रेशन में उत्तर प्रदेश का योगदान सर्वाधिक है। हालांकि केंद्र सरकार ने उम्मीद पोर्टल में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अवधि को बढ़ा दिया है, लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार की सक्रियता से यह लक्ष्य न केवल समय पर पूरा हुआ, बल्कि निर्धारित अवधि से पहले ही हासिल कर लिया गया। प्रदेश सरकार की ओर से चलाए गये जागरूकता अभियान और प्रशासनिक सहयोग से अधिकांश मुतवल्लियों ने वक्फ संपत्तियों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन समय पर पूरे करवा लिये हैं। उम्मीद पोर्टल के जनपदवार विवरण से पता चलता है कि, शिया वक्फ संपत्तियों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में लखनऊ सबसे आगे रहा, जहां 625 शिया वक्फ संपत्तियां दर्ज हुई हैं। उसके बाद 539 शिया वक्फ संपत्तियों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के साथ जनपद अमरोहा दूसरे और 533 वक्फ संपत्तियों के साथ मेरठ तीसरे स्थान पर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर सुन्नी वक्फ संपत्तियों के उम्मीद पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के मामले में 4,940 वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन के साथ बाराबंकी पहले नंबर पर रहा। वहीं सीतापुर दूसरा और आजमगढ़ तीसरे स्थान पर रहा। जबकि बिजनौर, मुरादाबाद, सहारनपुर, मेरठ, और जौनपुर जनपद भी सुन्नी वक्फ संपत्तियों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के मामले में अग्रणी जनपद हैं। उत्तर प्रदेश सरकार की यह उपलब्धि सीएम योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व और प्रशासन दक्षता को प्रदर्शित कर रही है, साथ ही वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता लाने, इसके दुरुपयोग को रोकने और साथ ही उनके संरक्षण और विकास कार्यों को भी गति प्रदान करेगा।

## हेमा मालिनी ने धर्मेंद्र की याद में रखी प्रार्थना सभा

**मथुरा, एजेंसी**

मथुरा से भाजपा सांसद एवं अभिनेत्री हेमा मालिनी ने दिवंगत पति अभिनेता धर्मेंद्र की याद में शनिवार को एक प्रार्थना सभा का आयोजन किया। धर्मेंद्र का 89 वर्ष की आयु में 24 नवंबर को निधन हो गया था।

हेमा ने सभा में अपने भावुक संबोधन में कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उन्हें अपने प्यारे धर्म जी के लिए प्रार्थना सभा आयोजित करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि यह एक असहनीय सदमा था। हमने 57 साल साथ बिताए और 45 फिल्मों में एक साथ काम किया, जिनमें से 25 से ज्यादा सुपरहिट थीं। धर्मेंद्र को सरल, विनम्र और खुशमिजाज व्यक्ति बताते हुए हेमा मालिनी ने कहा कि बेमिसाल लोकप्रियता के बावजूद धर्मेंद्र अपनी जड़ों से गहराई से जुड़े रहे।

## शाही ने कृषि विवि का किया निरीक्षण

**अयोध्या, अमृत विचार :** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही शनिवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। वहां निदेशक प्रसार से चल रहे काम-काज की जानकारी ली। वह टेक्नोलॉजी पार्क भी गए। वहां गेहूं, दलहनी और तिलहनी की फसलों की बुवाई की गई है। मंत्री ने फसलों की पैदावार बढ़ाने के बारे में पूछा। उन्होंने कहा नई तकनीकें किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। इसके बाद कृषि मंत्री ने विश्वविद्यालय में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की।

## छात्रों को आत्मरक्षा के तरीके सिखाए

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार:** मिशन शक्ति फेज-5 के तहत राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 90 दिवसीय विशेष अभियान का आयोजन किया जा रहा है।

जिसमें शनिवार को भौतिकी विभाग के तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा के तरीके सिखाए गए। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, तथा शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर प्रोफेसर सीमा तेवतिया, डॉ. सुमन लता, डॉ. राजू व डॉ. राहुल प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।




कार्यक्रम के दौरान एनसीसी कैडेट्स। अमृत विचार

## गैंबलिंग एक्ट की धारा 13 के तहत दर्ज अपराध संज्ञेय

**विधि संवाददाता, प्रयागराज**

● मजिस्ट्रेट द्वारा पुलिस रिपोर्ट पर संज्ञान लेने में कोई कानूनी त्रुटि या अनियमितता नहीं है




**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलने के आरोप में दर्ज आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने से इनकार करते हुए स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक द्युत अधिनियम, 1867 (पब्लिक गैंबलिंग एक्ट) की धारा 13 के तहत दर्ज अपराध संज्ञेय है, जिसमें पुलिस को बिना वारंट गिरफ्तारी और जांच का अधिकार प्राप्त है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह की एकलपीठ ने कामरान की याचिका खारिज करते हुए पारित किया। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि चूंकि धारा 13 स्वयं पुलिस को बिना वारंट गिरफ्तारी की अनुमति देती है, इसलिए इसे गैर-संज्ञेय अपराध नहीं माना जा सकता और ऐसे मामलों में सीआरपीसी की धारा 155(2) के तहत मजिस्ट्रेट की पूर्व अनुमति आवश्यक नहीं है।

मामले के अनुसार 8 दिसंबर 2019 को आगरा के सिकंदरा थाना क्षेत्र में पार्क में ताश खेलते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से 750 रुपए बरामद किए गए। पुलिस ने उक्त अधिनियम की धारा 13 के तहत चार्जशीट दाखिल की, जिस पर मजिस्ट्रेट ने संज्ञान लिया। याची की ओर से तर्क दिया गया कि उत्तर प्रदेश में धारा 13 के तहत प्रथम अपराध में अधिकतम एक माह की सजा का प्रावधान है, इसलिए यह अपराध गैर-संज्ञेय है और मजिस्ट्रेट की अनुमति के बिना की गई जांच विधि विरुद्ध है। इस तर्क के समर्थन में हाईकोर्ट के पूर्व निर्णयों का हवाला भी दिया गया, जिनमें द्युत अधिनियम की धारा 3/4 को गैर-संज्ञेय माना गया था।

हालांकि कोर्ट ने इस तर्क को अस्वीकार करते हुए कहा कि धारा 3/4 और धारा 13 की प्रकृति अलग है। कोर्ट ने अपराध की संज्ञेयता पर टिप्पणी करते हुए कहा कि जहां कानून स्वयं पुलिस को बिना वारंट गिरफ्तारी का अधिकार देता है, वहां उस अपराध को गैर-संज्ञेय नहीं कहा जा सकता। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि मजिस्ट्रेट द्वारा पुलिस रिपोर्ट पर संज्ञान लेने में कोई कानूनी त्रुटि या अनियमितता नहीं है। हालांकि अपराध की न्यूनतम सजा को ध्यान में रखते हुए कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट को निर्देश दिया कि मामले का निस्तारण यथाशीघ्र तीन माह के भीतर किया जाए।

## रामलला का दर्शन, भगवान की असीम अनुकंपा : मुख्य चुनाव आयुक्त

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** अयोध्या पहुंचे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने राम लला का दर्शन करने के बाद कहा कि अयोध्या की पावन धरती पर मुझे परिवार के साथ आने का मौका मिला। भगवान की असीम अनुकंपा है। कहा कि इसके लिए भगवान श्री राम का अत्यंत आभारी और कृतज्ञ हूं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में रामलला विराजमान का दर्शन मेरी पत्नी, मेरे माता-पिता ने भी किया है। यह सौभाग्य हमें भी प्राप्त हुआ। उन्होंने यह बात तीन न्यू एजेंसियों से बात करते हुए कहा।

मुख्य चुनाव आयुक्त परिवार के साथ शनिवार को लगभग दस बजे अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से कड़ी सुरक्षा के बीच वह अयोध्या पहुंचे। वह वीवीआईपी गेट से श्रीराम मंदिर पहुंच राम लला का दर्शन पूजन किया। हनुमानगढ़ी और प्राचीन स्थल दशरथ महल, कनक भवन में भी अपने परिवार के साथ दर्शन पूजन के लिए पहुंचे। यहां संतों ने उन्हें अंगवस्त्र से स्वागत किया है। इसके बाद सरयू तट स्थित दीपोत्सव स्थल राम की पैड़ी पर भ्रमण किया। सरयू नदी में क्रूज से सैर कर आनंद की अनुभूति की। सपरिवार वह प्रसन्न दिखे। उनके साथ ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, कमिश्नर राजेश कुमार, आईजी प्रवीण कुमार, डीएम निखल टी. फुंडे, एसएसपी डा. गोरव ग्रोवर सहित अन्य लोग थे।



रामलला के दर्शन कर परिवार के साथ वापस आते मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार। ● अमृत विचार

#### रामपथ पर वाहनों का प्रवेश रहा प्रतिबंधित कड़ी सुरक्षा के रहे इंतजाम

**अयोध्या कार्यालय।** अमृत विचार : भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के अयोध्या दौरे को लेकर रामनगरी में सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। रामपथ पर उदया चौराहे से लता चौक तक वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहा। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाकर्मी तैनात रहे, सुरक्षा की दृष्टि से हनुमानगढ़ी व कनक भवन के आसपास दुकानों को भी बंद करा दिया गया। यह प्रतिबंध उनके जाने के बाद समाप्त हो गया। सुरक्षा की दृष्टि से एयरपोर्ट से लेकर कार्यक्रम स्थलों तक मजिस्ट्रेटों व पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गई थी। कनक भवन मंदिर के आसपास दौड़ने वाले सैकड़ों ई-रिक्शा वाहन रामकोट क्षेत्र में नजर नहीं आए। यही नहीं रामपथ पर मंदिर के आसपास रोजाना अतिक्रमण कर दुकान लगाने वाले पटरी दुकानदारों को भी हटा दिया गया। कनक भवन, दशरथ महल चौराहा, हनुमानगढ़ी सहित पूरे रामपथ पर सड़क व डिवाइडर की नगर निगम से पानी से धुलाई कराई गई। सुरक्षा की दृष्टि से गलियों से रामपथ पर निकलने वाले मार्गों पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनात की गई थी, दो पहिया वाहनों को भी रामपथ पर नहीं चलने दिया गया। सहादतगंज से लता चौक तक सभी चौराहों-तिराहों पर भी पुलिस के जवान तैनात किए गए थे। अयोध्या धाम में प्रवेश करने वाले लोगों पर नजर रखी जा रही थी। सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी ने बताया कि वीआईपी मूवमेंट के चलते सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम किए गए थे।



प्रेम हरि को रूप है,
त्यौं हरि प्रेम स्वरूप।
एक होइ द्वै यो लसै,
ज्यौं सूरज अरु धूप॥

रसखान कहते हैं, ईश्वर साक्षात प्रेम स्वरूप हैं यानी प्रेम हरि का ही रूप हैं। प्रेम और परमात्मा में कोई अंतर नहीं होता। जैसे कि सूरज और धूप में कोई अंतर नहीं है, वैसे ही ईश्वर और प्रेम एक ही हैं।



# भगवद् गीता में हैं विश्व दर्शन की सारी अनुभूतियां

> गीता में विश्व दर्शन की सारी अनुभूतियां हैं। महात्मा गांधी गीता पर मोहित थे। उन्होंने अपने अखबार 'यंग इंडिया' में लिखा था, "जब निराशा मेरे सामने आ खड़ी होती है और जब बिल्कुल एकाकी मुझको प्रकाश की कोई किरण नहीं दिखाई देती, तब मैं गीता की शरण लेता हूं। कोई न कोई श्लोक मुझे ऐसा दिखाई पड़ जाता है कि मैं विषम विपत्तियों में भी मुस्कुराने लगता हूं। मेरा जीवन विपत्तियों से भरा रहा और यदि वे मुझ पर अपना कोई दृश्यमान अमिट चिह्न नहीं छोड़ सके, तो इसका श्रेय भगवद् गीता की शिक्षाओं को ही है।"

गीता एक बार फिर से अंतर्राष्ट्रीय चर्चा में है। इसी माह आगे पीछे एक साथ दो घटनाएं हुईं। एक बार फिर गीता की चर्चा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हो रही है। गीता भारतीय दर्शन का प्रतिनिधि दर्शन है। प्रधानमंत्री ने रूस के राष्ट्रपति को गीता भेंट की है। पुतिन यहां भारत यात्रा पर आए हुए थे। मोदी इसके पहले चीन, अमेरिका, जापान आदि के राष्ट्र प्रमुखों को गीता की प्रति भेंट कर चुके थे। इधर एक मजेदार घटना हुई। कोलकाता में गीता को लेकर विशाल सम्मेलन हुआ। कुछ समय पहले संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को ने गीता को प्रतिष्ठित ग्रंथ घोषित किया था। गीता कर्म प्रेरणा का ग्रंथ है। गीता विशालकाय महाभारत का हिस्सा है, लेकिन महाभारत के भीष्म पर्व के मूल कथानक से इसकी पर्याप्त संगति है।

ऋग्वेद के रचनाकाल के समय से लेकर आज तक समय का बड़ा फासला है। गीता में ऋग्वेद का दर्शन और अनुभूतियां हैं। अथर्ववेद का कालसूक्त गीता में भयानक काल होकर प्रकट हुआ है। अर्जुन ने श्रीकृष्ण से पूछा, 'हे भगवान, आप उग्र रूप वाले कौन हैं?' कृष्ण ने उत्तर दिया, 'कालोअस्मि लोकोक्षय प्रवृत्ते- मैं काल हूं और लोकों को समाप्त करने के लिए, प्राण लेने के लिए प्रवृत्त हूं।' गीता में विश्व दर्शन की लगभग सारी अनुभूतियां हैं। महात्मा गांधी गीता पर मोहित थे। उन्होंने अपने अखबार 'यंग इंडिया' में लिखा था, "जब निराशा मेरे सामने आ खड़ी होती है और जब बिल्कुल एकाकी मुझको प्रकाश की कोई किरण नहीं दिखाई देती, तब मैं गीता की शरण लेता हूं। कोई न कोई श्लोक मुझे ऐसा दिखाई पड़ जाता है कि मैं विषम विपत्तियों में भी मुस्कुराने लगता हूं। मेरा जीवन विपत्तियों से भरा रहा और यदि वे मुझ पर अपना कोई दृश्यमान अमिट चिह्न नहीं छोड़ सके, तो इसका श्रेय भगवद् गीता की शिक्षाओं को ही है।" गांधीजी की बात भावनात्मक है, लेकिन तथ्य भी यही है कि गीता प्रभावित करती है और सुख-दख में समान भाव की दृष्टि का विकास करती है।

प्रसिद्ध यूरोपीय विद्वान एडविन अर्नाल्ड ने गीता पर ग्रंथ लिखा था, 'सैलेशियल सॉन्ग'। उसने गीता की व्याख्या करने वाले अनेक पूर्ववर्ती विद्वानों की प्रशंसा की और लिखा कि इस ग्रंथ के अभाव में अंग्रेजी साहित्य अधूरा रह जाता है। बंगाल में सन 1784 में एशियाटिक सोसाइटी की स्थापना हुई। सोसाइटी की प्रेरणा से चार्ल्स विलकिंस ने गीता का अनुवाद किया। ईस्ट इंडिया कंपनी की मदद से यह अनुवाद लंदन में छपा। तत्कालीन गवर्नर जनरल वारेन हेस्टिंग ने इस कृति की लिखित प्रशंसा की थी। भारत के राष्ट्रपति रहे प्रख्यात दर्शन शास्त्री सर्वपल्ली राधाकृष्णन थे। उन्होंने लिखा, 'भगवद् गीता एक दर्शन ग्रंथ है और एक प्राचीन धर्म ग्रंथ भी है।' उन्होंने गीता का भाष्य किया। गीता ने सारी दुनिया को प्रभावित किया। इसका प्रभाव चीन और जापान तक पड़ा।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

जर्मन धर्म के अधिकृत भाष्यकार जे डब्लू होवर ने लिखा, 'यह सब कालों में सब प्रकार के धार्मिक जीवन के लिए प्रमाणिक है। इसमें इंडो जर्मन धार्मिक इतिहास के महत्वपूर्ण दौर का प्रमाणिक निरूपण है।' लोकमान्य तिलक ने भी गीता की व्याख्या की और गीता रहस्य नामक ग्रंथ लिखा। गीता रहस्य में प्रवृत्ति मार्गी दृष्टि है। गीता रहस्य को बहुत प्रतिष्ठित ग्रंथ माना जाता है। गीता का आनंद किसी भी पृष्ठ से लिया जा सकता है। विश्व रूप को ही देखिए, संजय ने धृतराष्ट्र को बताया, 'रोमांचित विस्मित अर्जुन ने श्रीकृष्ण को प्रणाम किया और कहा, मैं आपके शरीर में सभी देवताओं और तमाम जीवों को देख रहा हूं। मैं कमलासीन ब्रह्मा, शिव और सभी ऋषियों को व सर्पों को देख रहा हूं। आपके अनेक हाथ हैं, अनेक मुख हैं और अनेक आंखें हैं।' एक ही केंद्र पर समूचे ब्रह्मांड को देखना बड़ी बात है। श्रीकृष्ण द्वारा दिखाए गए दिव्य रूप ऋग्वेद के पुरुष से मिलते हैं। ऋग्वेद का पुरुष भी सहस्त्र शीर्षा, सहस्त्र पैरों वाला है। गीता में अर्जुन द्वारा देखे गए विश्वरूप का वर्णन है। अर्जुन इस रूप को देखकर कांप उठा और बोला अनेक मुखों, आंखों, भुजाओं, पैरों, पेटों, बड़े-बड़े दांत वाले इस भयानक रूप को देखकर सब डर गए हैं। अर्जुन ने पूछा, 'आप कौन हैं? भयानक उग्र रूप वाला तू कौन है? आपको नमस्कार है। मैं जानना चाहता हूं कि तू आदि देव कौन है?' श्रीकृष्ण ने कहा, 'मैं लोकों का क्षय करने वाला काल हूं।'

काल अपना काम करता है। इस मान्यता को नियतिवाद कहते हैं। कर्म से संपन्नता आती है। कर्म से यश मिलता है। कर्म से युद्ध है। युद्ध कर्म से विजय मिलती है। राज्य के सुख मिलते हैं। यह पुरुषार्थवाद कहलाया। पुरुषार्थवादी कर्म पर भरोसा करते हैं और नियतिवाद से इनकार करते हैं। गीता में दोनों हैं। कर्मयोग गीता का केंद्रीय विचार है। वैदिक काल भी कर्म प्रधान था। ऋग्वेद के एक मंत्र में कहते हैं, 'देवता परिश्रम करने वाले के मित्र बन जाते हैं। आलसी और अकर्मण्य लोगों की सहायता देवता नहीं करते।' यही विश्वास भारतीय दर्शन में व उपनिषद् आदि ग्रंथों में उपस्थित है। भारत के दर्शन का आकर्षण सारी दुनिया में है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन के लिए इससे बेहतर क्या हो सकता है कि उन्हें सत्कार देने वाला व्यक्ति भारत का प्रधानमंत्री है। गीता की प्रतिष्ठा बढ़ रही है। ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुसलमीन के नेता वारिस पठान ने कहा है कि अगर मोदी ने गीता की जगह कुरान भेंट की होती तो ज्यादा बेहतर होता। एआईएमआईएम का कुरान भेंट करने का बयान निंदनीय है। कुरान और गीता की तुलना नहीं की जानी चाहिए थी। सत्यनिष्ठ तुलना में मृदु शब्द ही नहीं निकलते। ऐसे बयान देश को कमजोर करते हैं। दुर्भाग्य से इस्लामी राजनीति में कट्टरपंथ है। उनके यहां कोई कृष्ण नहीं हुआ। इस राजनीति में अलगाववाद है। इस्लामी राजनीतिक चिंतन में दुर्भाग्य से कोई दार्शनिक नहीं हुआ, इसीलिए इस्लाम पर बहस नहीं हो सकती।

गीता का जन्म ही कुरुक्षेत्र में दो सेनाओं के मध्य खड़े अर्जुन के विषाद से हुआ। श्रीकृष्ण ने अर्जुन को ज्ञान, कर्म और भक्ति की धाराएं समझाईं। जीवन को कर्म प्रधान बताया। सब बताने के बाद श्रीकृष्ण ने प्रश्न किया, 'यह सब सुनने के बाद आपका मन कैसा है?' अर्जुन ने उत्तर दिया, 'आपकी कृपा से हमारा मोह नष्ट हो गया- नष्टो मोहा। स्मृति लौट आई- स्मृति लब्धा' हिंदुओं पर बहुदेवपूजक होने के आरोप लगाते हैं। हिंदू बहुदेववादी नहीं एकेश्वरवादी और बहुत देव उपासक हैं।

इस आलेख की अंतिम बात, पूरी गीता पढ़ते समय बार-बार ऐसा प्रतीत होता है कि बस अब हो गया, लेकिन गीता के अंतिम अंश में विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लेख है। दुनिया का कोई भी पंथ, मजहब, रिलिजन ऐसे उपदेश नहीं देता। श्रीकृष्ण कहते हैं, 'मैंने सभी रहस्यों से बड़े रहस्य वाला ज्ञान बताया है। इस पर गहन विचार करो और जैसी इच्छा हो वैसा करो- यथेच्छसि तथा कुरु।' भारतीय चिंतन और ज्ञान परंपरा में कहीं भी असहमत को पीड़ित करने या मार देने की बात नहीं है। सहमत और असहमत दोनों विकल्प यहां व्यवहारिक रूप में भी सुस्पष्ट हैं। बड़ी बात है कि युद्ध से अलग होने की घोषणा करने वाले अर्जुन से कृष्ण कहते हैं, 'यथेच्छसि तथा कुरु-जो इच्छा हो सो करो।'

# संघ की प्रचार परंपराओं को तोड़ रहा सोशल मीडिया

करीब एक सदी तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यही विशेषता रही कि प्रचारक प्रचार खूब करते रहे, पर दिखाई कुछ नहीं दिया, हांलाकि बिना प्रचार के प्रचार की कल्पना भी मुश्किल है, पर संघ ने ऐसा कर दिखाया। दो लोगों ने यदि दस लोगों से जनसंपर्क किया और अपनी बात या विचार रखे तो इस मीटिंग, बात-मुलाकात की फोटोबाजी, प्रेस आमंत्रण या प्रेस विज्ञप्ति की जरूरत कभी नहीं महसूस की गई। पंद्रह-बीस बरस पहले सोशल मीडिया शुरू हुआ, तो इससे भी परहेज़ किया गया। किसी तरह की भी फोटोबाजी से हमेशा दूरी बनाई गई। सब कुछ खामोशी से, बिना मीडिया या सोशल मीडिया के सहारे, बिना शोर-शराबे और बिना शो-ऑफ के संघ प्रचारक प्रचार करते रहे।



नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्षों का यही इतिहास रहा है। राष्ट्रवाद का संकल्प, हिंदुत्व का प्रचार, जरूरतमंदों की मदद, शारीरिक व्यायाम, सादगी, समर्पण, लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संघर्ष, तपस्या, अनुशासन, धैर्य और दिखावे से दूर रहना। दुनिया बदल रही है। भारत भी बदल रहा है। नए भारत में नई इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी का नया दौर शुरू हो गया है। बदलाव की इस बेला में क्या संघ भी बदल रहा? सौ वर्ष पूरे होने की उपलब्धि से उत्साहित संघ अपने मूल कार्य प्रचार को नई दिशा देकर दिखावे, मीडिया, सोशल मीडिया और तस्वीरों से दूर रहने के नियम को क्या तोड़ रहा? दुनिया के सबसे बड़े इस भारतीय राष्ट्रवादी संगठन ने क्या अपने पारंपरिक प्रचार को बदलने का फैसला किया है?

> नए भारत में नई इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी का नया दौर शुरू हो गया है। सौ वर्ष पूरे होने की उपलब्धि से उत्साहित संघ अपने मूल कार्य प्रचार को नई दिशा देकर दिखावे, मीडिया, सोशल मीडिया और तस्वीरों से दूर रहने के नियम को क्या तोड़ रहा है?

क्या अब संघ सोशल मीडिया से परहेज़ नहीं करेगा! या फिर दिखावे से दूर रहने, अनुशासित रहने और सादगी का पर्याय बने इस संगठन में भी अनुशासनहीनता का वायरस आ गया है! या फिर आज के दौर में चाह के भी सोशल मीडिया से बचा नहीं जा सकता है, या इसके बिना प्रचार संभव ही नहीं! अथवा इससे परहेज करना किसी के भी बस में नहीं। आप कहीं किसी से मिलने जाओ और फोटो न खिंचवाने का आपका निर्णय हो, पर जिससे मिलने गए यदि वो फोटो खींचता है तो आप उसे रोक ही नहीं सकते। जगह-जगह सीसी कैमरे हैं, तो फोटो तो वैसे भी खिंच जाएगा और वो फोटो कोई कभी भी इस्तेमाल कर सकता है।

सोशल मीडिया पर अब संघ की तमाम तस्वीरें वायरल होने लगी हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूरे होने पर संघ जनसंपर्क अभियान चला रहा है, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। पीआर (पब्लिक रिलेशन) सामाजिक सरोकारों से जुड़ा हो, राष्ट्रवाद से, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद से या हिंदुत्व के प्रचार से ही क्यों न जुड़ा हो, आपकी सादगी और दिखावे से दूर रहने की जिद को आज का सोशल मीडिया तोड़ ही देगा। आप फोटो नहीं भी खिंचवाओगे, पर दूसरे को रोकने का हक भी आप के पास नहीं रहेगा। शायद यही कारण है कि सौ साल बाद संघ और तस्वीरों के बीच की दूरियां अब मिटती दिख रही हैं। संघ ने मीडिया ने हमेशा दूरी बनाई। मीडिया का सहारा नहीं लिया, लेकिन सोशल मीडिया संघ की परंपराओं को तोड़ने लगा है!

# एकांत का सौंदर्य और भीतर की यात्रा

आज का मनुष्य निरंतर दौड़ में है। लक्ष्य पाने की दौड़, दिखावे की दौड़ और दूसरों की अपेक्षाओं को पूरा करने की दौड़। इस भागदौड़ के बीच जो सबसे अधिक छूट गया है, वह है मनुष्य का अपना आंतरिक जगत। आधुनिक जीवन शैली ने हमें बाहरी दुनिया से इतना जोड़ दिया है कि हम स्वयं से मिलने का समय ही खो बैठे हैं। ऐसे समय में 'एकांत' कोई विलासिता नहीं, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य आवश्यकता बन गया है। यही वह क्षण है, जब जीवन हमें धीरे से कहता है- आंतरिक रूप से एकांत में रहिए, लक्ष्यहीन जीवन मत बिताइए, ध्यान कीजिए और अच्छी पुस्तकें पढ़िए।

जीवन की दिशा तभी स्पष्ट होती है जब मन के भीतर शांति हो। लक्ष्यहीन भटकाव केवल थकाता है, प्रेरित नहीं करता। आत्मिक यात्रा के लिए एकांत वह दीपक है, जो मन की गहराइयों को रोशन करता है। ध्यान और अध्ययन उस गहराई को दिशा देने वाले दो मजबूत स्तंभ हैं। ध्यान व्यक्ति को स्थिरता देता है और अध्ययन उसे विस्तार प्रदान करता है। दोनों मिलकर जीवन में लक्ष्य, अनुशासन और सृजनात्मकता का संचार करते हैं।



डॉ. प्रियंका सौरभ
लेखिका

यह आवश्यक नहीं कि मनुष्य समाज से कट जाए। मनुष्य सामाजिक प्राणी है। लोगों में थोड़ा घुलना–मिलना जीवन का स्वाभाविक हिस्सा है, किंतु वास्तविक समस्या तब उत्पन्न होती है, जब हम लोगों में इतने खो जाते हैं कि स्वयं से मिलने का अवसर ही न बचे, इसलिए प्रतिदिन एक–दो घंटे अपने लिए निकालना केवल मानसिक स्वास्थ्य नहीं, बल्कि जीवन प्रबंधन का सबसे बड़ा मंत्र है। यही समय हमें सजग बनाता है, थकान को धोता है और भीतर की ऊर्जा को पुनः भरता है। अलग रहिए, पर अपने अंतर में स्थित रहिए- यही आदर्श संतुलन है।

एकांत का आनंद उठाना किसी पलायन का नाम नहीं है। यह स्वयं को पुनः निर्मित करने की प्रक्रिया है। यह वह शांति है, जो किसी कोने में बैठकर मन को उसकी मौलिक लय में वापस ले आती है। यह वह स्पेस है, जहां जीवन के अनुत्तरित प्रश्न स्वयं उत्तर बनने लगते हैं। विचार निर्मल होते हैं, भावनाएं संयमित होती हैं और लक्ष्य स्पष्ट होने लगते हैं। इतने सारे लाभों के बावजूद लोग एकांत से डरते हैं, क्योंकि उन्होंने स्वयं के साथ बैठने का अभ्यास ही नहीं किया, लेकिन सच यही है, जो व्यक्ति स्वयं के साथ सुखी है, वही दूसरों को भी सुख दे सकता है।

एकांत का आनंद लेने का अर्थ यह नहीं कि समाज से विमुख हो जाएं। मनुष्य का व्यक्तित्वपूर्ण तब होता है जब वह एकांत और मेल–मिलाप के बीच संतुलन बनाए रखे। जब आप दूसरों से मिलें तो पूरे प्रेम और मित्रता के साथ मिलें। आपकी उपस्थिति लोगों के मन में सकारात्मकता भर दे। यह एक साधना है और इस साधना का आधार भी एकांत ही है, जो व्यक्ति भीतर से स्थिर होता है, वही दूसरों के लिए प्रेरणा बनता है। ऐसे व्यक्ति को देखकर लोग भूलते नहीं, वे याद रखते हैं कि वे एक ऐसी आत्मा से मिले थे, जिसने उनके भीतर प्रसन्नता और प्रेम के बीज बोए। आज के समय में सबसे बड़ी चुनौती यही है कि लोगों के बीच रहते हुए भी लोग भीतर से अकेले हो गए हैं।

# दुनियाभर में यौन हिंसा का शिकार बचपन

> 'द लैसेट' मैगजीन ने लिखा है कि 2023 में दुनियाभर में 15 वर्ष से ऊपर के एक अरब से अधिक लोगों ने यौन हिंसा का सामना किया है। तकरीबन 60 .8 करोड़ महिलाएं अपने साथी की ओर से की गई हिंसा का शिकार हुई हैं। 13 प्रतिशत पुरुषों ने बचपन में यौन हिंसा झेली है।

'द लैसेट' मैगजीन का यह खुलासा चिंतित करने वाला है कि दुनिया भर में 2023 में एक अरब से अधिक लोगों ने बचपन में यौन हिंसा का सामना किया है। मैगजीन के मुताबिक तकरीबन 60.8 करोड़ महिलाएं अपने साथी की ओर से की गई हिंसा का शिकार हुई हैं। सहारा अफ्रीका और साउथ एशिया में यौन हिंसा की दर सर्वाधिक है। मैगजीन के मुताबिक भारत में अंतरंग साथी द्वारा की गई हिंसा की शिकार महिलाओं की दर 23 प्रतिशत है। मैगजीन में यह भी खुलासा किया गया है कि 15 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग की 30 प्रतिशत से अधिक महिलाओं और 15 वर्ष या उससे अधिक उम्र के 13 प्रतिशत पुरुषों ने बचपन में यौन हिंसा झेली है।

गौर करें तो यह पहली बार नहीं है जब इस तरह का मामला सामने आया है। भारत की बात करें तो राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के मुताबिक बच्चों के खिलाफ अपराधों में लगातार वृद्धि हो रही है। भारत, नेपाल और श्रीलंका के प्रतिनिधि सर्वेक्षण आंकड़े बताते हैं कि इन तीनों देश में लगभग आठ में से एक बच्चा यानी 12.5 प्रतिशत 18 वर्ष की आयु पूरा होने तक यौन उत्पीड़न अथवा बलात्कार की शिकायत करता है। दक्षिण एशिया में 2024 में बाल यौन शोषण सामग्री की अधिकतर शिकायतें भारत, बांगलादेश और पाकिस्तान में दर्ज की गईं। इनमें अकेले भारत में 22.5 लाख मामले दर्ज किए गए।



अरविंद जयतिलक
लेखक

भारत में 2017 और 2022 के बीच पाक्सो कानून के तहत बच्चों के खिलाफ दर्ज यौन अपराधों में वृद्धि के संकेत हैं, हालांकि बढ़ती संख्या के बावजूद अभियोजन दर 90 प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है, जो मजबूत प्रवर्तन एवं रिपोर्टिंग तंत्र का संकेत है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य यह है कि इन सबके बावजूद यौन शोषण मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है और गुनाहगार सजा से बच निकल जा रहे हैं।

याद होगा कि गत वर्ष पहले कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेंस फाउंडेशन ने खुलासा किया था कि यौन शोषण के शिकार बच्चों में से औसतन चार को प्रतिदिन न्याय नहीं मिल रहा है। फाउंडेशन के मुताबिक पोक्सो के तहत दर्ज हजारों मामले जांच के बाद भी न्यायालय तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिससे प्रतिदिन चार पीड़ित बच्चों को न्याय नहीं मिल पा रहा है, चूंकि ज्यादतर पीड़ित कमजोर तबके से आते हैं, लिहाजा उनकी पैरवी ठीक ढंग से नहीं हो पाती। ऐसे में सुबूतों के अभाव में उनके केस बंद कर दिए जाते हैं।

गत वर्ष पहले सर्वोच्च अदालत ने देश में बच्चों से दुष्कर्म की बढ़ती घटनाओं को रोकने और ऐसे मामलों की जल्द जांच और ट्रायल सुनिश्चित करने के लिए विशेष जिला अदालतें बनाने का निर्देश दिया था। तब अदालत ने कहा था कि जिन जिलों में पोक्सो में 100 से ज्यादा मामले दर्ज हैं, ऐसे हर जिले में बाल यौन उत्पीड़न रोकथाम कानून यानी पोक्सो के तहत विशेष अदालत गठित की जाए। सर्वोच्च अदालत ने यह भी कहा था कि दो महीने के भीतर विशेष अदालतों को गठित करने का समय तय किया जाए। ये अदालतें सिर्फ पोक्सो के मुकदमे सुनेंगी और अदालतों के गठन का पूरा खर्च केंद्र सरकार द्वारा उठाया जाएगा। बच्चों का यौन उत्पीड़न न हो, इसके लिए अदालत ने जागरुकता कार्यक्रम शुरू करने का भी निर्देश दिया था, विडंबना है कि बच्चों का यौन शोषण थमने का नाम नहीं ले रहा।

तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पीठ ने बच्चों से बढ़ती दुष्कर्म की घटनाओं पर मीडिया रिपोर्ट के आधार पर स्वतः संज्ञान लेते हुए इस मामले को जनहित याचिका में तब्दील करते हुए न्यायालय की मदद के लिए वरिष्ठ वकील वी गिरी को अमाइकस क्यूरी नियुक्त किया था। तब उम्मीद की गई थी कि शायद सर्वोच्च अदालत की इस सक्रियता से दुष्कर्म से जुड़े लंबित मामले निपटाने में मदद मिलेगी, लेकिन इस दिशा में अभी अपेक्षित सफलता नहीं मिल पाई है, जबकि पाक्सो के तहत बच्चों का यौन शोषण करने वाले दोषियों को 20 साल कैद से लेकर मौत तक की कड़ी सजा के प्रावधान है, लेकिन इसके बावजूद भी दोषी दंड से बच निकल जा रहे हैं।

एक आंकड़े के मुताबिक देश में हर छह घंटे में एक बच्चे के साथ दुष्कर्म होता है। गत वर्ष पहले दुष्कर्म की बढ़ती घटनाओं पर सर्वोच्च अदालत को कहना पड़ा था कि देश में 'लेफ्ट, राइट, सेंटर' सब जगह दुष्कर्म हो रहे हैं। तब सर्वोच्च अदालत ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय से संरक्षण गृहों में यौन उत्पीड़न की घटनाएं रोकने के लिए उठाए जा रहे कदमों की भी जानकारी मांगी थी।

# कबीरा खड़ा बाजार में, मांगे सब की खैर

शताब्दियों पहले संत कवि कबीर ने 'कबीरा खड़ा बाज़ार में, मांगे सबकी खैर, न काहू से दोस्ती, न काहू से बैर' दोहे में तेजी से पनपती बाजारवादी संस्कृति की ओर इशारा कर दिया था। ज्यादा नहीं बल्कि 4-5 दशक पहले घरों में कोई उत्सव पड़ता था, तो महीनों से उसकी तैयारी होने लगती थी। शादी-विवाह के अवसर पर गेहूं बीनने, चावल साफ करने तथा दाल घर को चकरी में पीसने में महिलाएं लग जाती थीं, तो पुरुषवर्ग शादी का सामान खरीदने आसपास के बड़े शहरों में जाते थे, क्योंकि यह धारणा थी कि बड़े शहरों के बाज़ार में वेरायटी के साथ कीमत भी कम लगेगी। इसके अलावा घर में रंग-रोगन आदि दो-तीन महीने पहले से शुरू हो जाता था।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

कुल मिलाकर कई महीने पहले से शादी का एक अघोषित नगाड़ा बजने लगता था। धीरे-धीरे समय बदला। निहायत घरेलू कार्यों में बाज़ार ने थोड़ा-थोड़ा दखल देना शुरू किया। शादी-विवाह के उत्सव घरों के बजाय धर्मशालाओं से होते होटलों में होने लगे। इसी बीच बाजार ने शादी-विवाह में खाने-पीने की वस्तुओं पर भी कब्जा जमाया और अब सिर्फ शहरों में ही नहीं, बल्कि गांवों तक में होटल आदि के जरिए बाजार ने सारा जिम्मा अपने ऊपर ले लिया। ऐसी स्थिति में परिवार और रिश्ते में जो सद्भाव बनता था, वह खत्म होने लगा। काम-धाम के बदले में मिलने वाले नेग-न्योछावर बाज़ार में जाने लगा। बात इतने पर ही नहीं रुक रही। वर्तमान समय में प्रायः लोग बाजार के सहारे जीवन जी रहे हैं।

थोड़ा कबीर के चिंतन पर मनन किया जाए तो बड़ा स्पष्ट संकेत कबीर देते हैं कि कबीर बाज़ार में खड़े तो हैं, लेकिन बाजार की संस्कृति इतनी प्रबल है कि वे किसी से कुछ न कहकर सबके लिए दुआ कर रहे हैं। यानी कबीर बाजार के चलते बिगड़ती घरों की अर्थव्यवस्था से चिंतित हैं, लेकिन बाजारवादी व्यवस्था में लोगों को काम मिलने से थोड़े संतुष्ट भी हैं। इसीलिए कबीर न किसी से दोस्ती करना चाहते हैं और न किसी से बैर का भाव प्रदर्शित करना चाहते हैं, लेकिन संत कवि होने के नाते उनके पास दुआ के अलावा और क्या है? इसलिए क्रेता-विक्रेता सब की ही भलाई चाहते हैं। वे जानते है कि पूंजी का प्रवाह होता रहेगा तो सबके हिस्से में कुछ न कुछ अवशय आएगा ही।

# बदलते पर्यावरण की चेतावनी, वन्य जीवों में बढ़ रही आक्रामकता



पृथ्वी का संपूर्ण पर्यावरण एक सूक्ष्म संतुलन पर आधारित है, जिसमें वनों, नदियों, पहाड़ों, जलवायु और जीव-जंतुओं का परस्पर संबंध अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस संतुलन में किसी भी प्रकार का अनुचित परिवर्तन होता है, तो उसका प्रभाव सीधे वन्य जीवों और उनके व्यवहार पर दिखाई देने लगता है। हाल के वर्षों में वन्य जीवों में आक्रामकता का बढ़ना इसी पर्यावरणीय असंतुलन का स्पष्ट संकेत है, जो बताता है कि प्रकृति गंभीर बदलावों और दबावों से गुजर रही है। जंगलों की शांत दुनिया आज पहले जैसी नहीं रही। जहां कभी हवा में पत्तों की सरसराहट और पक्षियों की मधुर आवाजें गूंजती थीं, वहां अब बेचैनी व तनाव आहट स्पष्ट सुनाई देती है। वन्य जीवों के व्यवहार में आ रहे तीव्र परिवर्तन यह संकेत देते हैं कि प्रकृति अपनी सीमा से बाहर हो चुके मानवीय हस्तक्षेपों का विरोध कर रही है। पशु-पक्षियों में बढ़ती आक्रामकता केवल एक व्यवहारिक विचलन नहीं, बल्कि पर्यावरणीय संकट का गंभीर लक्षण है। प्रश्न केवल जानवरों के उग्र होने का नहीं है, प्रश्न उस गहरे असंतुलन का है, जिसे हमने अपनी अनियंत्रित विकास-नीति और पर्यावरण के प्रति उदासीनता से जन्म दिया है।



डॉ. जितेंद्र शुक्ला
वन्य जीव विशेषज्ञ

अत्यधिक तापमान कई जीवों की दिनचर्या को भी प्रभावित कर रहा है। जो जीव दिन में सक्रिय रहते थे, वे गर्मी से बचने के लिए रात में सक्रिय होने लगे हैं, जिससे विभिन्न प्रजातियों के बीच टकराव बढ़ रहा है। उदाहरण के लिए, बाघ, तेंदुआ, भालू और हाथी जैसी प्रजातियां तापमान बढ़ने पर अधिक सतर्क और क्रोधित दिखाई देते हैं। वैज्ञानिक यह भी मानते हैं कि जब तापमान लगातार बढ़ता है, तो जानवरों का मस्तिष्क 'सर्वाइवल मोड' में चला जाता है, जिससे वे किसी भी खतरे पर तीखी प्रतिक्रिया देते हैं।

विश्व के कई हिस्सों में और विशेष रूप से भारत में, पिछले दो दशकों से वन्य जीवों का स्वभाव तेज़ी से बदल रहा है। बाघ, तेंदुए, हाथी, भालू, बंदर और यहां तक कि कई पक्षी प्रजातियों में भी असामान्य आक्रामकता देखी जा रही है। यह बदलाव अचानक नहीं आया, बल्कि निरंतर बिगड़ते पर्यावरणीय हालात का परिणाम है। मानव आबादी के विस्तार के साथ जंगल सिकुड़ते गए और जानवरों की जीवन-शैली पर गहरा प्रभाव पड़ा। वनस्पतियों का कम होना, नदी-नालों का सूखना और तापमान का लगातार बढ़ना इन सबने मिलकर वन्य जीवों के व्यवहार को असामान्य दिशा में मोड़ दिया है।

बाघों और तेंदुओं जैसे बड़े शिकारी प्राणियों पर सबसे अधिक दबाव पड़ा है। इनके प्राकृतिक आवास जिस तेजी से टूटे हैं, वह इनके स्वभाव को प्रभावित करने के लिए पर्याप्त था। जब शिकार का आधार घटता है और उनका इलाका छोटा पड़ने लगता है, तो वे तनाव में आ जाते हैं। यह तनाव उनके व्यवहार में अस्थिरता और आक्रामकता के रूप में प्रकट होता है। पिछले वर्षों में अनेक मामलों में देखा गया है कि बाघ और तेंदुए इंसानी बस्तियों की ओर बढ़ते हुए अधिक आक्रामक दिखाई दिए। इसका कारण केवल भूख नहीं, बल्कि उनके प्राकृतिक क्षेत्र में मानवीय दखल से उपजा मानसिक दबाव भी है।

हाथियों की आक्रामकता भी एक गहन पर्यावरणीय संकट की ओर इशारा करती है। हाथियों के पारंपरिक मार्ग, जिन्हें 'एलिफेंट कॉरिडोर' कहा जाता है, कई जगहों पर बंद हो चुके हैं। खेत, सड़कें, रेल लाइनें और बस्तियां इन मार्गों पर आ बसी हैं। हाथी जब इन बाधाओं से टकराते हैं, तो उनमें तनाव बढ़ता है और यही तनाव कई बार विनाशकारी रूप ले लेता है। यही कारण है कि असम, झारखंड, ओडिशा और केरल जैसे राज्यों में हाथियों द्वारा फसलें रौंदने, घर तोड़ने और कभी-कभी मानव पर हमला करने की घटनाएं बढ़ी हैं। यह हिंसा उनकी स्वाभाविक प्रवृत्ति नहीं, बल्कि परिस्थितियों से उपजा प्रतिरोध है। भालुओं के व्यवहार में आया बदलाव भी चिंता का विषय है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# महराजगंज मॉडल से सपा को चुनौती देंगे पंकज चौधरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- हरिशंकर तिवारी, वीरेंद्र शाही अखिलेश सिंह व हर्षवर्धन जैसे दिग्गजों को दे चुके हैं मात

**अमृत विचार:** प्रदेश की राजनीति में भाजपा ने संगठन की कमान ऐसे नेता को सौंपी है, जिसने चुनावी शतरंज पर बार-बार यह साबित किया है कि सत्ता किसी की भी हो, 'किंग' वही बनेगा, जिसे वह चाहें। भाजपा उसी महराजगंज मॉडल को प्रदेश स्तर पर उतारकर समाजवादी पार्टी को सीधी चुनौती देने की तैयारी में है। लेकिन पंकज चौधरी को महराजगंज से आगे निकल कर पूरे प्रदेश की राजनीति में 'चाणक्य' की भूमिका वाला नेता साबित करना बड़ी चुनौती होगी।

पंकज चौधरी का राजनीतिक कद इस बात से ही समझा जा सकता है कि उन्होंने हरिशंकर तिवारी, वीरेंद्र शाही, अखिलेश सिंह और हर्षवर्धन जैसे पूर्वांचल के दिग्गज नेताओं को लोकसभा चुनाव में पराजित किया है। पूर्वांचल की राजनीति में जिन नामों के सामने चुनाव लड़ने से नेता कतराते रहे, पंकज चौधरी ने उन्हीं को रणनीति और सामाजिक संतुलन के दम पर मात दी। जिला पंचायत चुनावों में पंकज चौधरी की सियासी पकड़ सबसे ज्यादा चर्चा में रही है। प्रदेश में सत्ता बसपा, सपा और भाजपा के बीच बदलती रही, लेकिन उनके गृह जनपद में जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर भाजपा का कब्जा आज तक बना हुआ है। जिला पंचायत के गठन के बाद पहली बार पंकज चौधरी के भाई प्रदीप चौधरी अध्यक्ष बने। इसके बाद दो बार उनकी मां उज्जवला चौधरी ने जीत दर्ज कीं। वर्ष 2010 में जब जिला पंचायत अध्यक्ष की सीट का आरक्षण बदला और प्रदेश में बसपा की सरकार थी, तब भी पंकज चौधरी की राजनीतिक गणित ने भाजपा को जीत दिलाई। धर्मा देवी को अध्यक्ष बनाकर उन्होंने यह साबित किया कि सत्ता बदलने से समीकरण नहीं बदलते। इसके बाद वर्ष 2015 में, सपा सरकार के दौर में, पंकज चौधरी ने शह-मात के जोड़-तोड़ से प्रभुदयाल चौहान को जितवाकर पूरे प्रदेश में भाजपा की इकलौती जिला पंचायत अध्यक्ष की सीट अपने खाते में डाली। यहीं से प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में पंकज चौधरी की 'चाणक्य नीति' की चर्चा शुरू हुई।

वर्ष 2020 में भाजपा के रविकांत पटेल जिला पंचायत अध्यक्ष बने और यह सीट अब तक पूरी तरह भाजपामय बनी हुई है। यह सिलसिला महराजगंज की राजनीति को भाजपा के लिए मॉडल बना चुका है, जिसे अब प्रदेश स्तर पर लागू करने की तैयारी है।



लखनऊ : भाजपा कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय सदस्य पद पर हुए नामांकन की जानकारी देते मुख्य चुनाव अधिकारी महेंद्र नाथ पांडेय, साथ में केंद्रीय पर्यवेक्षक विनोद तावड़े, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या व ब्रजेश पाठक, भूपेंद्र चौधरी, स्वतंत्र देव सिंह व स्मृति ईरानी। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### चारे के बजट में हेराफेरी पर होगी एफआईआर

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश में गोवंश चारे के बजट में हेराफेरी करने और टेंडर में पारदर्शिता का पालन न करने का संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार ने जिम्मेदार अफसरों, कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की हिदायत दी है। राज्य डीएम और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि पशु आहार के टेंडर 31 मार्च तक हर हाल पूरे कर लिये जाएं। वरना इस कार्य में लापरवाही बरतने पर एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई होगी। दरअसल, भूसा व हरे चारे के लिए दी जा रही राशि के सही प्रयोग व टेंडर न करने के मामले में पशुधन विभाग ने सख्ती दिखाई है। इसके बाद बिचौलियों को दरकिनार करते हुए स्पष्ट तौर पर हरे चारे के लिए किसानों से ही एमओयू कर निर्धारित दर पर सीधी खरीद की अनुमति दी गई है। इस प्रक्रिया में भुगतान भी किसानों बैंक खाते में किया जाएगा।

### नवीनीकृत नहीं तो निष्क्रिय होंगे श्रमिक कार्ड

**अमृत विचार, लखनऊ:** उप्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि जिन निर्माण श्रमिकों का लेबर, श्रमिक कार्ड पिछले चार वर्ष या उससे अधिक समय से नवीनीकृत नहीं है, उन्हें 31 दिसंबर 2025 के बाद निष्क्रिय सूची में शामिल कर दिया जाएगा। निष्क्रिय सूची में आने वाले श्रमिक पंजीकृत श्रमिक की श्रेणी में नहीं माने जाएंगे और उन्हें किसी भी योजना का लाभ प्राप्त नहीं होगा। अपर श्रमायुक्त कल्पना श्रीवास्तव ने बताया कि बोर्ड ने श्रमिकों से अपील की है कि वे अपना लेबर, श्रमिक कार्ड नवीनीकरण नजदीकी सीएससी ई–डिस्ट्रिक्ट सेंटर, सीएससी e-gov सेंटर अथवा बोर्ड की वेबसाइट upbocw .in के माध्यम से अवश्य करा लें। योजनाओं, पंजीयन प्रक्रिया एवं नवीनीकरण से संबंधित विस्तृत जानकारी भी बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### एएनटीएफ को मिलेंगे 150 नए जांबाज

**अमृत विचार, लखनऊ :** अवैध नशे के कारोबार पर निर्णायक प्रहार के लिए योगी सरकार एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) को और मजबूत करने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर एएनटीएफ में 150 से अधिक नए पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। वर्तमान में एएनटीएफ में अधिकतर कर्मी प्रतिनियुक्ति पर तैनात हैं, जिन्हें अब रेग्युलर किया जाएगा। एएनटीएफ आईजी अब्दुल हमीद के अनुसार, विभाग में कुल 386 पदों का नियतन है, जबकि वर्तमान में 236 पदों पर ही तैनाती है। शेष 150 पदों को शीघ्र भरा जाएगा। मुख्यमंत्री ने ड्रग माफियाओं की कमर तोड़ने के लिए आधुनिक उपकरण और संसाधन भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

# संगठन के भीतर संतुलन साधने वाले नेता के रूप में उभरे पंकज

## पार्षद से प्रदेश अध्यक्ष तक, आम कार्यकर्ता को शिखर छूने का अहसास

## वर्ष 1989 में गोरखपुर नगर निगम से पार्षद के रूप में शुरू हुआ था सफर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** नगर निगम के पार्षद से लेकर केंद्र सरकार में मंत्री और अब उत्तर प्रदेश भाजपा की कमान तक पहुंचने वाले पंकज चौधरी की ताजपोशी ने संगठन के आम कार्यकर्ता में नई ऊर्जा भर दी है। ऐसे समय में, जब भाजपा पंचायत चुनाव 2026 और विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों में जुटी है, संगठन ने उस चेहरे पर भरोसा जताया है, जिसने जमीन से जुड़कर राजनीति सीखी और हर पड़ाव पर संगठन के प्रति निष्ठा निभाई।

दिल्ली में चली लंबी मैराथन बैठकों के बाद उनके नाम पर मुहर लगी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रस्तावक बनना इस बात का संकेत है कि भाजपा संगठन पूरी एकजुटता के साथ आगे बढ़ रहा है। पंकज चौधरी की राजनीतिक यात्रा भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा की कहानी है। वर्ष 1989 में गोरखपुर नगर निगम से पार्षद के रूप में शुरू हुआ, उनका सफर उसी वर्ष नवगठित महराजगंज जिले तक पहुंच गया। तभी से महराजगंज उनकी राजनीति का केंद्र बन गया। वर्ष 1991 में उन्होंने 10वीं लोकसभा में पहली बार प्रवेश किया और 1996 व 1998 में लगातार जीत दर्ज कराई। 1999 और 2009 में हार का सामना करना पड़ा, लेकिन पंकज चौधरी का संगठन से जुड़ाव कभी कमजोर नहीं हुआ। 2014 से वे लगातार सांसद हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री के रूप में जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

संगठन के भीतर पंकज चौधरी की पहचान संतुलन साधने वाले नेता की रही है। सात बार सांसद रहने के बावजूद उनका कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद और सहज व्यवहार आज भी उनकी सबसे बड़ी ताकत माना जाता है। कुर्मी समाज में उनकी मजबूत पकड़ भाजपा के लिए बड़ा सामाजिक आधार है, जिसे विपक्ष के पीडीए (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) फार्मूले की प्रभावी काट के रूप में देखा जा रहा है। पूर्वांचल, विशेषकर योगी आदित्यनाथ के गढ़ गोरखपुर-महाराजगंज क्षेत्र से प्रदेश अध्यक्ष का चयन कर भाजपा ने स्पष्ट संदेश दिया है कि संगठन क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन दोनों को साधकर आगे बढ़ेगा।


भाजपा कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करने पहुंचे पंकज चौधरी।

### चुनावी रणनीति को धार देने की चुनौती

भाजपा नेतृत्व को भरोसा है कि पंकज चौधरी संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर पार्टी को चुनावी मोड में ले जाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उनकी जिम्मेदारी केवल संगठन चलाने तक सीमित नहीं होगी, बल्कि बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक कार्यकर्ताओं में उत्साह भरना और आगामी चुनावों की रणनीति को धार देना भी उनकी प्राथमिकता होगी। रविवार को केंद्रीय चुनाव अधिकारी पीयूष गोयल द्वारा औपचारिक घोषणा के साथ ही उत्तर प्रदेश भाजपा में एक नए, ऊर्जा से भरे दौर की शुरुआत मानी जा रही है, जिसमें हर कार्यकर्ता को यह संदेश मिलेगा कि संगठन में मेहनत और निष्ठा का रास्ता सीधे शिखर तक जाता है।

### बड़े भाई से लेकर मां तक जिला पंचायत अध्यक्ष

महराजगंज की जिला पंचायत राजनीति में पंकज चौधरी का प्रभाव एक मिसाल के तौर पर देखा जाता है। बड़े भाई स्व. प्रदीप चौधरी के पहले जिला पंचायत अध्यक्ष बनने से लेकर माता उज्ज्वला चौधरी के दो बार अध्यक्ष रहने और बाद में समर्थित चेहरों की लगातार जीत तक, जिला पंचायत पर उनकी पकड़ बनी रही। सत्ता में रहते या विपक्ष में, जिला पंचायत पर नियंत्रण बनाए रखना उनके संगठनात्मक कौशल और जमीनी पकड़ का प्रमाण है।

# नए साल में मिलेगा नया राष्ट्रीय अध्यक्ष और बनेंगे नए मंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- खरमास बाद योगी मंत्रिमंडल में फेरबदल, भूपेंद्र सिंह चौधरी बन सकते मंत्री, केंद्रीय मंत्रिमंडल में भी होगा फेरबदल

**अमृत विचार:** भाजपा को नया प्रदेश अध्यक्ष मिलने के साथ ही सियासी हलचल अब सरकार और संगठन दोनों स्तर पर तेज हो गई है। खरमास समाप्त होते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंत्रिमंडल में फेरबदल और विस्तार लगभग तय माना जा रहा है। यह बदलाव खरमास बाद मकर संक्रांति के आसपास हो सकता है। इसके साथ ही नये साल में भाजपा को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिलने और केंद्र सरकार में भी मंत्रिमंडल फेरबदल की संभावनाएं प्रबल हो गई हैं।

भाजपा नेतृत्व संगठनात्मक बदलाव के बाद सरकार को पूरी तरह चुनावी मोड में लाने की तैयारी में है। 2026 के पंचायत चुनाव और 2027 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए संगठन और सरकार दोनों में नई ऊर्जा भरने की रणनीति पर काम चल रहा है। इसी क्रम में योगी मंत्रिमंडल का पुनर्गठन केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि पूरी तरह राजनीतिक और चुनावी दृष्टि से संतुलित होगा। सूत्रों के मुताबिक, मौजूदा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी का मंत्रिमंडल में शामिल होना लगभग तय है। अध्यक्ष पद से हटने के बाद उन्हें सरकार में अहम जिम्मेदारी दी जा सकती है। इसके अलावा एक-दो राज्य मंत्रियों को कैबिनेट मंत्री का दर्जा देने पर भी विचार चल रहा है, जबकि कुछ मंत्रियों की छुट्टी हो सकती है। फेरबदल में क्षेत्रीय और जातीय संतुलन को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि पश्चिम, पूर्वांचल, बुंदेलखंड और अवध सभी क्षेत्रों को साधा जा सके।

**सपा के बागियों पर भी नजर :** मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाओं में समाजवादी पार्टी से अलग होकर भाजपा के समर्थन में आए विधायकों को लेकर भी मंथन चल रहा है। पूजा पाल और मनोज पांडेय के नाम प्रमुखता से चर्चा में हैं। इसके अलावा महेंद्र सिंह को लेकर भी विचार किया जा रहा है। इन चेहरों को मंत्रिमंडल में जगह देना विपक्षी खेमे में राजनीतिक संदेश देने वाला कदम माना जाएगा।

**राष्ट्रीय स्तर पर भी बड़े फैसले :** सूत्रों के अनुसार, मकर संक्रांति के आसपास भाजपा को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष भी मिल सकता है। इसके बाद केंद्र सरकार में भी मंत्रिमंडल फेरबदल और नए चेहरों को मौका देने की तैयारी है। ऐसे में जनवरी 2026 से पहले संगठन और सरकार दोनों स्तर पर बड़े राजनीतिक फैसले होते दिख रहे हैं। कुल मिलाकर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के बाद शुरू हुई यह प्रक्रिया मकर संक्रांति तक निर्णायक मोड़ ले सकती है।

### एक और उप मुख्यमंत्री का फॉर्मूला चर्चा में

राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा भी है कि उत्तर प्रदेश को एक और उप मुख्यमंत्री मिल सकता है। इस रेस में साध्वी निरंजन ज्योति का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र और नोएडा से विधायक पंकज सिंह को भी मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने की अटकलें हैं। यदि ऐसा होता है, तो इसे पश्चिमी उत्तर प्रदेश और शहरी वोट बैंक को साधने की बड़ी कवायद माना जाएगा।

### सहयोगी दलों को भी प्रतिनिधित्व

मंत्रिमंडल विस्तार में भाजपा के साथ–साथ एनडीए के सहयोगी दलों को भी हिस्सेदारी दिए जाने के संकेत हैं। राष्ट्रीय लोकदल और अपना दल (एस) से एक–एक विधायक को मंत्री पद की शपथ दिलाई जा सकती है। इससे गठबंधन को जमीनी स्तर पर मजबूती देने और सहयोगी दलों में संदेश देने की रणनीति मानी जा रही है।

### छह नए चेहरों की गुंजाइश

वर्तमान में योगी सरकार में कुल 54 मंत्री हैं, जबकि संवैधानिक रूप से 60 मंत्रियों तक की अनुमति है। ऐसे में करीब छह नए चेहरों को मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है। सूत्रों का कहना है कि कुछ मौजूदा मंत्रियों का प्रदर्शन संतोषजनक न होने पर उन्हें हटाया भी जा सकता है। इसका उद्देश्य सरकार की कार्यशैली में नई धार और चुनावी संदेश दोनों देना है।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी पर पूर्वांचल का रहा दबदबा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पहले अध्यक्ष माधव बाबू से लेकर स्वतंत्रदेव सिंह तक 10 लोग संभाल चुके हैं कमान

**अमृत विचार:** भाजपा में प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी पर अब तक पूर्वांचल का दबदबा रहा है। करीब साढ़े चार दशक के सफर में पश्चिमांचल को गिनती के मौके ही मिल सके हैं। पूर्वांचल से पहले अध्यक्ष माधव बाबू से लेकर स्वतंत्रदेव सिंह तक 10 लोगों ने कमान संभाली, जबकि पश्चिमांचल से अध्यक्ष बनने वालों में केवल कल्याण सिंह, लक्ष्मीकांत और भूपेंद्र चौधरी रहे। अवध क्षेत्र से सीतापुर के राजेंद्र कुमार गुप्ता और विनय कटियार राज्य इकाई के अध्यक्ष रहे।

पार्टी के पहले प्रदेश अध्यक्ष बनने का गौरव पूर्वांचल के सिद्धार्थनगर निवासी माधो प्रसाद त्रिपाठी उर्फ माधव बाबू को मिला। उन्होंने 1980 से 1984 तक संगठन की कमान संभाली और उस दौर में प्रदेश में भाजपा की वैचारिक और सांगठनिक नींव मजबूत की। माधव बाबू के बाद पश्चिमांचल से आने वाले कल्याण सिंह को 1984 से 1990 तक प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। इसके बाद एक बार फिर संगठन की कमान पूर्वांचल के नेताओं के हाथों में चली गई। 1990 से 91 से तक एक वर्ष के लिए अवध क्षेत्र से सीतापुर के राजेंद्र कुमार गुप्ता एक बार राज्य इकाई के अध्यक्ष रहे। वे 1977 से 1996 तक सीतापुर से लगातार छह बार विधायक भी रहे और कल्याण सिंह की सरकार में वित्त मंत्री के रूप में भी कार्य किया। उनका निधन 2003 में हो गया था। इसके बाद कलराज मिश्र (गाजीपुर) 1991 से 1997 तक सबसे अधिक समय तक अध्यक्ष रहे और फिर एक साल 10 माह के लिए वर्ष 2000 में अगस्त से जून 2002 तक दूसरी बार अध्यक्ष बनने वाले भाजपा के इकलौते नेता है। 1997 से 2000 तक राजनाथ सिंह (चंदौली), इसके बाद ओम प्रकाश सिंह (मिर्जापुर), विनय कटियार (जन्म कानपुर लेकिन राजनीति अयोध्या), केशरीनाथ त्रिपाठी (प्रयागराज), रमापति राम त्रिपाठी (देवरिया), सूर्य प्रताप शाही (कुशीनगर), लक्ष्मीकांत वाजपेयी, केशव प्रसाद मौर्य (कौशांबी), महेंद्र नाथ पांडेय (गाजीपुर), स्वतंत्रदेव सिंह (मिर्जापुर) जैसे नेता प्रदेश अध्यक्ष बने। इन सभी नामों में अधिकांश पूर्वांचल से जुड़े रहे, जिससे यह क्षेत्र लगातार संगठन के केंद्र में बना रहा।

पश्चिमांचल की हिस्सेदारी की बात करें तो अब तक केवल तीन नेताओं को ही प्रदेश अध्यक्ष बनने का अवसर मिला। इनमें कल्याण सिंह के बाद लक्ष्मीकांत वाजपेयी और चौधरी भूपेंद्र सिंह का नाम शामिल है। लक्ष्मीकांत वाजपेयी के कार्यकाल में 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने प्रदेश में ऐतिहासिक प्रदर्शन किया था। वहीं भूपेंद्र सिंह चौधरी के नेतृत्व में पार्टी को 2024 के लोकसभा चुनाव में अपेक्षित सफलता नहीं मिली, हालांकि बाद में हुए विधानसभा उपचुनावों में भाजपा ने वापसी कर संगठन को संबल दिया।

### सबसे अधिक छह ब्राह्मण रहे प्रदेश अध्यक्ष

प्रदेश अध्यक्षों के चयन में सामाजिक समीकरण भी अहम भूमिका निभाते रहे हैं। 45 साल के संगठनात्मक इतिहास में भाजपा ने उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक छह ब्राह्मण प्रदेश अध्यक्ष बनाए। इसके अलावा तीन कुर्मी, एक लोधी, एक मौर्य, एक भूमिहार और एक जाट बिरादरी से अध्यक्ष बने। यह आंकड़े बताते हैं कि पार्टी ने समय–समय पर जातीय संतुलन साधते हुए संगठन की कमान सौंपी है।

# भानवी सिंह को राहत मुकदमे पर अंतरिम रोक

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पूर्व मंत्री रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भईया की पत्नी भानवी सिंह को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने उनके विरुद्ध मानहानि व महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के आरोपों में चल रहे मुकदमे की प्रक्रिया पर अंतरिम रोक लगा दी है। इसी के साथ कोर्ट ने राजा भईया व भानवी सिंह की बहन साध्वी सिंह को नोटिस जारी करने का भी आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया की एकल पीठ ने भानवी कुमारी सिंह की याचिका पर दिया। याची की ओर से दलील दी गई कि उसके पति रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भईया ने विवाह विच्छेद का एक मुकदमा परिवार न्यायालय में किया है। उक्त मुकदमे पर याची द्वारा लिखित जवाब दाखिल किया गया था। उक्त लिखित जवाब को एक चैनल द्वारा चलाया गया, जिसके आधार पर वर्तमान एफआईआर याची की बहन साध्वी सिंह ने उसके व दो अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध की है। इस पर कोर्ट ने कहा कि फैमिली कोर्ट एक्ट तथा हिन्दू विवाह अधिनियम में स्पष्ट प्रावधान है जिसके तहत परिवार न्यायालय के किसी भी मुकदमे की कार्यवाही को पब्लिश या प्रिंट नहीं किया जा सकता।

**कवायद** | वायु प्रदूषण की बढ़ती चुनौती से निपटने को प्रदेश सरकार का बड़ा कदम

# जनवरी में लांच होगी स्वच्छ वायु प्रबंधन परियोजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्य सचिव अध्यक्ष, प्रमुख सचिव व अपर मुख्य सचिव होंगे सदस्य

**अमृत विचार:** प्रदेश को स्वच्छ, स्वस्थ और पर्यावरणीय रूप से संतुलित राज्य बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा कदम उठाया है। वायु प्रदूषण की गंभीर चुनौती से निपटने के लिए योगी जनवरी में उत्तर प्रदेश स्वच्छ वायु प्रबंधन परियोजना (यूपीसीएएमपी) की शुरुआत करेंगे। यह परियोजना प्रदेश में वायु गुणवत्ता सुधार के लिए अब तक की सबसे व्यापक और बहु-क्षेत्रीय पहल मानी जा रही है। परियोजना में मुख्य सचिव अध्यक्ष और संबंधित विभागों के प्रमुख सचिव और अपर मुख्य सचिव सदस्य होंगे।

इस परियोजना को लेकर बीते 3 नवंबर 2025 को नई दिल्ली में आर्थिक मामलों के विभाग (डीईए), विश्व बैंक और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच परियोजना वार्ता सफलतापूर्वक संपन्न हुई थी। इसके बाद 10 दिसंबर 2025 को विश्व बैंक के निदेशक मंडल ने परियोजना को औपचारिक मंजूरी प्रदान की। शासी निकाय को परियोजना की संरचना, वित्तीय व्यवस्था और विशेष प्रयोजन वाहन के रूप में गठित यूपीसीएएमपी प्राधिकरण के माध्यम से क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी दी गई।

वायु प्रदूषण से निपटने के उद्देश्य से योगी सरकार विश्व बैंक के सहयोग से यूपीसीएएमपी परियोजना को लागू कर रही है। यह परियोजना आईआईटी कानपुर, आईआईटी दिल्ली और नॉर्वेजियन इंस्टीट्यूट फॉर एयर रिसर्च जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के वैज्ञानिक अध्ययनों पर आधारित है। इसमें ऑस्ट्रिया के आईआईएएसए द्वारा विकसित जीएआईएनएस मॉडल का उपयोग किया गया है।

### खर्च होंगे 304.66 मिलियन अमेरिकी डॉलर

परियोजना का कुल परिव्यय 304 .66 मिलियन अमेरिकी डॉलर है, जिसमें 299 .66 मिलियन डॉलर का ऋण और 5 मिलियन डॉलर का अनुदान शामिल है। इसे वर्ष 2025 से 2031 तक छह वर्षों की अवधि में चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। परियोजना उद्योग, परिवहन, कृषि, सड़क की धूल, अपशिष्ट प्रबंधन और स्वच्छ खाना पकाने जैसे प्राथमिक क्षेत्रों पर केंद्रित है।

# ईडी ने जुटाए 454 फर्मों के दस्तावेज, सत्यापन शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- फेंसेडिल कफ सिरप मामले में 36 घंटे से अधिक समय चली छापेमारी की कार्रवाई
- मुख्य आरोपी शुभम के घर से मिले कई अहम दस्तावेज, 450 करोड़ रुपये का लेनदेन

**अमृत विचार:** फेंसेडिल कफ सिरप तस्करी मामले में प्रवर्तन निदेशाल (ईडी) ने तीन राज्यों के 25 ठिकानों पर शुक्रवार सुबह से छापेमारी कर रही थी। 36 घंटे से अधिक चली छापेमारी के दौरान कुल 454 फर्मों के दस्तावेज मिले हैं। जिनके सत्यापन का काम ईडी ने शुरू कर दिया है। इन फर्मों के माध्यम से करोड़ों रुपये की हेराफेरी की गई है। मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल व उसके पिता भोला जायसवाल के वाराणसी के ठिकानों से ईडी के हाथ 189 फर्म के दस्तावेज लगे हैं। जांच में सामने आया कि इन फर्मों के माध्यम से शुभम व उसके पिता ने 450 करोड़ रुपये के लेनदेन किये हैं। जिसकी जांच ईडी कर रही है।

ईडी के अधिकारियों मुताबिक मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल के घर से प्राडा और गुच्ची जैसे ब्रांड के बैग, राडो व ऑडेमर्स पिगुएट ब्रांड की महंगी घड़ियां, लग्जरी अन्य सामान मिले हैं। जिनकी कीमत आंकी जा रही है। जांच में सामने आया कि शुभम ने अपने घर के इंटीरियर कराने में दो करोड़ रुपये नकद खर्च किये थे। ईडी की टीम ने शुभम व उसके पिता भोला के रांची स्थित कार्यालय व गोदाम में छापेमारी की। इस दौरान 189 फर्मों के संबंधित दस्तावेज मिले हैं। शुरूआती जांच में सभी फर्जी पाये गये हैं। फोरेंसिक जांच के लिए सारे दस्तावेज भेजे गये हैं।

ईडी की छापेमारी में शुभम जायसवाल के चार्टर्ड अकाउंटेंट विष्णु अग्रवाल के घर से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद हुए। इसमें 140 फर्मों का ब्योरा मिला। इनका प्रयोग कर कितने करोड़ रुपये की हेराफेरी की गई है। इसी तरह सहारनपुर में विभोर राणा और उनके सहयोगियों के आवासीय व कार्यालय परिसर की तलाशी की गई। धन की हेराफेरी के लिए 125 फर्मों का प्रयोग करने की बात सामने आई है। उनके बैंक खातों का प्रयोग कर धन जुटाने व भेजने का काम किया गया है।

ईडी की जांच में सामने आया है कि शुभम जायसवाल, बर्खास्त सिपाही आलोक सिंह, सहारनपुर के विभोर राणा व विशाल सिंह ने अपने आलीशान घरों में करोड़ों रुपये खर्च किए। अधिकारियों को शक है कि कफ सिरप की तस्करी से होने वाली बेशुमार काली कमाई को खर्च किया गया। सभी के घरों में इंटीरियर का महंगा काम कराया गया है। ईडी के अधिकारी सरकार से अधिकृत वैल्यूअर से घर और इंटीरियर की कीमत का पता लगा रहे हैं ताकि आगे उन्हें जब्त किया जा सके। बर्खास्त सिपाही आलोक प्रताप सिंह के घर की जांच में पता चला कि महल जैसी संपत्ति बनाने पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए थे। शुरुआती जांच में अकेले कंस्ट्रक्शन की लागत लगभग 5 करोड़ रुपये आंकी गई है, जिसमें ज़मीन की कीमत शामिल नहीं है।

**आंध्र ने फिर जीता ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार**

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश ने ऊर्जा संरक्षण और दक्षता के क्षेत्र में निरंतर और प्रगतिशील सुधार के लिए लगातार चौथे वर्ष राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार–2025 हासिल किया है। मुख्य सचिव के विजय आनंद ने कहा कि दक्षिणी राज्य ने भवन, उद्योग, नगर निकाय, कृषि, डिस्कॉम (बिजली वितरण कंपनियां) और परिवहन क्षेत्रों में अटूट प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार–2025 के समूह–दो वर्ग में प्रथम पुरस्कार जीता है।

अमृत विचार
मुरादाबाद, रविवार, 14 दिसंबर 2025
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### शिपरॉकेट ने सेबी को जमा किए कागजात

**नई दिल्ली।** टेमासेक समर्थित ई–कॉमर्स मंच शिपरॉकेट ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से 2,342 करोड़ जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के समक्ष अद्यतन मसौदा दस्तावेज दाखिल किए हैं। कंपनी द्वारा पेश प्रारंभिक दस्तावेज के अनुसार, आईपीओ में 1,100 करोड़ तक के शेयरों का नया निर्गम और बेचने वाले शेयरधारकों द्वारा 1,242.3 करोड़ के शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है। बिक्री पेशकश (ओएफएस) के हिस्से के रूप में लाइटरोक, ट्राइब कैपिटल, बर्टेल्समैन, अरविंद लिमिटेड, गौतम कपूर, साहिल गोयल और विशेष खुराना अपनी हिस्सेदारी कम करेंगे। आईपीओ से प्राप्त राशि का मुख्य उद्देश्य शिपरॉकेट के मंच के विकास को बढ़ावा देना होगा।

### असम में खुला टीवीएस का तकनीकी केंद्र

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्वा शर्मा ने गुवाहाटी में टीवीएस क्रेडिट टेक्नोलॉजी सेंटर का उद्घाटन किया है। राज्य सरकार ने बताया कि इस टेक्नोलॉजी सेंटर के लिए इस साल फरवरी में आयोजित निवेश सम्मेलन ''एडवांटेज असम 2.0'' के दौरान एक समझौता किया गया था। यह केंद्र असम सरकार के मजबूत डिजिटल परिवेश बनाने के लक्ष्य के अनुरूप है, जिससे युवाओं को डिजिटल युग की जरूरतों के हिसाब से कौशल प्रशिक्षण दिया जा सके। उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि यह केंद्र असम ही नहीं, बल्कि पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र में तकनीकी क्षमताओं को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगा।

### सेल की बिक्री अप्रैल-नवंबर में 14% बढ़ी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात विनिर्माता कंपनी सेल की बिक्री मूल्य दबाव और मांग में अस्थिरता के बीच अप्रैल–नवंबर 2025 अवधि के दौरान सालाना आधार पर 14 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.27 करोड़ टन हो गई। इस्पात क्षेत्र की प्रमुख कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसएआईएल) ने पिछले वर्ष 1.11 करोड़ टन की बिक्री की थी। वैश्विक अनिश्चितताओं और भू–राजनीतिक तनावों से मूल्य दबाव और मांग में अस्थिरता सहित कई चुनौतियों के बावजूद मजबूत बिक्री रणनीति के कारण यह मजबूत प्रदर्शन संभव हो पाया।

# शुल्क वृद्धि पर मेक्सिको के संपर्क में भारत

## शुल्क की घोषणा उन देशों के खिलाफ की, जिनका मेक्सिको से मुक्त व्यापार समझौता नहीं है

- भारतीय दूतावास ने मेक्सिको के आर्थिक मंत्रालय से विशेष रियायतों की मांग की थी

नई दिल्ली, एजेंसी



मेक्सिको के कई उत्पादों पर एकतरफा तरीके से शुल्क बढ़ाने के फैसले को लेकर भारत उसके साथ संपर्क में है, ताकि पारस्परिक रूप से लाभकारी समाधान निकाला जा सके। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। साथ ही, नई दिल्ली ने अपने निर्यातकों के हितों की रक्षा के लिए उचित कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित रखा है। इन शुल्क की घोषणा उन देशों के खिलाफ की गई है, जिनका मेक्सिको के साथ मुक्त व्यापार समझौता नहीं है। इनमें भारत, चीन, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और इंडोनेशिया शामिल हैं।

अधिकारी ने कहा कि इस संबंध में विधेयक पेश किए जाने के शुरुआती चरण से ही भारत मेक्सिको के साथ संवाद में था। मेक्सिको स्थित भारतीय दूतावास ने 30 सितंबर 2025 को मेक्सिको के आर्थिक मंत्रालय के सामने यह मुद्दा उठाया था और भारतीय निर्यात को नए शुल्कों से बचाने के लिए विशेष रियायतों की मांग की थी।

अधिकारी ने कहा कि भारत मेक्सिको के साथ अपनी साझेदारी को महत्व देता है और दोनों देशों के व्यवसायों और उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाने वाले स्थिर एवं संतुलित व्यापारिक माहौल की दिशा में सहयोग के लिए पूरी तरह तैयार है। इसके अलावा, दोनों देश मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने पर भी विचार कर रहे हैं और औपचारिक वार्ता शुरू करने के लिए संदर्भ शर्तों (टीओआर) को जल्द अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद है।

### पांच से 50% तक का ऊंचा आयात शुल्क

इस फैसले के तहत, मेक्सिको उन देशों से आने वाले व्यापक श्रेणी के उत्पादों (1,463 शुल्क लाइनों) पर लगभग पांच प्रतिशत से लेकर 50 प्रतिशत तक का ऊंचा आयात शुल्क लगाएगा, जिनका उसके साथ मुक्त व्यापार समझौता नहीं है। इनमें भारत, चीन, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और इंडोनेशिया शामिल हैं। जिन वस्तुओं को इसके दायरे में लाया जाएगा, उनकी सूची अभी आधिकारिक रूप से जारी नहीं की गई है। ये बढ़े हुए शुल्क एक जनवरी 2026 से प्रभावी होंगे। इस संबंध में वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल और मेक्सिको के उप–आर्थिक मंत्री लुइस रोजेंडो के बीच उच्चस्तरीय बैठक पहले ही हो चुकी है और आगे तकनीकी स्तर की बैठकों की उम्मीद है।

### समझौता भारतीय कंपनियों की करेगा मदद

विशेषज्ञों का कहना है कि यह व्यापार समझौता भारतीय कंपनियों को इन शुल्कों से बचाने में मदद करेगा। ये शुल्क अमेरिका के दबाव में लगाए गए हैं, ताकि चीन के खिलाफ शुल्क बढ़ाने के मामले में अमेरिका के साथ तालमेल किया जा सके। मेक्सिको की सीनेट ने 11 दिसंबर 2025 को नए शुल्क उपाय को मंजूरी दी थी, जिसे बाद में संसद के दोनों सदनों से भी स्वीकृति मिल गई। इसका उद्देश्य विनिर्माण को बढ़ावा देना और व्यापार असंतुलन को कम करना है।

# चावल–गेहूं नरम, चीनी मजबूत व दालों, खाद्य तेलों में घट–बढ़

नई दिल्ली, एजेंसी



- औसत दर्जे के चावल की कीमत 99 रुपये गिरी, गेहूं 12 रुपये हुआ सस्ता
- चना दाल 36 और मसूर दाल 39 रुपये प्रति क्विंटल हुई सस्ती

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव टूट गए। गेहूं में भी नरमी देखी गयी। वहीं, चीनी के दाम बढ़ गए जबकि दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 99 रुपये गिरकर 3,755.96 रुपये प्रति क्विंटल पर रही। गेहूं 12 रुपये सस्ता हुआ और 2,848.44 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत चार रुपये बढ़ गयी। दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा। चना दाल औसतन 36 रुपये और मसूर दाल 39 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। तुअर दाल 52 रुपये और मूंग दाल छह रुपये प्रति क्विंटल गिर गयी। उड़द दाल की कीमत 22 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी।

स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 18 रुपये और वनस्पति 12 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत 15 रुपये और मूंगफली तेल की 64 रुपये प्रति क्विंटल घट गयी। वहीं, सोया तेल में 26 रुपये और पाम ऑयल 41 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत पांच रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। चीनी भी 26 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

# एडवेन बायोटेक को मिला आयुष प्रीमियम प्रमाणन

नई दिल्ली, एजेंसी



- भारत की पहली होम्योपैथिक कंपनी बनने का दावा

दवा कंपनी एडवेन बायोटेक ने आयुष प्रीमियम प्रमाणन प्राप्त करने की घोषणा की है। कंपनी का दावा है कि यह प्रतिष्ठित मान्यता हासिल करने वाली वह भारत की पहली होम्योपैथिक ब्रांड बन गई है।

आयुष प्रीमियम प्रमाणन को गुणवत्ता, शुद्धता और सुरक्षा के उच्च अंतर्राष्ट्रीय मानकों का प्रतीक माना जाता है। कंपनी के अनुसार, इस उपलब्धि के साथ एडवेन बायोटेक विश्वस्तरीय होम्योपैथिक निर्माण के क्षेत्र में अग्रणी पंक्ति में आ गई है। यह उपलब्धि ऐसे समय में सामने आई है, जब भारत का होम्योपैथिक और आयुष क्षेत्र तेजी से विस्तार के दौर से गुजर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी पहलों ने आयुष उद्योग को वैश्विक मंच पर स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एडवेन बायोटेक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आदेश शर्मा ने कहा कि आयुष प्रीमियम प्रमाणन प्राप्त करना उपभोक्ताओं को सुलभ और किफायती कीमत पर विश्व स्तर की गुणवत्ता वाली होम्योपैथिक दवाएं उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# फर्जी राजनीतिक दान दावों पर ईमेल एसएमएस भेज रहा आयकर विभाग

नई दिल्ली, एजेंसी



- सीबीडीटी ने कहा- आंकड़ों के विश्लेषण के माध्यम से दान के नाम पर बड़ी मात्रा में फर्जी दावों का चला पता
- करदाताओं के हितों को ध्यान में रखकर एक लक्षित एक अभियान वित्त मंत्रालय ने किया शुरू

आयकर विभाग ने गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों या धर्मार्थ संस्थानों से संबंधित गलत कटौती दावों के लिए करदाताओं को एसएमएस और ईमेल से सलाह भेजना शुरू कर दिया है। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने कहा कि आंकड़ों के विश्लेषण के माध्यम से उसने पाया है कि पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (आरयूपीपी) या धर्मार्थ संस्थानों को दान के नाम पर बड़ी मात्रा में फर्जी दावे किए गए हैं, जिससे उनके कर दायित्वों को कम किया गया है और फर्जी धनवापसी का भी दावा किया गया है।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि करदाताओं के हित में एक लक्षित एक अभियान शुरू किया गया है, जो उन्हें अपने आईटीआर अपडेट करने और किसी भी गलत दावे को वापस लेने का अवसर प्रदान करता है। 12 दिसंबर 2025 से ऐसे करदाताओं के पंजीकृत मोबाइल नंबर और ईमेल पर एसएमएस और ईमेल सूचनाएं भेजी जा रही हैं। वित्त मंत्रालय के निर्देश पर आयकर विभाग यह कार्रवाई कर रहा है।

# 55% लोगों की सर्दियों में घूमने की योजना गोवा-केरल आगे

**मुंबई।** एयरबीएनबी की एक रिपोर्ट के अनुसार लगभग 55 प्रतिशत भारतीयी हर साल सर्दियों में घूमने की योजना बनाते हैं और इस दौरान गोवा और केरल उनकी शीर्ष पसंद रहते हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय सर्दियों में केवल छुट्टियां मनाने के लिए ही नहीं, बल्कि तनाव से दूर होकर आराम करने के लिए से भी यात्रा करते हैं।

एयरबीएनबी के भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र के ''कंट्री हेड'' अमनप्रीत बजाज ने कहा कि इस सर्दी के मौसम में गोवा, केरल, राजस्थान और हिमालयी राज्य घरेलू यात्रा में सबसे आगे हैं। उन्होंने एयरबीएनबी के आंतरिक आंकड़ों पर आधारित रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि 55 प्रतिशत भारतीय हर साल सर्दियों में यात्रा की योजना बनाते हैं, जिससे यह पता चलता है कि अनुकूल मौसम तथा मनमोहक नजारों के कारण सर्दी भारत में घूमने के पसंदीदा मौसमों में से एक बन चुकी है।

# स्टार्टअप कंपनियां तलाशेंगी वायु प्रदूषण का समाधान

- वायु प्रदूषण के समाधान पर चर्चा करने को स्टार्टअप संस्थापकों की हुई बैठक

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण से निपटने के लिए समाधान तलाशने के उद्देश्य से शनिवार को 40 स्टार्टअप संस्थापकों और कारोबारी प्रतिनिधियों की बैठक हुई। बयान के अनुसार यह बैठक सेंट्रल पार्क में हुई, जिसमें वेंचर कैपिटल और प्राइवेट इक्विटी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। बैठक में आवागमन, कृषि और वायु शुद्धिकरण जैसे क्षेत्रों में काम कर रहे स्टार्टअप ने अपने-अपने समाधान साझा किए और इन्हें बड़े स्तर पर लागू करने में आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की। कार और बाइक साझा करने के मंच क्विक राइड के सह-संस्थापक विशाल लावटी ने कहा कि निजी वाहन दिल्ली में वायु प्रदूषण का एक प्रमुख कारण हैं। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन जैसे दीर्घकालिक उपाय मददगार होंगे, लेकिन कार साझा करने और बाइक साझा करने जैसी सरल और तुरंत अपनाई जा सकने वाली गतिविधियां प्रदूषण कम करने में प्रभावी हैं। इसके लिए किसी अतिरिक्त अवसंरचना की आवश्यकता नहीं है, केवल जागरूकता और सहभागिता जरूरी है। इस बैठक का आयोजन करने वाली 'द भारत प्रोजेक्ट' की संस्थापक श्रद्धा शर्मा ने कहा कि अगले 11 महीनों में क्षमता निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, ताकि अगले वर्ष दिल्ली वायु प्रदूषण से बेहतर तरीके से निपट सके।

## राष्ट्रीय

# नक्सलवाद से किसी को फायदा नहीं होता : शाह

## गृहमंत्री बोले- पांच वर्षों में बस्तर देश का विकसित आदिवासी क्षेत्र होगा

- बस्तर ओलंपिक-2025 खेल के समापन समारोह को किया संबोधित

रायपुर, एजेंसी



समापन समारोह में शामिल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने छत्तीसगढ़ के सात जिलों वाले बस्तर संभाग को अगले पांच वर्षों में देश का सबसे विकसित आदिवासी क्षेत्र बनाने का संकल्प लिया है। शाह ने कहा कि नक्सलवाद से किसी को फायदा नहीं होता, न तो हथियार उठाने वालों को और न ही सुरक्षाकर्मियों को, और शांति ही विकास का मार्ग प्रशस्त करती है।

उन्होंने फिर इस बात पर बल दिया कि 31 मार्च, 2026 तक देश से नक्सलवाद खत्म हो जाएगा। शाह ने राज्य के बस्तर जिले के मुख्यालय जगदलपुर में इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में बस्तर ओलंपिक-2025 खेल आयोजन के समापन समारोह को संबोधित करते हुए माओवादियों से अनुरोध किया कि वे हथियार डाल दें और समाज की मुख्यधारा में शामिल हो जाएं। सरकार ने 31 मार्च, 2026 से पहले देश से लाल आतंक को खत्म करने का फैसला किया है, यह लक्ष्य अब प्राप्ति के करीब है। शाह ने कहा कि आज मैं बस्तर में आया हूं तब मुझसे ज्यादा आनंद किसी व्यक्ति को नहीं हो सकता है। हमने तय किया था कि 31 मार्च के पहले देश से लाल आतंक को खत्म कर देंगे, और आज बस्तर ओलंपिक 2025 में हम इसके कगार पर खड़े हैं। मैं 2024 में भी आया था, 2025 में भी आया हूं और 2026 में भी आऊंगा, यह मेरा वादा है। परंतु, जब मैं 2026 में बस्तर ओलंपिक के लिए पहुंचूंगा, तब तक छत्तीसगढ़ और पूरे देश से नक्सलवाद का सफाया हो चुका होगा।

### केंद्र और राज्य सरकारें विकास के लिए प्रतिबद्ध

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि बस्तर संभाग के सात जिलों – कांकेर, कोंडागांव, बस्तर, सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर और दंतेवाड़ा – को दिसंबर 2030 तक देश के सबसे विकसित आदिवासी जिलों के रूप में विकसित किया जाएगा। केंद्र और राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकारें इन जिलों के हर घर के लिए आवास, बिजली, शौचालय, नल का पानी, रसोई गैस कनेक्शन, पांच किलोग्राम मुफ्त अनाज और पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बस्तर संभाग देश का सबसे विकसित आदिवासी क्षेत्र होगा। यहां हर गांव सड़कों से जुड़ा होगा, बिजली होगी, पांच किलोमीटर के दायरे में बैंकिंग सुविधाएं होंगी तथा प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का एक मजबूत जाल होगा।

### अर्बन नक्सलियों को हुआ भारी नुकसान, 92 करोड़ की संपत्ति जब्त : सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने विभिन्न एजेंसियों की समन्वित कार्रवाई के तहत 92 करोड़ की संपत्ति जब्त कर नक्सलियों को काफी हद तक संकुचित कर दिया है। शनिवार को सरकारी बयान में कहा गया है कि इस कार्रवाई से अर्बन नक्सलियों को भी गंभीर नैतिक व मनोवैज्ञानिक नुकसान पहुंचा है और उनके सूचना नेटवर्क पर नियंत्रण कड़ा कर दिया गया है। मार्च 2026 तक देश को पूरी तरह नक्सल–मुक्त बनाने के दृढ़ लक्ष्य को हासिल करने के लिए सरकार ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) में एक समर्पित प्रकोष्ठ का गठन किया है। इस प्रकोष्ठ ने 40 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है, जबकि राज्य के प्राधिकारियों ने अतिरिक्त 40 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। वहीं प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 12 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। बयान में कहा गया है, समन्वित कार्रवाई से शहरी नक्सलियों को गंभीर नैतिक व मनोवैज्ञानिक क्षति पहुंची है और उनके सूचना आधारित युद्ध से जुड़े नेटवर्क पर नियंत्रण कड़ा किया गया है। माओवादी उग्रवादियों के खिलाफ की गई कार्रवाई का विस्तृत विवरण देते हुए सरकार ने बताया कि 2014 में जहां 36 जिले नक्सलवाद से 'सबसे अधिक प्रभावित' थे।

# केरल : निगम चुनाव में भाजपा ने एलडीएफ को हराया

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- 101 वार्ड में से भाजपा को 50, एलडीएफ को 29, यूडीएफ को 19 पर मिली जीत

केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम के नगर निकाय चुनाव में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने शानदार जीत हासिल की। राजग ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नीत वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) को शिकस्त देकर निगम पर 45 वर्षों के वामपंथी शासन का अंत कर दिया।

विश्लेषकों का मानना है कि तिरुवनंतपुरम नगर निगम में मिली जीत से 2026 के विधानसभा चुनाव में विशेष रूप से राज्य की राजधानी में भाजपा की संभावनाओं को काफी बल मिलेगा। तिरुवनंतपुरम नगर निगम के 101 वार्ड में से भाजपा को 50 में, एलडीएफ को 29 में, संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) को 19 में और दो निर्दलीय को जीत मिली है। भाजपा सदन में बहुमत हासिल करने से एक वार्ड दूर है। राजग ने कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ के साथ टक्कर के बाद पलक्कड़ नगरपालिका को बरकरार रखा व कांग्रेस को त्रिप्पुनिथुरा में शिकस्त दी। लोकसभा चुनाव में भाजपा के सुरेश गोपी ने त्रिशूर सीट पर जीत दर्ज की थी।

### राजग की जीत केरल में ऐतिहासिक क्षण : मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नगर निगम चुनाव में राजग को मिले जनादेश को केरल की राजनीति में ऐतिहासिक क्षण बताया और नतीजों के लिए कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा कि धन्यवाद तिरुवनंतपुरम। नगर निगम में भाजपा–राजग को मिला जनादेश केरल की राजनीति में ऐतिहासिक क्षण है। जनता को विश्वास है कि केरल की आकांक्षाओं को केवल भाजपा ही पूरा कर सकती है।

# मनरेगा पर भाजपा कांग्रेस आमने सामने

- योजना का नाम बदलने पर कांग्रेस ने घेरा, भाजपा का पलटवार

**नई दिल्ली।** भाजपा ने शनिवार को कहा कि ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का नाम बदलने का प्रधानमंत्री का निर्णय इसकी भावना को बदलने के लिए है। राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने मनरेगा को लेकर कांग्रेस की आलोचना पर कहा कि विपक्षी दल व उसके नेता इसे समझ नहीं सकते।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने मनरेगा पर कहा था कि मोदी सरकार योजनाओं का नाम बदलने में मास्टर है। इस योजना के नाम में महात्मा गांधी होने में क्या गलत है। कांग्रेस संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कभी मनरेगा को विफलता का स्मारक कहा था।

भाजपा नेता त्रिवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित किया है और वे इसी भावना के साथ काम करते हैं। कांग्रेस, जिसने हम हैं यहां के राजकुमार के सिद्धांत पर काम किया है, वह उसको नहीं समझ सकती।

# ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस–वे पर दो हादसों में 12 से अधिक गाड़ियां आपस में टकराई

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी

- घने कोहरे के कारण हुआ हादसा पांच किमी लगा लंबा जाम

उत्तर प्रदेश में गौतमबुद्धनगर जिला के ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे के दो अलग-अलग मार्ग पर शनिवार को घने कोहरे के कारण 12 से अधिक गाड़ियां आपस में टकरा गई। ठंड के साथ घने कोहरे से ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र स्थित ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे के चक्रसेनपुर फ्लाईओवर और समाधिपुर फ्लाईओवर पर एक के बाद एक वाहन आपस में टकरा गए, जिससे वह क्षतिग्रस्त हो गए। इस हादसे से पांच किलोमीटर लंबा जाम लगा गया।

ईस्टर्न एक्सप्रेस-वे पर हुए हादसे की लोग ने पुलिस और हाईवे के टोल कर्मचारियों को सूचना दी। दादरी थाना पुलिस और एनएचएआई के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और यातायात को कुछ समय के लिए रोक दिया। वाहनों को मार्ग से हटवाकर और घायलों को अस्पताल भेजने के बाद यातायात फिर से शुरू कराया गया।

### वाहनों के लिए पहले से जारी है दिशानिर्देश

यातायात पुलिस की ओर से एक्सप्रेस–वे पर वाहनों के लिए गति सीमा के निर्देश पहले से जारी है। इसमें कहा गया है कि शीत ऋतु में कोहरे, धुंध से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यमुना एक्सप्रेस वे, नोएडा, ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे, नोएडा एलिवेटेड रोड और जिले के अन्य मार्गों पर दिसंबर से लेकर फरवरी 2026 तक सभी वाहनों की गति सीमा तय है। इसके तहत हल्के वाहनों की अधिकतम गति सीमा 75 किमी प्रति घंटा यमुना एक्सप्रेस–वे पर है, भारी वाहनों की 60 किमी प्रति घंटा है, नोएडा–ग्रेटर नोएडा पर हल्के वाहन 75 व भारी वाहन 50 किमी प्रति घंटा की गति से चल सकते हैं।

# डिजिटल अरेस्ट कर बुजुर्ग से ठगे 1.16 करोड़, तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बुजुर्ग को डिजिटल अरेस्ट करने के बाद उससे 1.16 करोड़ की धोखाधड़ी करने के आरोप में साइबर सिंडिकेट के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने बताया कि खुद को कानून प्रवर्तन अधिकारी बताते हुए आरोपी ने वीडियो कॉल के दौरान 82 वर्षीय व्यक्ति को फर्जी गिरफ्तारी आदेश दिखाया। कानूनी कार्रवाई की धमकी देकर बुजुर्ग को 1.16 करोड़ रुपये अंतरित करने को मजबूर किया गया। जांच के दौरान, पुलिस को पता चला कि ठगी गई रकम का बड़ा हिस्सा 1.10 करोड़ रुपये हिमाचल प्रदेश स्थित गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) के चालू खाते में जमा किया गया था। यह खाता बिहार के पटना से जालसाजों द्वारा संचालित किया जा रहा था। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर इसी बैंक खाते के खिलाफ 32 शिकायतें दर्ज की गई हैं, जिसमें कुल 24 करोड़ की धोखाधड़ी शामिल है। मामले की जांच के तहत हिमाचल प्रदेश और बिहार में कई छापेमारी की गई, जिससे तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हुई।

# गोवा : नियमों के उल्लंघन में दो प्रमुख नाइट क्लब सील

**पणजी।** गोवा में 6 दिसंबर को नाइटक्लब की घटना के बाद राज्यव्यापी कार्रवाई के तहत प्रशासन ने दो नाइट क्लब को सील कर दिया है। उत्तरी गोवा के वागातोर तट पर अरब सागर के किनारे स्थित मशहूर नाइट क्लब कैफे सीओ2 गोवा को शनिवार को सील किया गया। दो दिन पहले वागातोर में गोया क्लब को बंद किया गया था।

राज्य सरकार द्वारा नियुक्त टीम ने सीओ2 गोवा के निरीक्षण में पाया गया कि 250 लोगों की क्षमता वाले क्लब के पास अग्निशमन और आपातकालीन सेवा विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं है। इसकी संरचनात्मक में कुछ समस्याएं हैं।

# कश्मीर में हल्की बर्फबारी की संभावना

श्रीनगर, एजेंसी

कश्मीर में बादल छाए रहने से न्यूनतम तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी हुई, जिससे ठंड से हल्की राहत मिली है। मौसम विभाग ने घाटी के ऊंचे क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हल्की बर्फबारी होने की संभावना जताई है।

मौसम विभाग ने शनिवार को बताया कि जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में शुक्रवार रात न्यूनतम तापमान शून्य से 2.9 डिग्री नीचे रहा, जो पिछली रात के तापमान (शून्य से 3.6 डिग्री सेल्सियस नीचे) से अधिक है। रात का तापमान इस मौसम के सामान्य तापमान से 1.7 डिग्री कम था। शहर और घाटी के अधिकांश हिस्सों में घना कोहरा है, विशेष रूप से जल निकायों के आसपास के क्षेत्रों को कोहरे से ढके हुए हैं।

दक्षिण कश्मीर के काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से 1.6 डिग्री नीचे और उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में शून्य से 2.4 डिग्री नीचे है। वहीं कोकरनाग में यह 0.1 डिग्री रहा। कोकरनाग और गुलमर्ग में तापमान हिमांक बिंदु से ऊपर रहा। मौसम विभाग के अनुसार, गुलमर्ग, पहलगाम में तापमान में गिरावट आई है। पुलवामा सबसे ठंडा स्थान रहा।

### उत्तर भारत में भी तापमान में तेजी से गिरावट जारी

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में तापमान में तेज़ी से गिरावट देखी जा रही है। पंजाब, उत्तराखंड, जम्मू– कश्मीर, हरियाणा, मध्य प्रदेश, बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में शीतलहर तेज़ी से बढ़ रही है। महाराष्ट्र में शीतलहर चलने से कई जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे गिर सकता है। आईएमडी के अनुसार देश के कई राज्यों के कई इलाकों में सुबह घना कोहरा देखा जा सकता है। दिसंबर में ठंड बढ़ने पर कई विद्यालयों के खुलने के समय में बदालव हो सकता है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### गुजरात में आया 3.9 तीव्रता का भूकंप

**अहमदाबाद।** गुजरात के कच्छ जिले में शनिवार को 3 .9 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। भूकंपीय अनुसंधान संस्थान ने यह जानकारी दी। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी ने बताया कि जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। गांधीनगर स्थित आईएसआर ने बताया कि भूकंप का झटका दोपहर 2 :47 बजे आया, जिसका केंद्र जिले के गढ़शीशा से 13 किलोमीटर उत्तर उत्तर-पूर्व (एनएई) में था। कच्छ में इस माह रिक्टर पैमाने पर तीन से अधिक तीव्रता का महसूस किया गया यह पांचवा भूकंप है। कच्छ एक अत्यधिक जोखिम वाले भूकंपीय क्षेत्र में स्थित है।

### यमन में हमले में 30 से अधिक सैनिक मारे गए

**सना।** पूर्वी यमन के हद्रमाउत प्रांत में अलगाववादी बलों के हमले में 30 से अधिक यमनी सैनिक मारे गए। सेना के जनरल स्टाफ ने आधिकारिक समाचार एजेंसी सना से बात करते हुए अलगाववादी बलों पर आरोप लगाया कि वे अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करते हुए घायलों को मार रहे हैं और कैदियों को फांसी दे रहे हैं। जनरल स्टाफ ने शुक्रवार को कहा कि अलगाववादियों के हमले में कम से कम 32 यमनी अधिकारी और सैनिक मारे गए, जबकि 45 अन्य घायल हो गए।

### द. अफ्रीका में मंदिर गिरने से दो की मौत

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में डरबन के उत्तर में स्थित भारतीय कस्बे रेडक्लिफ में शुक्रवार दोपहर चार मंजिला मंदिर के ढह जाने से जुड़ी घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। मलबे में दबे लोगों की तलाश कर रहे बचावकर्मियों ने कठिन परिस्थितियों के कारण शुक्रवार आधी रात के करीब बचाव अभियान रोक दिया। इमारत पर कंक्रीट डालते समय पूरा ढांचा ढह गया जिससे एक मजदूर की मौत हो गई और कई अन्य लोग उसके नीचे दब गए। मलबे में फंसे श्रमिकों और मंदिर के अधिकारियों की सटीक संख्या अभी ज्ञात नहीं है। इसी बीच, मंदिर परिसर में परिवार के साथ पहुंचे 54 वर्षीय एक श्रद्धालु की खबर सुनने के बाद मौत हो गई।

### गाजा में संरा की भूमिका अपरिहार्य

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सहित आठ प्रमुख मुस्लिम देशों ने फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र की राहत एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के प्रति मजबूत समर्थन व्यक्त करते हुए कहा है कि गाजा में अप्रत्याशित मानवीय संकट के बीच इसकी भूमिका अपरिहार्य है। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय द्वारा जारी एक संयुक्त बयान में, पाकिस्तान, मिस्र, इंडोनेशिया, जॉर्डन, कतर, सऊदी अरब, तुर्किये और संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्रियों ने फलस्तीनी शरणार्थियों के अधिकारों और कल्याण की रक्षा के लिए यूएनआरडब्ल्यूए की अपरिहार्य भूमिका की पुष्टि की।

### पशु मौतों पर सड़कों पर उतरे किसान

**पेरिस।** दक्षिण-पश्चिम फ्रांस में किसानों ने लम्पी स्किन रोग के कारण बड़े पैमाने पर पशुओं के मारे जाने के सरकार के आदेश के विरोध में शुक्रवार रात से शनिवार सुबह तक प्रमुख सड़कों को जाम कर दिया। नाराज किसानों ने न केवल ट्रैक्टरों से सड़कों की नाकेबंदी कर दी, बल्कि भूसे के गट्ठरों में भी आग लगा दी। पुलिस ने नाराज भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश की, तो दोनों पक्षों के बीच छड़प हो गयी। यह विरोध फ्रांस के कृषि क्षेत्र में बढ़ती नाराजगी को दर्शाता है।

# इमरान खान की हिरासत समाप्त करे पाकिस्तान

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



- संरा विशेषज्ञ ने तत्काल और प्रभावी कार्रवाई करने को कहा

संयुक्त राष्ट्र के एक विशेषज्ञ ने पाकिस्तान सरकार से पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की अमानवीय और अपमानजनक हिरासत स्थितियों की खबरों के समाधान के लिए तत्काल और प्रभावी कार्रवाई करने का आह्वान किया है।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार निकाय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक यातना पर संयुक्त राष्ट्र की विशेष प्रतिवेदक एलिस जिल एडवर्ड्स ने शुक्रवार को कहा कि लंबे समय तक या अनिश्चितकालीन एकांत कारावास अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कानून के तहत निषिद्ध है, और जब यह 15 दिनों से अधिक समय तक चलता है, तो मनोवैज्ञानिक यातना का एक रूप ले लेता है। एडवर्ड्स ने कहा कि मैं पाकिस्तानी अधिकारियों का आह्वान करती हूं कि वे यह सुनिश्चित करें कि खान की हिरासत की शर्तें अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों के अनुरूप हों। खान 2023 से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं।

# डिजिटल जनगणना

## पहले से ज्यादा तेज और सटीक होगी

जनगणना सरकारी प्रक्रिया है जिसमें देश की संपूर्ण आबादी, घरों, सामाजिक-आर्थिक स्थिति, जाति, शिक्षा, भाषा आदि के आंकड़े हर 10 साल में एक बार इकट्ठा किए जाते हैं। वर्ष 2027 में देश में पहली बार डिजिटल मोड में जनगणना कराई जाएगी। इसमें कागज़ के बजाय मोबाइल एप, वेब पोर्टल और डिजिटल टूल्स का इस्तेमाल होगा। दो चरणों में होने वाली यह दुनिया की सबसे बड़ी प्रशासनिक और सांख्यिकीय प्रक्रिया होगी। केंद्रीय कैबिनेट ने जनगणना के लिए 11,718 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दे दी है। पहला चरण सात अप्रैल से शुरू होकर माह सितंबर तक चलेगा, इस दौरान घरों की सूची बनाने के साथ आवास की गणना की जाएगी। दूसरे चरण फरवरी 2027 से आबाद की गणना होगी। आइए जानते हैं जनगणना की प्रक्रिया और फायदे।



### डिजिटल जनगणना के लाभ

- तेज़ और सटीक डेटा संग्रह हो सकेगा। डिजिटल भराई से त्रुटियां कम होंगी और डेटा की सही जानकारी तुरंत उपलब्ध होगी। प्रासंगिक आंकड़े कुछ हफ़्तों/ महीनों में मिल सकते हैं, जबकि पहले वर्षों लगते थे। सरकारी योजनाओं, संसाधन वितरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि के निर्णय तेजी से और सही आधार पर बनेगे। संसदीय परिसीमन और वोटर प्रतिनिधित्व के लिए भी आंकड़े जल्दी उपयोग-योग्य होंगे। कागज़ के काम की जगह डिजिटल सिस्टम से समय और खर्च की बचत होती है। डेटा की सुरक्षा और गोपनीयता बेहतर तरीके से सुनिश्चित की जा सकती है। तकनीक के इस्तेमाल से देश को डिजिटल सक्षम डिज़ाइन मिलेगा, नागरिकों को अपनी जानकारी ऑनलाइन देने का विकल्प मिलेगा, जिससे सहभागिता बढ़ेगी।

### प्रमुख देशों में जनगणना के नियम

- संयुक्त राज्य अमेरिका में भी जनगणना अनिवार्य है। यहां पर हर 10 साल में जनगणना का प्रावधान है। इसमें भाग लेना कानूनी रूप से अनिवार्य है। ऑनलाइन, डाक और फील्ड सर्वे का इस्तेमाल किया जाता है। ब्रिटेन में भी हर 10 साल पर जनगणना होती है। जनगणना में भाग लेना कानूनी दायित्व है। यहां 2021 से मुख्यत: ऑनलाइन है। भाग ने लेने पर जुर्माना हो सकता है। पड़ोसी देश चीन में भी 10 साल में जनगणना करने का प्रावधान है जिसमें जन भागीदारी अनिवार्य है। डिजिटल के अलावा फील्ड सर्वे का माध्यम अपनाया जाता है। डेटा सार्वजनिक कम, सरकारी उपयोग अधिक किया जाता है। जापान में हर पांच साल में जनगणना होती है। कानूनी रूप से अनिवार्य है। ऑनलाइन, डाक और फील्ड, तीनों विकल्प अपनाए जाते हैं। फ्रांस में हर साल आबादी के एक हिस्से का सर्वे किया जाता है और 5 साल में पूरा देश कवर किया जाता है। जनगणना डिजिटल और स्थानीय प्रशासन द्वारा संचालित की जाती है। कनाडा में भी हर पांच साल पर ऑनलाइन तरीके से जनगणना होती है।

### तेज और सटीक प्रक्रिया

- जनगणना की प्रक्रिया दो चरणों में संपन्न होगी। प्रारंभिक चरण में जातिगत आंकड़े जुटाए जाएंगे। पहली बार मोबाइल एप के जरिए डाटा संग्रह होगा। केंद्रीयकृत पोर्टल के जरिए रियल टाइम निगरानी की जाएगी। इस अभियान में लगभग 30 लाख कर्मचारियों को लगाया जाएगा। जो घर-घर जाकर जनसंख्या की गणना करेंगे। इस बार डेटा इकट्ठा करना तेज, सटीक और तुरंत संभव होगा क्योंकि हर जानकारी सीधे सर्वर पर अपलोड होगी।

### कैसे होगी जनगणना

- जनगणना कमी मोबाइल एप के ज़रिए डेटा जमा करेंगे और नागरिक खुद भी वेब पोर्टल से जानकारी भर सकेंगे। डेटा को सुरक्षित रखने के लिए आधुनिक सुरक्षा उपाय अपनाए जाएंगे। घरों और भवनों को जीपीएस के ज़रिए टैग किया जाएगा ताकि डेटा का स्थान-आधारित विश्लेषण बेहतर हो। केंद्रीय पोर्टल के ज़रिए पूरा काम ट्रैक और मैनेज होगा।

# अमेरिकी सांसदों ने कहा-भारत पर लागू 50% शुल्क समाप्त करें ट्रंप

## तीन प्रभावशाली संसद सदस्यों ने प्रतिनिधि सभा में पेश किया प्रस्ताव

- कहा-इस गैर जिम्मेदाराना शुल्क के होंगे प्रतिकूल परिणाम

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के तीन प्रभावशाली सांसदों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए 50 प्रतिशत शुल्क को खत्म के लिए कांग्रेस (अमेरिकी संसद) में एक प्रस्ताव पेश किया है। उन्होंने कहा है कि भारत के प्रति इस गैर-जिम्मेदाराना शुल्क रणनीति के प्रतिकूल परिणाम होंगे, जिससे यह महत्वपूर्ण साझेदारी कमजोर पड़ेगी।

उत्तर कैरोलाइना की प्रतिनिधि डेबोरा रॉस, टेक्सास के प्रतिनिधि मार्क वेसी और इलिनोइस के प्रतिनिधि राजा कृष्णमूर्ति ने शुक्रवार को प्रतिनिधि सभा में एक प्रस्ताव पेश किया, जिसमें भारत से आयात की जाने वाली वस्तुओं पर 50 प्रतिशत तक शुल्क लगाने के ट्रंप के फैसले को रद्द करने का अनुरोध किया गया है, ताकि व्यापार पर कांग्रेस के संवैधानिक अधिकार को बहाल करने में मदद मिले। ट्रंप ने भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत का शुल्क लगाया है, जो दुनिया में सबसे अधिक है। इसमें भारत की ओर से रूसी तेल की खरीद को लेकर उस पर लगाया 25 प्रतिशत का शुल्क भी शामिल है। प्रस्ताव में उस राष्ट्रीय आपातकाल आदेश को समाप्त करने का प्रावधान किया गया है, जिसे ट्रंप ने अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम (आईईईपीए) के तहत भारतीय वस्तुओं पर व्यापक शुल्क लगाने के लिए लागू किया है।

रॉस ने कहा कि ट्रंप के फैसले के कारण भारत से आयात किए जाने वाले कई उत्पादों पर शुल्क बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है। कृष्णमूर्ति ने कहा कि भारत के प्रति ट्रंप की गैर-जिम्मेदाराना शुल्क रणनीति के प्रतिकूल परिणाम होंगे, जिससे एक महत्वपूर्ण साझेदारी कमजोर पड़ेगी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी हितों या सुरक्षा को बढ़ावा देने के बजाय ये शुल्क आपूर्ति श्रृंखला को बाधित करते हैं, अमेरिकी श्रमिकों को नुकसान पहुंचाते हैं और उपभोक्ताओं के लिए लागत बढ़ाते हैं। अमेरिका इन शुल्क को समाप्त करके भारत के साथ मिलकर हमारी साझा आर्थिक और सुरक्षा आवश्यकताओं को आगे बढ़ाने में सक्षम होगा।




### भारत से गहरे जुड़ी है हमारी अर्थव्यवस्था

रॉस ने कहा कि यह प्रस्ताव सीनेट की ओर से द्विदलीय रूप से पारित उस विधेयक के बाद आया है, जिसका उद्देश्य ट्रंप द्वारा ब्राजील पर लगाए गए शुल्क को समाप्त करना और आयात पर शुल्क बढ़ाने के लिए आपातकालीन शक्तियों के दुरुपयोग पर अंकुश लगाना है। रॉस ने कहा कि उत्तर कैरोलाइना की अर्थव्यवस्था भारत से गहराई से जुड़ी हुई है।

### ब्राजील ने अतिरिक्त आयात शुल्क निलंबित करने को कहा

**साओ पाउलो।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लुला दा सिल्वा ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से ब्राजीलियाई उत्पादों पर लगाए गए अतिरिक्त 40 प्रतिशत आयात शुल्क को तब तक के लिए निलंबित करने का आग्रह किया है, जब तक दोनों देशों के बीच विवाद सुलझाने के लिए उच्चस्तरीय व्यापार वार्ता जारी है। उपराष्ट्रपति और विकास, उद्योग, व्यापार एवं सेवा मंत्री जेराल्डो अल्कमिन ने शुक्रवार को कहा, राष्ट्रपति ने कहा है कि बातचीत जारी रहने तक आयात शुल्क पर फैसला रोक दिया जाए। हमें इंतजार करना होगा। अल्कमिन ने बताया कि ट्रंप प्रशासन के मूल आयात शुल्क दायरे को कम करने के फैसले के बाद ब्राजील और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय बातचीत लगातार आगे बढ़ रही है। कार्यकारी आदेश के जरिए शुरुआती कदम में करीब 4,000 ब्राजीलियाई उत्पादों पर कुल 50% आयात शुल्क लगाया गया था, जिससे बड़े स्तर पर निर्यात प्रभावित हुए थे। उन्होंने बताया कि ट्रंप ने इस प्रारंभिक कार्यकारी आदेश के बाद ब्राजील के 37 प्रतिशत निर्यात पर कुल 10 प्रतिशत और 40 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया गया था। अल्कमिन ने कहा कि इसके बाद आंकड़ा घटकर 22 प्रतिशत रह गया है, जो आयात शुल्क की पहली सीमा में शामिल उत्पादों में लगभग एक-तिहाई कमी दर्शाता है।



हैदराबाद के पास दुंडीगल स्थित वायु सेना अकादमी में 216वें बैच की संयुक्त दीक्षांत परेड के बाद उत्साहित फ्लाइट कैडेट्स।

### जासूसी में वायुसेना का सेवानिवृत्त जवान गिरफ्तार

**तेजपुर।** असम के सोनितपुर जिले में पाकिस्तानी जासूसों से कथित संबंधों के आरोप में भारतीय वायु सेना के एक सेवानिवृत्त जवान को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरिचरण भूमिज ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी ने सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तानी जासूस के साथ संवेदनशील दस्तावेज और जानकारी साझा की थी। पुलिस ने उसका लैपटॉप और मोबाइल फोन जब्त कर लिया है। भूमिज ने बताया कि उपकरणों को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है, हालांकि कुछ डेटा को डिलीट किया जा चुका है।

# भारतीय रक्षा बल बदलते परिवेश के लिए प्रतिबद्ध

- वायुसैनिकों के संयुक्त दीक्षांत परेड में बोले सीडीएस चौहान

**हैदराबाद, एजेंसी**

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने युद्ध और संघर्ष में एक बड़ी क्रांति के प्रारंभ होने का उल्लेख करते हुए शनिवार को कहा कि भारतीय रक्षा बल बदलते परिवेश के अनुकूल बनने और सुधारों को आत्मसात करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि वे हमेशा तैयार और प्रासंगिक बने रहें।

सीडीएस ने यहां डुंडिगल के पास वायुसेना अकादमी में आयोजित 216 कोर्स के कंबाइंड ग्रेजुएशन परेड (सीजीपी) को संबोधित करते हुए यह बात कही। जनरल चौहान ने कहा कि भारत की ताकत मजबूत संस्थानों, लोकतांत्रिक स्थिरता और सशस्त्र सेनाओं की अडिग पेशेवर क्षमता पर आधारित है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भले ही धीमा हो गया हो, लेकिन यह जारी है।

उन्होंने कहा कि आप (नए अधिकारी) भी ऐसे समय में भारतीय वायु सेना में शामिल हो रहे हैं जब एक नई सामान्य स्थिति पूरी तरह से स्थापित हो चुकी है। यह एक ऐसा युग है जिसमें चौबीसों घंटे उच्च स्तर की अभियानगत तत्परता की आवश्यकता है। ऑपरेशन सिंदूर भले ही धीमा पड़ गया हो, लेकिन यह जारी है।

# ईयू ने रूस की अचल संपत्तियों के हस्तांतरण पर लगाई रोक

**ब्रुसेल्स, एजेंसी**

- संघ के आर्थिक नुकसान को रोकने के लिए लिया फैसला

यूरोपीय संघ (ईयू) परिषद ने शुक्रवार को यूक्रेन में चल रहे संघर्ष का हवाला देते हुए रूस के केंद्रीय बैंक से संबंधित अचल संपत्तियों के किसी भी हस्तांतरण को प्रतिबंधित करने का फैसला किया है। परिषद ने एक बयान में कहा, यह फैसला ईयू की अर्थव्यवस्था को होने वाले नुकसान को सीमित करने के लिए तत्काल आधार पर लिया गया।

बयान में कहा गया है कि यह उपाय रूस के केंद्रीय बैंक की परिसंपत्तियों या भंडार के किसी भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हस्तांतरण के साथ-साथ 'रूस के केंद्रीय बैंक की ओर से या उसके निर्देश पर कार्य करने वाले किसी भी कानूनी व्यक्ति, संस्था या निकाय' से जुड़े लेनदेन पर प्रतिबंध लगाता है। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि यूरोपीय संघ के नेता अक्टूबर की यूरोपीय परिषद की बैठक में रूसी परिसंपत्तियों को स्थिर रखने के लिए प्रतिबद्ध थे।

### ड्रोन हमले में रूस में दो लोगों की मौत

**मॉस्को।** रूस के दक्षिण-पश्चिमी सारातोव क्षेत्र में ड्रोन हमले में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि यूक्रेन में बिजली प्रतिष्ठानों को निशाना बनाए जाने से कई इलाके अंधेरे में डूब गए। अधिकारियों ने शनिवार को बतायाा कि ये हमले ऐसे समय में हुए, जब रूस और यूक्रेन युद्ध समाप्त कराने के लिए अमेरिका के नेतृत्व में शांति वार्ता जारी है। सारातोव क्षेत्र के गवर्नर रोमन बुसार्गिन ने बताया कि ड्रोन हमले में एक इमारत क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि एक किंडरगार्टन और क्लीनिक की कई खिड़कियां टूट गईं। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने यूक्रेन के 41 ड्रोन मार गिराए।

# एच1बी वीजा : अधिक शुल्क पर 19 राज्यों ने किया केस

**न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन, एजेंसी**




- चेतावनी दी कि इस कदम से बढ़ जाएगी श्रमिकों की कमी

अमेरिका के 19 राज्यों ने नए एच-1बी वीजा आवेदनों पर 1 लाख अमेरिकी डॉलर शुल्क लगाने के देश के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के फैसले को गैरकानूनी बताते हुए मुकदमा दायर किया है। राज्यों ने चेतावनी दी है कि इस कदम से स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और प्रौद्योगिकी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में श्रमिकों की कमी और बढ़ जाएगी।

न्यूयॉर्क की अटॉर्नी जनरल लेटिशिया जेम्स ने 18 अन्य अटॉर्नी जनरल के साथ मिलकर शुक्रवार को मैसाचुसेट्स जिले के अमेरिकी जिला न्यायालय में यह मुकदमा दायर किया। उन्होंने कानूनी अधिकार या उचित प्रक्रिया के बिना एच-1बी शुल्क में भारी बढ़ोतरी किए जाने को चुनौती दी है। एच-1बी वीजा कार्यक्रम के तहत उच्च कौशल वाले विदेशी पेशेवरों को अमेरिका में काम करने की अस्थायी रूप से अनुमति मिलती है और भारतीय नागरिक इसका व्यापक रूप से उपयोग करते हैं। मुकदमे में दलील दी गई है कि नए शुल्क से उन सरकारी और गैर-लाभकारी नियोक्ताओं के लिए व्यावहारिक रूप से मुश्किलें खड़ी हो जाएंगी जो स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में आवश्यक सेवाएं प्रदान करने के लिए एच-1बी वीजा धारकों पर निर्भर हैं। मुकदमे में कहा गया है एच-1बी वीजा से प्रतिभाशाली चिकित्सकों, नर्स, शिक्षकों और अन्य कामगारों को हमारे देश के जरूरतमंद समुदायों की सेवा करने का अवसर मिलता है।

### फैसले से प्रभावित होगी राज्यों की अर्थव्यवस्था

जेम्स ने एक बयान में कहा कि इस कार्यक्रम को बर्बाद करने की प्रशासन की अवैध कोशिश से न्यूयॉर्कवासियों के लिए स्वास्थ्य सेवाएं हासिल करना दूभर हो जाएगा, हमारे बच्चों की शिक्षा बाधित होगी और हमारी अर्थव्यवस्था को नुकसान होगा। मैं प्रवासी समुदायों को निशाना बनाने वाली इस अव्यवस्था और क्रूरता को रोकने के लिए लड़ाई जारी रखूंगी। सितंबर में ट्रंप ने घोषणा की थी कि उनका प्रशासन सभी नए एच-1बी आवेदनों पर एकमुश्त 1 लाख अमेरिकी डॉलर का शुल्क लगाएगा।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 दिसंबर, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- पौष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, दशमी 18 .49 तक तत्पश्चात एकादशी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- हेमंत।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-हस्त 20 .18 तक तत्पश्चात चित्रा।

**मेष** — आज दिन की शुरुआत कुछ तनावपूर्ण हो सकती है। अधूरे पड़े कार्यों को निपटाने में अधिक समय व्यतीत होगा। आपको कुछ विश्वासपात्र लोग धोखा देने की कोशिश कर सकते हैं। ससुराल पक्ष से शुभ समाचार मिलेंगे।

**वृष** — आज का दिन कुछ तनावयुक्त हो सकता है। आपके चरित्र का नकारात्मक पहलू उभर के सामने आ सकता है। प्रेमी जन से बहस तो बिल्कुल भी न करें। समय शांतिपूर्वक बिताएं। प्रियजन मौके पर आपका साथ नहीं देंगे।

**मिथुन** — आज व्यर्थ के कार्यों में समय बर्बाद न करें। अहंकार और अड़ियल रवैये के कारण शुभचिंतक आपसे दूरी बना सकते हैं। आप अतिशीघ्रता में कोई बड़ा निर्णय न लें। कार्यक्षेत्र की परिस्थितियां अनुकूल हैं। दोस्तों के साथ मनोरंजन का आनंद लेंगे।

**कर्क** — आज का दिन अत्यंत सकारात्मक रहेगा। आयात-निर्यात से जुड़े व्यवसायियों को बड़ी डील मिल सकती है। अपनी क्षमताओं का बेहतरीन उपयोग कर पाएंगे। विद्यार्थियों को पढ़ाई में बड़ी सफलता मिल सकती है।

**सिंह** — आज जीवनसाथी आपकी भावनाओं को पर्याप्त महत्व नहीं दे पा रहे हैं। महिलाएं घरेलू सामान की खरीदारी में धन खर्च होगा। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों से बहस हो सकती है। रियल एस्टेट से जुड़े कारोबार में संभलकर निवेश करें।

**कन्या** — आज अपनी जीवनशैली को व्यवस्थित रखें। गूढ़ अनुसंधान में आप रुचि ले सकते हैं। जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर होंगे। व्यवसाय में लाभ की संभावनाएं बनेंगी। साझेदारी में नया काम शुरू कर सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**तुला** — आज छोटी सी बात विवाद का रूप ले सकती है। मन में अपनी उपलब्धियों को लेकर असंतोष रहेगा। शाम के समय आप किसी देवालय में जा सकते हैं। आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण रखना पड़ेगा। विद्युतीय उपकरणों में कुछ खराबी आ सकती है।

**वृश्चिक** — आज अपने कार्यक्षेत्र में कुछ परिवर्तन लाने का प्रयास करेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़ा तनाव हो सकता है। आप अत्यधिक व्यस्त रहने के बावजूद अपनों को समय देंगे। मित्रों के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। आंखों की सेहत का ध्यान रखें।

**धनु** — आज आपकी दिनचर्या व्यवस्थित रहने वाली है। दांपत्य संबंधों में मधुरता रहेगी। उच्च अकादमिक जगत से जुड़े लोगों को बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों पर अधिक निर्भर न रहें। बच्चों के व्यवहार पर नजर बनाए रखें।

**मकर** — आज राजनीति से जुड़े लोगों को अपने वर्चस्व की चिंता रहेगी। आपकी भावनाओं का लोग गलत लाभ उठाने का प्रयास करेंगे। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। अध्यात्मिक प्रवृत्ति के लोगों से संपर्क हो सकता है।

**कुंभ** — आज अनावश्यक कार्यों में समय बर्बाद न करें। युवाओं की संगत बिगड़ सकती है। कला और साहित्य से जुड़े लोगों को कुछ परेशानियां होंगी। त्वरित प्रतिक्रिया देने के कारण व्यापार में नुकसान हो सकता है। उधार धन के लेन-देन से बचें।

**मीन** — आज व्यवसाय में अपने सहयोगियों के साथ महत्वपूर्ण चर्चा कर सकते हैं। दैनिक कार्यों में कुछ रुकावटें आएंगी। धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। स्वास्थ्य कुछ नरम हो सकता है। करियर को लेकर अत्यंत सजग रहेंगे। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा।

## सुडोकू-1

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 2 | 3 | | |
| 9 | | 7 | | | 1 | | | 8 |
| | 8 | | | | | 9 | 4 | |
| 5 | | 1 | | 7 | | | 3 | |
| | 4 | | 3 | | 6 | | 8 | |
| | 2 | | | 4 | | 7 | | 6 |
| | 9 | 6 | | | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | | 2 | | 5 |
| | | 2 | 8 | | | | | 3 |

### सुडोकू - 189 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 7 | 1 | 5 | 2 | 4 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 2 | 4 | 8 | 3 | 9 | 5 | 7 | 1 |
| 5 | 3 | 8 | 6 | 1 | 7 | 2 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 7 | 9 | 6 | 3 | 2 | 4 |
| 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 2 | 1 | 5 | 7 |
| 2 | 4 | 7 | 1 | 5 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 3 | 2 | 4 | 8 | 7 | 6 | 5 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 7 | 5 | 9 | 1 | 2 |
| 7 | 5 | 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 8 | 3 |



जब मैंने यह सुना, मिश्रित मार्शल आर्टिस्ट को एशियन गेम्स 2026 में शामिल किया गया है इसे लेकर मैं बहुत खुश और उत्साहित थी क्योंकि मुझे पता है कि एमएम को अब भारत में पहचान मिलनी शुरू हो जाएगी।

-पूजा तोमर

## हाईलाइट



थाईलैंड की एल तरारुडी ने बैंकॉक में साउथईस्ट एशियन गेम्स के महिला टेनिस टीम फाइनल में इंडोनेशिया की जेनिस त्जेन के खिलाफ जबर्दस्त खेल दिखाया। एजेंसी

### मार्शल आर्ट के एशियाड में शामिल होने पर खुशी जताई

**नई दिल्ली :** अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप (यूएफसी) में एक मुकाबला जीतने वाली प्रथम भारतीय मिश्रित मार्शल आर्टिस्ट (एमएमए) पूजा तोमर ने 2026 के ऐची–नागोया एशियन गेम्स में इस खेल को शामिल किए जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इससे इस खेल को सरकारी समर्थन और पहचान मिलेगी। पूजा तोमर ने कहा मैं गारंटी दे सकती हूं कि अगर हमें सही समर्थन मिलना शुरू हो गया तो एमएमए भारतीय स्पोर्ट्स सेक्टर का एक बड़ा हिस्सा होगा और हम अगले 10 सालों में दुनिया भर के शीर्ष पांच देशों में शामिल होंगे।" अगली यूएफसी फाइट और प्रतिद्वंद्वी की घोषणा को लेकर पूजा ने अपनी तैयारियों के बारे में बताया, "मेरी अगली फाइट और प्रतिद्वंद्वी की घोषणा जल्द ही होने की उम्मीद है। मेरा अगला प्रतिद्वंद्वी शायद किसी पूर्वी एशियाई देश से होगी।

### गिरोना ने सोसिएदाद को 2-1 से हराया

**मैड्रिड :** यूक्रेन के स्ट्राइकर विक्टर त्सिगानकोव के आखिरी 15 मिनट में दो गोल की मदद से गिरोना ने स्पेन की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग में रीयाल सोसिएदाद पर 2–1 से जीत हासिल की। यह 'ला लीगा' के मौजूदा सत्र में प्रतिद्वंद्वी टीम के मैदान पर गिरोना की पहली जीत है। गोंकालो गुएडेस ने हाफ टाइम से 10 मिनट पहले एक शानदार स्ट्राइक के साथ सोसिएदाद के लिए गोल किया, लेकिन त्सिगानकोव ने आठ मिनट के अंदर (76वें और 84वें मिनट) दो गोल के साथ गिरोना को रेलीगेशन जोन (20 टीमों की तालिका में आखिरी दो स्थान) से बाहर निकाल दिया। इस जीत से गिरोना की टीम तालिका में 17वें स्थान पर पहुंच गयी। सोसिएदाद 14वें पायदान पर है।

### मिडफील्डर ऑस्कर ने लिया संन्यास

**रियो डी जनेरियो :** साओ पाउलो के मिडफील्डर ऑस्कर ने हृदय संबंधी बीमारी का पता चलने के बाद पेशेवर फुटबॉल से संन्यास ले लिया है। ब्राजील के ग्लोबो एस्पोर्टे की रिपोर्ट के अनुसार, 34 वर्षीय ऑस्कर ने अपने करीबी लोगों को अपने फैसले के बारे में बताया और पिछले महीने हुई एक घटना के बाद आगे की जटिलताओं का जोखिम न उठाने का फैसला किया, जिसके कारण उन्हें गहन चिकित्सा इकाई में रहना पड़ा था। ऑस्कर पिछले दिसंबर में चेल्सी और शंघाई पोर्ट के साथ सफल कार्यकाल के बाद तीन साल के अनुबंध पर अपने बचपन के क्लब साओ पाउलो में लौटे थे। जुलाई में चोटों के कारण वह इस साल केवल 21 मैच खेल पाए, जिसमें उन्होंने दो गोल किए। पूर्व ब्राज़ील इंटरनेशनल खिलाड़ी आने वाले दिनों में साओ पाउलो के अधिकारियों से मिलने की उम्मीद है ताकि 2027 तक चलने वाले अनुबंध को खत्म किया जा सके।

### हुड्डा, ईशारानी और जॉर्ज फाइनल में

**कटक :** शीर्ष वरीयता प्राप्त उन्नति हुड्डा और हमवतन ईशारानी बरुआ शनिवार को यहां ओडिशा मास्टर्स सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट में सेमीफाइनल जीतकर महिला एकल फाइनल में एक दूसरे से भिड़ेंगी जबकि दूसरे वरीय किरण जॉर्ज पुरुष एकल खिताब के लिए इंडोनेशिया के मोहम्मद यूसुफ के सामने होंगे। 18 वर्षीय हुड्डा टूर्नामेंट के 2022 चरण और 2023 अबुधाबी मास्टर्स की विजेता रह चुकी हैं। उन्हें पूर्व जूनियर नंबर एक खिलाड़ी तसनीम मीर ने कड़ी चुनौती दी। लेकिन हुड्डा एक घंटे तक चले मुकाबले में 18–21, 21–16, 21–16 से जीत दर्ज करने में कामयाब रहीं। दूसरे सेमीफाइनल में असम की ईशारानी ने शानदार वापसी करते हुए तन्वी हेमंत को 18–21, 21–7, 21–7 से हराया। जॉर्ज ने सेमीफाइनल में रौनक चौहान को 21–19, 8–21, 21–18 से हराकर पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में जगह बनाई।

# शुभमन की बल्लेबाजी पर रहेंगी नजरें

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरा टी-20 आज: सीरीज में बढ़त लेने के इरादे से उतरेगा भारत

**धर्मशाला, एजेंसी**

**समय**
**शाम 7: 00 बजे से**

भारतीय टीम पांच मैचों की सीरीज के तीसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो सब की निगाहें शुभमन गिल की बल्लेबाजी पर होगी जो इस प्रारूप में खुद को साबित कर चुके संजू सैमसन की जगह लेने के बाद अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने में नाकाम रहे है। गिल को सीरीज के बाकी बचे तीनों मैचों में एकादश में जगह मिलना लगभग तय है लेकिन उनके लिए चीजें आसान नहीं है। टी20 विश्व कप अब सिर्फ छह सप्ताह दूर है और यह सलामी बल्लेबाज इन मैचों में अगर लय हासिल करने में विफल रहा तो टीम दूसरी योजना पर काम करने का मन बना सकती है।

धर्मशाला में तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहने का पूर्वानुमान है और बर्फ से ढकी धौलाधार पर्वतमाला की पृष्ठभूमि में खेले जाने वाले मुकाबले से पहले भारतीय ड्रेसिंग रूम के भीतर माहौल गर्म होगा। कप्तान सूर्यकुमार यादव की लंबे समय से चली आ रही खराब लय पर सवाल उठ रहे हैं, जबकि उपकप्तान गिल अब तक भरोसा जगाने में नाकाम रहे हैं। संजू सैमसन जैसे स्थापित सलामी बल्लेबाज की कीमत पर टीम में शामिल किए गए गिल प्रभाव छोड़ने में संघर्ष करते नजर आए हैं। एनरिच नॉर्किया, मार्को यानसन, लुंगी एनगिडी, ओटनील बार्टमैन और लुथो सिपामला जैसे गेंदबाजों से सजी दक्षिण अफ्रीकी टीम की तेज गेंदबाजी आक्रमण पहले ही दिखा चुकी है कि भारतीय परिस्थितियों का कैसे फायदा उठाया जाए। धर्मशाला में परिस्थितियां तेज गेंदबाजों के अनुकूल होगी। दुनिया भर की मौजूदा टी20 टीमों को देखे तो दक्षिण अफ्रीका इस बार उपमहाद्वीप में खिताब जीतने के लिए काफी मजबूत और संतुलित नजर आ रहा है। क्विंटन डिकॉक की वापसी और उनके साथ कप्तान एडन मारक्रम, डेवाल्ड ब्रेविस, डोनोवन फरेरा, डेविड मिलर और हरफनमौला यानसन की मौजूदगी ने उनकी बल्लेबाजी को बेहद खतरनाक बना दिया है।

विश्व कप से पहले अब भारत के पास सिर्फ आठ मैच बचे हैं। ऐसे में मुख्य कोच गौतम गंभीर के सामने कठिन चुनौतियां हैं। खराब फॉर्म से जूझ रहे शीर्ष क्रम के दो बल्लेबाजों को एक साथ खिलाना शायद टीम के लिए जोखिम भरा साबित हो सकता है। कप्तान होने के नाते सूर्यकुमार यादव को एक साल से खराब फॉर्म के बावजूद विश्व कप तक कुछ हद तक सुरक्षा मिलने की संभावना है। लेकिन यह छूट गिल को मिलना मुश्किल है क्योंकि वह एशिया कप से पहले तक पारी का आगाज करने के लिए मूल विकल्प नहीं थे। छोटे प्रारूप की टीम में उनकी वापसी अब ऐसे फैसले की तरह दिख रही है, जिसमें बिना जरूरत एक संतुलित संयोजन से छेड़छाड़ की गई।



### ज्यादातर खिलाड़ी किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी को तैयार : तिलक वर्मा

**धर्मशाला :** भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा ने बल्लेबाजी क्रम में लचीलेपन पर जोर देने वाले टीम प्रबंधन से सहमति जताते हुए शनिवार को कहा कि अधिकांश खिलाड़ी मैच हालात को देखते हुए किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी के लिये तैयार हैं। अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के मद्देनजर भारत मध्यक्रम में प्रयोग कर रहा है। तिलक ने कहा कि इस प्रारूप में हालात के अनुकूल ढलना सबसे अहम है। उन्होंने मैच की पूर्व संध्या पर प्रेस कांफ्रेंस में कहा सलामी बल्लेबाजों को छोड़कर सभी किसी भी क्रम पर खेल सकते हैं। मैं तीसरे से छठे नंबर तक कहीं भी खेल सकता हूं, जहां टीम को मेरी जरूरत हो। उन्होंने कहा हर टीम को लगता है कि कोई फैसला रणनीति की दृष्टि से जरूरी है तो सभी उसके साथ होते हैं। तिलक ने कहा कि ऐसे फैसले हालात को देखकर लिये जाते हैं। उन्होंने कहा एक मैच खराब हो सकता है। अक्षर पटेल ने यहां अच्छा प्रदर्शन किया। यह हालात पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि ठंडे मौसम के बावजूद धर्मशाला की पिच बल्लेबाजों की मददगार हो सकती है। उन्होंने कहा मैं यहां पहले भारत के लिये अंडर 19 श्रृंखला खेल चुका हूं। हम विकेट को देख रहे हैं और लगता है कि काफी रन बनेंगे। शाम सात बजे शुरू होने वाले मैच में ओस की भूमिका के लिये टीम मानसिक तौर पर तैयार है। तिलक ने कहा टॉस हमारे हाथ में नहीं है। हम ओस की चुनौती का सामना करने के लिये तैयार हैं और हल्की गीली गेंद से अभ्यास किया है। यहां मौसम काफी ठंडा है लेकिन हम शारीरिक और मानसिक तौर पर तैयार हैं। मानसिक रूप से मजबूत लोग हर जगह जीतते हैं।



### टीम

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर, हर्षित राणा, संजू सैमसन।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मारक्रम (कप्तान), क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, डोनोवन फरेरा, मार्को यानसन, केशव महाराज, लूथो सिपामला, एनरिक नोर्किया, लुंगी एनगिडी, जॉर्ज लिंडे, क्वेना मफाका, रीजा हेंड्रिक्स, कॉर्बिन बॉश, ओटनील बार्टमैन।



अभ्यास सत्र के दौरान कप्तान सूर्यकुमार यादव। एजेंसी

# बल्लेबाजों की रणनीति कमजोर दिखी: उथप्पा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- बोले-बड़े लक्ष्य का पीछा करते समय मजबूत बल्लेबाजी क्रम का सही से इस्तेमाल नहीं हो रहा

पूर्व भारतीय बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने बड़े लक्ष्य का पीछा करते समय भारत की बल्लेबाजी रणनीति में भूमिका को लेकर स्पष्टता की कमी की ओर इशारा करते हुए कहा कि पारी की शुरुआत में अत्यधिक लचीलेपन के कारण रन बनाना मुश्किल हो जाता है। भारतीय टीम बृहस्पतिवार को मुल्लनपुर में खेले गए दूसरे टी20 मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 214 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 19.1 ओवर में 162 रन पर आउट हो गयी। इस 51 रन की हार के साथ पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर हो गई।

उथप्पा ने कहा कि समस्या शुरुआती विकेट गिरने की नहीं थी, बल्कि शुभमन गिल के आउट होने के बाद अपनाई गई रणनीति की थी। भारत के पास मजबूत बल्लेबाजी क्रम है लेकिन टीम ने उसका इस्तेमाल अच्छे से नहीं किया। उन्हों 'जियो हॉटस्टार' पर



कहा शुभमन गिल आउट हुए तो अक्षर पटेल बल्लेबाजी करने आए। उस समय उन्हें एक ऐसे बल्लेबाज की भूमिका निभानी थी जो जोखिम उठाकर बल्लेबाजी करें और तेजी से रन बनाकर अभिषेक शर्मा पर से दबाव कम कर सके। उथप्पा का मानना था कि अक्षर की धीमी गति से खेली गई 21 रनों की पारी दबाव कम करने में विफल रही, जिससे उनके आसपास विकेट गिरने लगे और रणनीति में बदलाव करना पड़ा। इससे लक्ष्य का पीछा करना और धीमा हो गया।

# पेस और भूपति कोर्ट पर एक साथ दिखे

**अहमदाबाद, एजेंसी**

क्लियर प्रीमियम वॉटर द्वारा प्रायोजित टेनिस प्रीमियर लीग के चौथे दिन भारतीय टेनिस दिग्गज लिएंडर पेस जीएस दिल्ली एसेस के ब्रांड एंबेसडर के रूप में और एसजी पाइपर्स बेंगलुरु के मुख्य कार्यकारी महेश भूपति अपनी टीम के समर्थन में लीग के चारकोल ग्रे कोर्ट पर एक साथ दिखे।

इस जोड़ी ने एक साथ तीन ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं और एक जोड़ी के तौर पर वर्ल्ड नंबर 1 बने हैं और वे लंबे समय से लीग को सपोर्ट कर रहे हैं। इस दौरान अपनी खुशी इजहार करते हुए पेस ने कहा अहमदाबाद में होना बहुत अच्छा लग रहा है। सबसे पहले तो मौसम शानदार है और यहां टेनिस प्रीमियर लीग की भव्यता देखना पूरे देश में टेनिस का विस्तार करने और उसे लोकप्रिय बनाने के सपने का हिस्सा है। उन्होंने कहा मैं सानिया, रोहन, महेश और उन



सभी सितारों का बहुत आभारी हूं जो लीग को सपोर्ट करते हैं। जब आप खिलाड़ियों को देखते हैं, तो हमने जूनियर्स, प्रोफेशनल्स, लड़के और लड़कियों को एक साथ लाने में कामयाबी हासिल की है और इसमें एक अंतरराष्ट्रीय फ्लेवर भी जोड़ा है। टेनिस जगत के पूरे समुदाय का यहा एक साथ आना खास है। दिन के तीसरे मैच में एसजी पाइपर्स बेंगलुरु ने जीएस दिल्ली एसेस को 49-51 से हराया। जीएस दिल्ली एसेस 211 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है। सीजन और अपनी टीम के प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा सीजन बहुत अच्छा चल रहा है। मैं अपनी टीम के प्रति थोड़ा पक्षपाती हूं। दिल्ली एसेस अभी शीर्ष पर है लेकिन अभी बहुत सारा टेनिस बाकी है।

# भारत ने एशियाई युवा पैरा गेम्स में जीते 18 पदक

**दुबई :** भारतीय पैरा एथलीटक दल ने एशियाई युवा पैरा गेम्स दुबई 2025 अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में 18 पदक जीतकर शनिवार को अपने अभियान का समापन किया। दुबई में 10 से 13 दिसंबर तक चले इस टूर्नामेंट के पांचवें संस्करण में भारत ने आठ स्वर्ण, चार रजत और छह कांस्य पदक जीते।

2025 एशियाई युवा पैरा गेम्स में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, तैराकी, ताइक्वांडो, बोकिया, गोलबॉल, टेबल टेनिस, पावरलिफ्टिंग, व्हीलचेयर बास्केटबॉल और आर्मरेसलिंग सहित 11 खेल शामिल थे। इनमें से आठ खेलों में भारतीय एथलीटों ने भाग लिया। जतिन आजाद और शिवम यादव एमडी- एसयू 5, जतिन आजाद एमएस एसयू- 5, शिवम यादव और तुलिका जाधव एक्सडी - एसयू5 और एसएल 3, हर्षित चौधरी और कार्तिक सुहाग एमस - एसएल 4 - एसएल 3, शांतिया विश्वनाथन डब्लयूएस -एसयू-5 में स्वर्ण पदक जीते।

## खुशी का इजहार




वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर के रेनोवेशन की चौथी सालगिरह के मौके पर एक जुलूस में आईसीसी महिला वनडे विश्व कप जीतने वाली टीम की तरह पोशाक पहने युवतियों ने हिस्सा लिया। ● एजेंसी

# बांग्लादेश ने अफगानिस्तान को तीन विकेट से हराया

**दुबई :** सलामी बल्लेबाज जवाद अबरार (96) और रिफत बेग (62) की शतकीय साझेदारी की बदौलत बांग्लादेश ने शनिवार को अंडर-19 एशिया कप ग्रुप बी मुकाबले में अफगानिस्तान को तीन विकेट से हरा दिया।

284 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश के लिए सलामी बल्लेबाज जवाद अबरार और रिफत बेग ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए पहले विकेट के लिए 151 रन जोड़े। पहले विकेट के रूप में रिफत बेग 68 गेंदों में 62 रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद शतक की ओर बढ़ रहे जवाद अबरार को 112 गेंदों में नौ चौके और छह छक्के उड़ाते हुए 96 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

दोनों सलामी बल्लेबाजों को रूहल्लाह अरब ने आउट किया। कप्तान अजीजुल हकीम (44) रन बनाकर आउट हुए। 49वें ओवर की पांचवीं गेंद पर शहरयार अहमद ने विजयी रन बनाया।

**यादगार पल** — कोलकाता के प्रवेश द्वार पर स्थापित प्रतिमा में वे पकड़े हुए हैं 2022 फीफा विश्व कप

# मेसी ने अपनी 70 फीट ऊंची प्रतिमा का किया अनावरण

**कोलकाता, एजेंसी**

2022 फीफा विश्व कप विजेता अर्जेंटीना की टीम का हिस्सा रहे लियोनेल मेसी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के प्रवेश द्वार पर दुनिया की सबसे ऊंची 70 फीट की लोहे की अपनी फुटबॉलर प्रतिमा का अनावरण किया। अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक निजी जेट से सुबह-सुबह पहुंचने के कुछ घंटों बाद उन्होंने हयात होटल से रिमोट कंट्रोल के जरिए वीआईपी रोड पर स्थित अपनी प्रतिमा का वर्चुअली अनावरण किया।

इस दौरान कई इंटर मियामी खिलाड़ी और हिंदी फिल्म सुपरस्टार शाहरुख खान मौजूद थे। यह प्रतिमा, 2022 फीफा विश्व कप पकड़े हुए मेसी की एक तस्वीर की प्रतिकृति है, जिसे कारीगर मिंटू पाल ने 40 दिनों में पूरा किया था और इसे लेक टाउन के चौराहे पर बिग बेन क्लॉक टॉवर के पास स्थापित किया गया था। पश्चिम बंगाल के अग्निशमन विभाग के मंत्री सुजीत बोस ने दावा किया कि यह खड़ी प्रतिमा दुनिया में किसी भी फुटबॉलर की सबसे ऊंची प्रतिमा है।





कोलकाता में कार्यक्रम के दौरान लियोन मेसी। प्रतिमा के पास फोटो खिंचवाते प्रशंसक। एजेंसी

### दूसरे चरण के लिए हैदराबाद पहुंचे

**हैदराबाद :** अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर लियोनेल मेसी 'जीओएटी भारत दौरा 2025' की कोलकाता में खराब शुरुआत के बाद दूसरे चरण के लिए शनिवार की शाम को यहां पहुंच गए। निजामों के शहर में उनके कार्यक्रम की शुरुआत शाम सात बजकर 50 मिनट पर हुई। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मुलाकात की।

### लियोनेल ने रेवंत रेड्डी की टीम के साथ खेला प्रदर्शनी मैच

**हैदराबाद :** भारत दौरे पर आए दिग्गज फुटबाल खिलाड़ी लियोनेल मेसी ने शनिवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की टीम के साथ प्रदर्शनी मैच खेला1 आज यहां राजीव गांधी स्टेडियम में रेवंत रेड्डी–9 और मेसी ऑलस्टार्स के बीच प्रदर्शनी मैच खेला गया। इस दौरान वह करीब एक घंटे तक वहां रहे। लियोनेल मेसी ने शो के आखिरी में हैदराबाद के वहां मौजूद दर्शकों का धन्यवाद भी दिया। उन्होंने स्टेडियम में मौजूद दर्शको की ओर कुछ बॉल भी किक मारी और मैदान में काफी देर तक खिलाड़ियों के साथ फुटबॉल भी खेला। उन्होंने प्रदर्शनी मैच में हिस्सा लिए खिलाड़ियों को ट्रॉफी भी दी और उनके साथ फोटो भी खिचवाई। इससे पहले म्यूजिकल नाइट के बाद लेजर शो हुआ।

# फीफा विश्व कप टिकट के लिए 50 लाख आवेदन

**ज्यूरिख, एजेंसी**

अगले साल होने वाले फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए टिकट बिक्री के तीसरे चरण शुरू होने के 24 घंटे अंदर दुनिया भर से 50 लाख टिकटों के लिए आवेदन प्राप्त हुए है। फीफा ने शनिवार को बताया कि 200 से अधिक देशों और क्षेत्रों के फुटबॉल प्रशंसकों ने फीफाडॉटकॉम/टिकटस के माध्यम से 50 लाख टिकटों की मांग के आवेदन प्राप्त हुए है।



कनाडा, अमेरिका और मैक्सिको में 11 जून से 19 जुलाई तक होने वाले इस 48-टीमों के इस टूर्नामेंट को देखने के प्रति प्रशंसकों के उत्साह को दिखाता है। शुरुआती आंकड़े ग्रुप-स्टेज के शानदार मुकाबलों के लिए जबरदस्त दिलचस्पी दिखाते हैं, जिसमें कोलंबिया बनाम पुर्तगाल (मियामी, 27 जून) अब तक रैंडम सिलेक्शन ड्रॉ अवधि के दौरान सबसे अधिक डिमांड वाला मैच बनकर उभरा है।

ब्राजील बनाम मोरक्को (न्यूयॉर्क न्यू जर्सी, 13 जून), मैक्सिको बनाम कोरिया गणराज्य (ग्वाडलजारा, 18 जून), इक्वाडोर बनाम जर्मनी (न्यूयॉर्क न्यू जर्सी, 25 जून), और स्कॉटलैंड बनाम ब्राजील (मियामी, 24 जून) टॉप पांच मैचों में शामिल हैं। टिकट आवेदन के लिए 24 घंटे बाद तीनों मेजबान देश सबसे आगे रहे। इसके आलवा अगले शीर्ष दस देशों में कोलंबिया, इंग्लैंड, इक्वाडोर, ब्राजील, अर्जेंटीना, स्कॉटलैंड, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस और पनामा हैं।